आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

प्रदेश को आज मिलेंगी तीन नई अमृत भारत ट्रेनें, बिहार और...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 18 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 273 www.janexpresslive.com/epaper



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर... 12

# छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर ईडी की रेड

## गुरुवार सुबह 5 बजे बलरामपुर और मुंबई पहुंचीं टीमें, 100 करोड़ की फंडिंग का मामला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/बलरामपुर

यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी की रेड हुई है। गुरुवार सुबह 5 बजे से बलरामपुर के 12 ठिकानों और मुंबई के 2 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, 100 करोड़ की फंडिंग के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, यूपी एटीएस को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, संदिग्ध बैंक ट्रांजैक्शन और विदेशी फंडिंग के कई सुराग हाथ लगे थे। इस संबंध में एटीएस ने ईडी को दस्तावेज सौंपे थे। इसके बाद ईडी ने यह एक्शन लिया है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में पता चला है कि गिरोह के 30 में से 18 बैंक खातों में अब तक करीब 68 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन दर्ज हुआ है। महज तीन महीने में 7 करोड़ रुपए की विदेशी फंडिंग इन खातों में हुई। यह रकम हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के जरिए विभिन्न देशों से भेजी गई है।




छांगुर गिरोह की गतिविधियों से जुड़े आतंकी नेटवर्क के दस्तावेज भी हाथ लगे

- एक बड़ी इमारत को आतंकी ट्रेनिंग कैंप के तौर पर इस्तेमाल किए जाने के सबूत। यह इमारत कहां की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया।
- दरगाह में हर साल भव्य उर्स का मेला लगता था। इसमें देश-विदेश से लोग जुटते थे। इसका मकसद धर्मांतरण करवाना रहता था।
- विदेशी फंडिंग से बंगला, शोरूम, फॉर्च्यूनर जैसी लग्जरी गाड़ियां खरीदी गईं।

### छांगुर बाबा के सहयोगी दुर्गेश के घर पर भी छापेमारी

लखनऊ से ईडी टीमें 5 कारों में बलरामपुर पहुंची हैं। उतरौला के आसिपिया, हाशमी हुसैनी कलेक्शन, बाबा ताजुद्दीन कलेक्शन, मधुपुर गांव और रेहरा माफी गांव समेत 12 जगहों पर छापेमारी चल रही है। ईडी छांगुर बाबा के सहयोगी दुर्गेश के घर पर भी छापेमारी कर रही है। दरअसल, एटीएस की जांच में पता चला था कि दुर्गेश ने गलत तरीके से छांगुर को कई जमीनें बेची थीं। इन्हीं में से 3 बीघा जमीन पर छांगुर बाबा आलीशान बिल्डिंग बनवा रहा था, जिसमें डिग्री कॉलेज खोलने की योजना थी।



### नीतू और नवीन ने नाम बदले, पहचान नहीं

मूल रूप से चेन्नई की रहने वाली नीतू उर्फ नसरीन ने 2015 में नवीन (अब जमालुद्दीन) के साथ इस्लाम कबूल किया। लेकिन आज भी उनके दस्तावेजों में हिंदू नाम दर्ज हैं। पासपोर्ट, आधार, पैन और बैंक खातों में झूठे नामों का उपयोग हुआ है। भूमि खरीद और शपथ पत्रों में भी फर्जी पहचान का सहारा लिया गया।

### देश-विदेश में फैला बैंक खातों का जाल

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में नीतू के नाम पर 8 बैंक खाते मिले हैं- बैंक ऑफ इंडिया, पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (3 खाते), आईसीआईसीआई, आईसीआईसीआई, एसबीआई जबकि नवीन के पास 6 खाते मिले हैं। पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (2 खाते), आईसीआईसीआई, एचडीएफसी (2 खाते)। इन खातों से हवाला नेटवर्क के जरिए संदिग्ध ट्रांजैक्शन के सुराग मिले हैं। छांगुर बाबा के ट्रस्ट और कंपनियों के नाम पर भी 8 बैंक खाते मिले हैं। अस्वी इंटरप्राइजेज, अस्वी चैरिटेबल ट्रस्ट, बाबा ताज्जुद्दीन अस्वी बुटीक। इनमें करोड़ों रुपए की एंट्री दर्ज की गई है। इसके अलावा, यूएई, दुबई और शारजाह में स्थित विदेशी बैंक खातों का भी पता चला है। इनमें एक्सिस बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, एमिरेट्स एनबीडी, फेडरल बैंक, अल अंसारी एक्सचेंज के जरिए भारत में विदेशी फंड भेजा।

### नीतू-नवीन फर्जी पासपोर्ट से 19 बार यूएई यात्रा की

नीतू और नवीन के पास जो पासपोर्ट मिले हैं। उनकी वैधता समाप्त हो चुकी है। इससे पता चला है कि दोनों अब तक 19 बार यूएई की यात्रा कर चुके हैं। एक बार साथ गए, लेकिन लौटे अलग-अलग। छांगुर ने भी फर्जी पासपोर्ट से दुबई की यात्रा की थी, जहां वह धर्मांतरण नेटवर्क को संचालित करता था।

### मुंबई में छांगुर का करीबी निकला शहजादा, बांद्रा स्थित ठिकाने पर रेड

ईडी की कार्रवाई में छांगुर नेटवर्क का एक अहम नाम सामने आया है। शहजादा, जो छांगुर का बेहद करीबी बताया जा रहा है। ईडी टीम ने गुरुवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित शहजादा के ठिकाने पर छापेमारी की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शहजादा के खाते में दो करोड़ रुपए की संदिग्ध रकम ट्रांसफर की गई थी। यह रकम बलरामपुर निवासी नवीन के जरिए पहुंची थी। ईडी को शक है कि यह पूरा लेनदेन धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ी हवाला फंडिंग का हिस्सा है। इस पैसे का इस्तेमाल छांगुर गिरोह की गतिविधियों को संचालित करने और धर्मांतरण के काम को फैलाने में किया गया। अब ईडी मुंबई से लेकर बलरामपुर तक इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है, जिससे अवैध कारोबार, मनी लॉन्ड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की परतें खुल सकें।

### धर्मांतरण के लिए कोड वर्ड और 1500 मुस्लिम लड़कों की फौज

इधर, एटीएस से जुड़े हमारे सोर्स ने बताया कि छांगुर ने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की टीम तैयार की थी। 2023 से अब तक इस टीम में 1000 से 1500 लड़कों को इस काम के लिए पेमेंट दी गई। भारत में छांगुर का नेटवर्क यूपी के अलावा महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु तक फैला हुआ है। गैंग का सबसे ज्यादा फोकस नेपाल सीमा से सटे 7 जिलों पीलीभीत, लखीमपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज पर है। जांच में पता चला है कि छांगुर ने धर्मांतरण के लिए अपने कोड वर्ड भी बनाए थे। इसमें ब्रेनवॉश करने को काजल लगाना, धर्म परिवर्तन को मिट्टी बदलना, नई लड़की के लिए नया केस या प्रोजेक्ट, बाबा के सामने लड़कियों को लाने के लिए दीदार कराना कहा जाता था। इन कोडवर्ड के जरिए छांगुर अपने लोगों से बात करता था, ताकि किसी बाहरी को पता न चले कि अंदर क्या हो रहा है। इस गिरोह का शिकार बन चुकीं ज्यादातर महिलाओं की उम्र 30 साल से कम है।

### एटीएस एक युवक का ब्योरा जुटाने गोंडा पहुंची

वहीं धर्मांतरण के आरोपी छांगुर से जुड़े प्रकरण में एक युवक की तलाश में एटीएस गोण्डा पहुंच गई। यहां पता चला कि इस युवक की मौत हो चुकी है। उसके बारे में कई जानकारियां जुटाई। इन लोगों ने बताया कि गोण्डा में धर्मांतरण कराने के दौरान बजरंग दल के कुछ लोगों ने विवाद कर दिया था तब वह जेल गया था। धानेपुर इलाके के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले मोहर्रम अली उर्फ आजाद ने बताया कि वह कव्वाली और जागरण करते थे। उनके बड़े भाई रमजान अली ढोल बजाते थे। वर्ष 2023 में रमजान उतरौला के कुछ लोगों के साथ आजमगढ़ में एक कार्यक्रम में गये थे। वहां रात में प्रोग्राम के दौरान बजरंग दल के कुछ लोग पुलिस के साथ आ गए। इन लोगों ने आयोजन में धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनके भाई को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया। आठ महीने तक वह जेल में रहा। तीन जनवरी 2024 को जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद उसकी तबीयत खराब रहने लगी और चार मार्च, 2024 को मौत हो गई थी। छांगुर के मददगारों की तलाश के दौरान रमजान का नाम भी एटीएस के सामने आया।

# साईं हॉस्पिटल: जहां मरीज की ज़िंदगी इलाज से नहीं पैसे की बोली से होती है तय


- संचालक संदीप सिंह पर लूट, जालसाजी और जान से खिलवाड़ के संगीन आरोप
- नवजात की मौत और दलित पीड़ितों की चीखों पर भी नहीं जागा सिस्टम

जन एक्सप्रेस। हरदोई

कोथांवा का साईं हॉस्पिटल अब महज़ एक अस्पताल नहीं रहा यह एक ऐसा ठिकाना बन गया है, जहां मरीज की ज़िंदगी इलाज से नहीं, पैसे की बोली से तय होती है। और अगर आप गरीब या दलित हैं, तो यहां से ज़िंदा लौट आना भी किस्मत की बात है। एक तरफ सेमरा गांव निवासी एक महिला की डिलवरी नवजात की मौत की घटना ने लोगों को झकझोर दिया है, तो दूसरी ओर हरदोई के एक दलित युवक ने आरोपों की झड़ी लगा दी है जो सीधे अस्पताल के संचालक संदीप सिंह की गर्दन तक पहुंचते हैं।





नर्स राधा



साईं हास्पिटल संचालक संदीप सिंह

### 'खबर छापो तो दबाव आता है, न छापो तो ज़मीर मरता है'

जब जन एक्सप्रेस ने इस पूरे मामले को उजागर किया, तो संचालक संदीप सिंह खबर दबाने में जुट गए। न धमकी छोड़ी, न पैसे का खेल। लेकिन पत्रकारिता का ज़मीर जागा और अब जन एक्सप्रेस आपके साथ है। सिर्फ विकास ही नहीं, शैलेन्द्र नामक युवक ने भी संदीप सिंह पर चिकित्सकीय अमानवीयता और अवैध वसूली का आरोप लगाया है।

### शिकायतों का अंबार, लेकिन शासन-प्रशासन बेखबर

- विकास ने जनसुनवाई पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40015523020469 के तहत शिकायत दर्ज की।
- एक वर्ष बीत गया – न कोई जांच, न कोई कार्रवाई।
- नवजात की मौत पर भी एफआईआर नहीं क्या यह लापरवाही नहीं, अपराध नहीं?

### प्रशासन से जन एक्सप्रेस की सीधी मांग

संदीप सिंह पर हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी, जबरन वसूली, एससी/एसटी एक्ट जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज हो।

- साईं हॉस्पिटल के लाइसेंस की तत्काल जांच किया जाए।
- स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो।
- अगर सिस्टम बहरे हो चुके हैं, तो अख़बार ही आवाज़ हैं
- जब गरीब की गोद सूनी होती है और प्रशासन खामोश, तो पत्रकारिता को लड़ना पड़ता है।

### दलित विकास की आपबीती 'बेटा हुआ लेकिन उसका प्रमाण नहीं, पत्नी ज़िंदा है पर चल नहीं सकती'

- हरदोई के कासिमपुर के जमसारा गांव निवासी विकास कुमार ने जो आरोप लगाए हैं, वो किसी एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर तमाचा हैं।
- विकास की पत्नी 14 अक्टूबर 2022 को डिलीवरी के लिए साईं हॉस्पिटल कोथावां लाई गई।
- वहां से उसे सण्डीला ब्रांच में शिफ्ट कर ऑपरेशन किया गया।
- ऑपरेशन के बाद बिना सूचना लखनऊ रेफर किया गया।
- इलाज और जांच के नाम पर 10 लाख रुपये वसूले गए।
- जब प्रमाण मांगे, तो धमकियां दी गईं और सादे कागज़ पर जबरन दस्तखत कराए गए।
- आज पत्नी चल नहीं सकती, बच्चे का प्रमाणपत्र तक नहीं मिला।

# आज प्रयागराज-झांसी सहित कई जिलों में भारी बरसात का रेड अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश दक्षिणी हिस्से में बुधवार और बृहस्पतिवार के दौरान आफत वाली मानसूनी बारिश हुई। कई इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश और जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बृहस्पतिवार को मिर्जापुर के चुनार में सर्वाधिक 240 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं प्रयागराज में 209 मिमी, जौनपुर में 142 मिमी, सोनभद्र में 100 मिमी और वाराणसी में 92.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार और शुक्रवार के दौरान प्रदेश के प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, महोबा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। कानपुर , मथुरा, आगरा समेम 10 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं प्रदेश के 47 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। बारिश के दौरान मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की दर से झोंकेदार हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक दक्षिणी-पूर्वी यूपी के आसपास बने कम दबाव क्षेत्र की वजह से शुक्रवार को बुंदेलखंड, दक्षिणी और पश्चिमी यूपी में भारी बारिश के संकेत हैं। शनिवार को तात्कालिक तौर पर बारिश के मद्धिम पड़ने के आसार हैं।




### यहां है अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी

महोबा, झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर व आसपास के इलाकों में।

हाल-ए-सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश- 03

# फिल्म बंधु में बंधुत्व के किस्से
## कलाकार बाबू की कलाकारी सब पर भारी

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

राज्य मुख्यालय

उत्तर प्रदेश सूचना विभाग का फिल्म बंधु अब किसी मसाला मूवी से कम नहीं। पहली दो कड़ियों में आपने पढ़ा कि कैसे ज्ञान (जानकारी) और संजीव (जीवन देने वाला तंत्र) की आड़ में यह दफ्तर एक अखाड़े में तब्दील हो चुका है। आज की तीसरी कड़ी में पेश है वो रपटीला रास्ता जहाँ शिकायतें दर्ज तो होती हैं, पर उनका अंजाम? सीधे फाइलों की कब्रगाह में दफन!

### बड़े आरोप सीधे-सीधे

- महमूद आलम नाम का एजेंट खुलेआम सक्रिय
- सब्सिडी दिलाने के नाम पर प्रोड्यूसरों से अवैध वसूली
- स्क्रिप्ट अप्रूवल और फाइनेंस कमेटी की गोपनीय जानकारियाँ बाहर लीक,
- मुंबई जाकर यही एजेंट सब्सिडी की लिस्ट लेकर कमीशन सेट करता है।

### ताज़ा तड़का

महमूद आलम की ऑडियो क्लिप वायरल जिसमें वह फिल्म बंधु के अफसरों के नाम पर घूस माँगता साफ-साफ सुनाई देता है। लेकिन कार्रवाई? सन्नाटा!

FILM BANDHU UTTAR PRADESH

### कलाकार बाबू पर आरोप

- फिल्म में रोल दो, मैं तुम्हें सब्सिडी दिलाऊंगा।
- सीधी भाषा में चेयर प्रैक्टिस का घिनौना खेल!

### आरटीआई और झूठी शिकायतों का डरावना खेल

अगर कोई अधिकारी 'मनमुताबिक' खेल में शामिल न हो- तो उस पर आरटीआई दागी जाती है, झूठी शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं। न खेलोगे तो पछताओगे वाला माहौल तैयार!

### नतीजा-यूपी से मुंबई का मोहभंग

इस भेड़ियाधसान सिस्टम ने मुंबई के प्रोड्यूसरों का दिल तोड़ डाला। 95% हिंदी फिल्म निर्माता यूपी से तौबा कर चुके हैं। अब यहाँ सिर्फ भोजपुरिया फिल्मों के लिए ही 'सब्सिडी वाला जुगाड़ तंत्र' बचा है।

### 31 मई 2025

अविनाश श्रीवास्तव, विरामखंड, गोमतीनगर से पत्र

फिल्म बंधु पूरा सेक्शन भ्रष्टाचार, गोपनीयता की लीकेज और अधिकारों के दुरुपयोग का बड़ा अड्डा है।

### 19 जून 2025

एक और धमाका

**शाम 5 :35 बजे- पांचवाँ रिमाइंडर भी हवा में!**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को ऑनलाइन शिकायत जाती है। **शिकायतकर्ता-** लखनऊ के अधिवक्ता आदित्य शर्मा। पत्र में साफ लिखा है यह पाँचवाँ रिमाइंडर है। सोचिए! एक वकील पाँच बार याद दिला चुका लेकिन फिल्म बंधु के कक्ष में बैठे 'कलाकार बाबू' की सीमेंट-जैसी पकड़ देखिए न हिलने का नाम, न जवाब देने की तामझाम!




### आरोप क्या हैं?

सेवानिवृत्त होकर आउटसोर्सिंग पर बैठे एक चपरासी और दो सहायकों के नाम खुलकर दिए गए। वहीं कक्ष जहाँ सब्सिडी का खेल चलता है, वहाँ दिनभर 'रील' बन रही है- फ़ाइलें बिखरीं, पीछे स्टाफ काम में डूबा और सामने बाबू फिजाओं, हवाओं और गालों के भोजपुरिया गानों पर लिप्सिंग में मग्न!

### बड़ा सवाल

- क्या यही था 'फिल्म बंधु' का मकसद?
- क्या मुख्यमंत्री तक ये सच्चाई पहुँचेगी? या फाइलों के जंगल में दबती रहेंगी शिकायतें?

### बने रहिए हमारे साथ

क्योंकि फिल्म बंधु में बंधुत्व के किस्से अभी कई परतों में छुपे हैं

### आपकी आवाज़ है बहुत जरूरी

अगर आप कोई फ़िल्म निर्माता, निर्देशक या इस मामले से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और कुछ कहना चाहते हैं तो- अपना वीडियो या लिखित बयान हमारे नम्बर पर भेजिए- 8933805555

हम आपके पक्ष और सच्चाई को सामने लाने का वादा करते हैं।

क्रमश: जारी...

# विदेशों में रोजगार को भारतीय दूतावास से किया जाए संपर्क: धामी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने गुरुवार को सचिवालय में कौशल विकास विभाग की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के युवाओं को विदेशों में रोजगार सुनिश्चित कराने को भारतीय दूतावास से संपर्क किया जाए। उद्योगों की मांग और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कोर्स तैयार किए जाएं। सीएम धामी ने कहा कि युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने को विभागीय सचिव समन्वय के साथ काम करें। मुख्य सचिव को सचिवों के साथ बैठक कर इसके लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए। कहा कि हेल्थ केयर और हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में राज्य के युवाओं को विदेश में रोजगार से जोड़ने को काम किया जाए। युवाओं को विदेशी भाषाओं के कोर्स कराने को दून विश्वविद्यालय से नियमित समन्वय स्थापित किया जाए। जिलों में बनाए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सीएम ने कौशल विकास को इन्क्यूबेशन और ग्रोथ सेंटरों से जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि हर जिले में स्थानीय लोगों को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, मिस्त्री जैसे कार्यों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उद्योगों की मांग और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कोर्स तैयार किए जाएं। प्रशिक्षण केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनें, प्रयोगशालाएं (लैब्स) और स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की जाए। हर जिले की पारंपरिक पहचान को ध्यान में रखते हुए लोगों को कौशल विकास और प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, सी रविशंकर आदि मौजूद रहे। बाल श्रम मुक्ति को चलेगा अभियान सीएम धामी ने कहा कि राज्य के बड़े जिलों में बाल श्रम मुक्ति को विशेष अभियान चलाया जाएगा। बाल श्रम मुक्ति के लिए लक्षित पुनर्वास से संबंधित कार्रवाई को योजना बनाई जाए। स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को विशेष कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश के दूरदराज इलाकों में स्किल ऑन व्हील्स वैन की शुरूआत किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने के साथ ही सभी कुशल श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। कितने युवाओं का हुआ कौशल विकास, देनी होगी जानकारी सीएम धामी ने कहा कि हर वर्ष कितने युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ा गया, इसका ब्यौरा तैयार किया जाए।



### एक वर्ष का प्रशिक्षण उद्योगों में दिया जाएगा

आईटीआई में उद्योगों में जाकर मिलेगी ट्रेनिंग बैठक में सचिव कौशल विकास ने बताया कि प्रदेश के 27 आईटीआई में प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों को दो वर्षीय कोर्स के अंतर्गत एक वर्ष का प्रशिक्षण आईटीआई और एक वर्ष का प्रशिक्षण उद्योगों में दिया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार से सहमति प्राप्त हो गई है। पांच अन्य आईटीआई के लिए जल्द ही सहमति प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया गतिमान है।



# सवा करोड़ की सड़क निकली सवा रुपए की भी नहीं!

- डेढ़ साल में उखड़ गई विधायक निधि से बनी सड़क, जगह-जगह गड्ढे, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा
- चित्रकूट,पहाडी- घोटाले की मिट्टी में बिछी सड़क, भ्रष्टाचार की पक्की गवाही!

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गांव अरछा बरेठी में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई लोखरिया पुरवा रोड महज डेढ़ साल में दम तोड़ चुकी है। 1.050 किलोमीटर लंबी यह सड़क 80 लाख 86 हजार रुपये की लागत से बनी थी, लेकिन आज उसकी हालत किसी खंडहर से कम नहीं है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, सड़क का उखड़ा डामर और बीच से फटी पटरी - यह सब घटिया निर्माण कार्य की साफ-साफ पोल खोल रहे हैं।

यह सड़क तत्कालीन राज्य मंत्री और सदर विधायक चंदिका प्रसाद उपाध्याय की सिफारिश पर बनी थी और इसका लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने 16 सितंबर 2023 को किया था। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि यह सड़क मात्र कुछ महीनों में ही अपनी असली औकात पर आ गई।

### ठेकेदार घनश्याम पर सवालों के घेरे में निर्माण कार्य

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। गांव के शिवप्रकाश पांडेय, राममूरत पांडेय, ओमप्रकाश, विनय, पिंटू, शिवमूरत, राजेंद्र सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए जांच और सड़क मरम्मत की मांग की है।

### ग्रामीण बोले - ये विकास नहीं, 'भ्रष्टाचार का बुलेटिन' है!

गांववालों का कहना है कि सड़क बनने के कुछ महीनों बाद ही उस पर चलना मुश्किल हो गया था, लेकिन अब तो हालात यह हैं कि वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। उनका कहना है कि अगर इस पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास में गुणवत्ता का रखें ख्याल: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी स्थित वाल्मीकि आश्रम लालापुर के पर्यटन विकास से सम्बन्धित समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने यूपीपीसीएल को वाल्मीकि आश्रम के परिक्रमा मार्ग के लिए डीपीआर बनाकर प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही पुलिस चैकी निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर भूमि चिन्हित होने की बात कही। तमसा नदी पर चेक डैम व आरती घाट के निर्माण के सम्बन्ध में डीएम ने सिंचाई विभाग को भी डीपीआर बनाकर प्रेषित करने व एनओसी देने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि आश्रम परिसर में हाई मास्क की लाइट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। जल निगम के अधिशासी अभियंता को वाल्मीकि आश्रम में बड़ी टंकी के लिए डीपीआर बनाकर प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाल्मीकि आश्रम के पास अस्पताल के लिए भी प्रपोजल बनाकर भेजें। मानिकपुर एसडीएम को बस स्टैंड की व्यवस्था के लिए भूमि चिन्हित करने को निर्देशित किया। पर्यटन अधिकारी को बोड़ी-पोखरी चैराहे के सौंदर्यीकरण के संबंध में प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने रोप-वे की प्रगति की जानकारी ली, जिस पर यूपीपीसीएल के अधिकारी ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने दायित्वों का निवर्हन करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूरा करे, इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रमोद मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अखिलेश कुमार, पीएम यूपीपीसीएल सुनील कुमार कनौजिया, बाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट में बाढ़ का कहर! रामघाट जलमग्न, व्यापारियों पर टूटा संकट

## सड़कें डूबीं, दुकानें जल में समाईं, यूपी-एमपी संपर्क मार्ग ठप

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी चित्रकूट में एक बार फिर प्रकृति का प्रकोप देखने को मिला है। भारी बारिश के चलते मंदाकिनी नदी उफान पर है और रामघाट इलाके में बाढ़ का पानी दुकानों में घुस गया है। निर्मोही अखाड़ा के समीप की दुकानें तक जलमग्न हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों में भारी दहशत का माहौल है। यह बाढ़ का मंजर न सिर्फ आमजन के लिए चुनौती बन गया है, बल्कि प्रशासन के इंतजामों पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

यूपी और एमपी को जोड़ने वाला रामघाट मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। पानी इतना भर गया है कि सतना की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग पूरी तरह डूब चुका है, जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। कई यात्री और श्रद्धालु रास्ते में फंसे हुए हैं और स्थानीय प्रशासन अभी तक राहत कार्य शुरू करने की स्थिति में नहीं दिख रहा। बाढ़ का पानी लगातार बढ़ रहा है और विकराल रूप लेता जा रहा है, जिससे रामघाट के आसपास के मोहल्लों और दुकानों में और पानी भरने की आशंका जताई जा रही है। सबसे बड़ी मार रामघाट के व्यापारियों पर पड़ी है, जिनकी दुकानों में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया है। उनका कहना है कि हर साल यही समस्या होती है, लेकिन प्रशासन समय रहते कोई स्थायी इंतजाम नहीं करता।

# बिजली विभाग के महाकैंप में अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की सुनी समस्याएं



**जन एक्सप्रेस । उरई**

उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान और बिजली बिल में सुधार की सुविधा के लिए बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता नंदलाल की अध्यक्षता में एसडीओ कार्यालय में बिजली महाकैंप का आयोजन किया गया।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता नंदलाल की अध्यक्षता में एसडीओ कार्यालय में आयोजित बिजली विभाग के महाकैंप के दौरान बिजली उपभोक्ताओं ने घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन में बिल त्रुटि, अधिक बिलिंग, मीटर की खराबी और रीडिंग में गड़बड़ी, ट्रांसफार्मर की क्षमता, लो-वोल्टेज की समस्या, बिजली पोल, नए कनेक्शन आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। इस दौरान कुल 35 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को कार्रवाई की प्रक्रिया में रखा गया है, जिनका शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। इसके अलावा महाकैंप में बिजली विभाग के बकायेदारों से लगभग चार लाख रुपये की वसूली भी की गई। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को समझाया गया कि वह समय पर बिल जमा करें ताकि किसी तरह की बाधा या दिक्कत उत्पन्न न हो। अधीक्षण अभियंता नंदलाल और अधिशासी अभियंता जितेंद्र नाथ ने उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि बिजली विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है और उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। महाकैंप में बिजली उपखंड अधिकारी ऋषभ राजपूत, जेई मुकुल वर्मा, कार्यालय सहायक गौरव पटेल आदि ने सहायोग किया।

# एसपी ने कोटरा थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एसपी ने गुरुवार को कोटरा थाने का औचक निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी डा. दुर्गेश कुमार ने कोटरा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने की ब्यवस्थआओं को गंभीरता के साथ परख और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजी आरएस, महिला हेल्प डेस्क आदि का भी निरीक्षण किया। बल्कि साथ ही थाने के अभिलेखों की प्रविष्टियों का बारीकी से निरीक्षण कर सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए और अपराधियों के खिलाफ कड़ाई से अभियान चलाकर कारवाई अमल में लायी जाए। एसपी ने कहा कि थाने आने वाले हर फरियादी से मित्रवत व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें, कार्यों में लापरवाही बरतने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### हिस्ट्रीशीटर समेत दो को पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट ब्यूरो-** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस अभियान के तहत थाना मऊ के उपनिरीक्षक अंकित सिंह व उनकी टीम आरक्षी शुभम त्रिपाठी व सोनपाल द्वारा क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर इष्ट देव पाण्डेय उर्फ पनसुखी निवासी शांति नगर थाना मऊ तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है। इसी प्रकार चैकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम आरक्षी अनुज यादव व अजय कुमार द्वारा आरोपी घनश्याम निषाद निवासी चकमाली अमानपुर कोतवाली कर्वी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### फर्जी भुगतान कर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट ब्यूरो-** नकली फोन से एप दिखाकर व्यापारियों को चूना लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक गैलेन डीजल व मोबइल फोन बरामद किया गया है। मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि बीते बुधवार की शाम क्षेत्र के एक पेट्रोल फिलिंग स्टेशन पर थाना क्षेत्र के टिकरा निवासी सूरज सिंह ने नकली फोन-पे एप के माध्यम से 5000 रुपये का फर्जी भुगतान कर 2800 रुपया का डीजल लिया तथा शेष बचे 2200 रुपयों को कैश से रूप में सेल्समैन से मांगा। इस दौरान भुगतान प्राप्त होने का नोटिफिकेशन न आने पर सेल्समैन ने फिलिंट स्टेशन के कार्यालय जाकर भुगतान की जांच कराई तो पता चला कि कोई भुगतान हुआ ही नहीं।

# मासिक किसान दिवस में उठा खाद की समस्या का मुद्दा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मासिक किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों ने खाद एवं अन्ना प्रथा की समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण कराने की मांग की।

कलेक्टरेट सभागार में हुई बैठक में भाकियू के जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि धान की फसल रोपाई होने के बाद भी जिले में किसानों के लिए खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों के ऊपर नैनो यूरिया लेने का दबाव बनाया जा रहा है। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मण्डी में दुकान आवंटित होने के बावजूद किसानों के लिए बने छायादार नीलामी चबूतरों में अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे सब्जी उत्पादक किसान रास्ते व जमीन में बैठने को मजबूर होता है। राजापुर तहसील अध्यक्ष राजकिशोर पटेल ने कहा कि अन्ना मवेशियों को 30 जुलाई तक हर हाल में गौशालाओं में संरक्षित करा दिया जाए, ऐसा न करने पर किसान आंदोलन करने को मजबूर होगा। पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि प्रसिद्धपुर से सिकरिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिए। कर्वी ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि खोह स्थित साधन सहकारी समिति के ऊपर बनी पुलिस चैकी की पानी टंकी से गोदाम की दीवारों में सीलन आ जाती है और खाद खराब हो रही है। इस समस्या का निस्तारण किया जाना चाहिए। इसके अलावा किसानों ने ग्राम पंचायत सगवारा के मजरा पाण्डेय पुरवा में स्थित आश्रम में पेयजल समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर मंडल सचिव छेदीलाल सिंह, मऊ प्रभारी नीलकण्ठ द्विवेदी, रामेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, श्रीकेशन राजपूत, कमलेश, शिव सिह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आईटीईपी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में आईटीईपी (इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम) पाठ्यक्रमों की कुल 150 सीटों में प्रवेश के लिए तीन दिवसीय प्रवेश काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें देश के आठ राज्यों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। आईटीईपी पाठ्यक्रम (बीएबीएड 50 सीट, बीएससीबीएड 50 सीट, बीकॉमबीएड 50 सीट) की काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश, मध्य प्रदेश राज्यों के सैकड़ों अभ्यर्थी अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने इस मौके पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नवाचार, अध्ययन अध्यापन पद्धति और सुंदर और सुरम्य परिसर को सराहा। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने काउंसिल स्थल में आकर प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित अभ्यर्थियों और अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया। प्रवेश समिति और काउंसिलिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया और उनके शैक्षणिक अभिलेखों का मिलान करते हुए उनकी वरीयता के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया कराई।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बना जी का जंजाल, सभासदों ने खोला मोर्चा



**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं। शहर के कई मोहल्लों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद विभागीय कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इन शिकायतों के चलते अब सभासदों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की शिकायत की। डीएम राजेश कुमार पांडेय को दिए गए शिकायती पत्र में सभासदों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पुराने मीटरों को मकानों से निकालकर कर्मचारी उन्हें अपने साथ ले जाते हैं और नए मीटर उपभोक्ताओं के मकानों पर लगा देते हैं। मीटर लगाए जाने के दो महीने बाद विभागीय कर्मचारी उपभोक्ताओं को फोन कर पुराने मीटर में छेड़छाड़, चिप पाए जाने या अन्य समस्याओं का हवाला देकर उनका उत्पीड़न करते हैं।उपभोक्ताओं को एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जाती है, और मामला रफा दफा करने के एवज में पैसों की मांग की जाती है। सभासदों ने बताया कि कई लोगो को विभाग की ओर से नोटिस भी भेजे गए और उन्हें मीटर की जांच के लिए बुलाया गया। जब उपभोक्ता विभाग पहुंचे तो उन्हें मीटर में छेड़छाड़ का हवाला देकर डरा धमकाकर आर्थिक वसूली की जा रही है। इसको लेकर विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता से भी शिकायत की गई लेकिन उन्होंने इस संदर्भ में न कोई जांच और न ही कोई कार्यवाही की। जिससे यह प्रतीत होता है कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी एक योजनाबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग की है।

फोटो परिचय 1

### ट्यूबवेल की मोटर खराब होने से पेयजल आपूर्ति ठप्प, लोग परेशान

**जालौन।** चुर्खी मार्ग पर बालाजी मंदिर के पास स्थित जल संस्थान का ट्यूबवेल की मोटर बुधवार की सुबह खराब हो गयी। मोटर खराब होने के कारण आधा दर्जन मोहल्लों की पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गयी। जल संस्थान व ठेकेदार की लापरवाही के चलते पानी के लिए जनता दो दिन परेशान रही है। खराब मोटर को जल संस्थान दूसरे दिन नहीं बदल पाया जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी पनप रही है। जल संस्थान का चुर्खी मार्ग पर बालाजी मंदिर चौराहे के पास स्थित है। चौराहे पर बने ट्यूबवेल की मोटर बुधवार की सुबह खराब हो गयी थी। मोटर खराब होने के कारण मोहल्ला जोशियाना, दबगरान, हरीपुरा, फर्दनवीस, चुर्खीबाल, भवानीराम व चुर्खी रोड के घरों की जलापूर्ति ठप हो गयी। बुधवार की सुबह मोटर खराब होने के बाद भी जल संस्थान के जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहे तथा ठेकेदार भी सूचना के बाद सोते रहे हैं। पूरा दिन बीतने के बाद भी खराब मोटर नही बदली जा सकी।

# हत्या में मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास, दो हुए दोष मुक्त

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में करीब एक वर्ष चले ट्रायल के बाद आरोप सिद्ध होने पर हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जबकि गवाहों व साक्ष्यों के आभाव में दो लोगों को दोष मुक्त कर दिया गया।

अपर शासकीय अधिवक्ता हिरदेश पांडेय ने बताया कि सिरसा कलार थाना क्षेत्र के जरगांव निवासी वीरेंद्र प्रताप ने थाने में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि 15 मई 2024 को उसका भतीजा पुष्पेंद्र सिंह ग्राम तरसौर से रात करीब आठ बजे त्रयोदशी में शामिल होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में वह शिवशंकर सेंगर की दुकान पर रुक कर गुटखा लेने लगा, तभी पहले से घात लगाए बैठे जरगांव निवासी गोलू पुत्र जनक सिंह, केशव पुत्र रघुवीर सिंह व माधव पुत्र केशव अपने हाथों में तमंचे लेकर आ गए। साथ ही पीछे से शिवा पुत्र जयपाल भी चाकू लिए था। एकराय होकर चारों लोगों ने गाली गलौज करते देते उस पर हमला कर दिया। बताया था कि गोली चलाने पर पुष्पेंद्र के पेट में छर्रे लग गए थे और गोलू ने उसके पेट में चाकू से प्रहार कर दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुष्पेंद्र को खून से लतपथ देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ने परिजनों के साथ मिलकर उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे कानपुर रेफर किया गया था।

# धर्मनगरी में किया गया 'भारत सांस्कृतिक यात्रा' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारत सरकार के उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय भारत सांस्कृतिक यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को दीनदयाल शोध संस्थान सुरेन्द्र पाल ग्रामोदय विद्यालय के विवेकानंद सभागार में किया गया। जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वर्चुअल माध्यम से किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जो विविध भाषाओं, कलाओं, संगीत और परंपराओं के अद्भुत संगम से सजी है। उन्होंने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा निरंतर आयोजित हो रहे ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान से आई ममता राठौर एवं दल द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक कालबेलिया और घूमर नृत्य से हुई, जिसने दर्शकों को राजस्थानी लोकजीवन की झलक दिखाते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात लखनऊ की कलाकार नेहा सिंह सैंगर एवं उनके दल ने कथक नृत्य-नाटिका के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास, प्रकृति के दोहन और शांति की खोज जैसे गंभीर विषयों को



प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। इसके बाद रीवा की विनीता दोहरे ने पारंपरिक बधाई नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अजिता द्विवेदी एवं उनके दल ने बघेली लोकगायन के माध्यम से बुंदेली-संस्कृति की मिठास से भरपूर प्रस्तुति दी। इसके साथ ही शिखा पाल एवं दल ने फाग नृत्य, और करिश्मा केसरी ने शास्त्रीय भरतनाट्यम की अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

इस दौरान केंद्र के प्रभारी निदेशक आशीष गिरि ने कहा कि 'भारत सांस्कृतिक यात्रा' का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाकर उसे उत्सव का रूप देना है, जिससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना और मजबूत होती है। कार्यक्रम प्रभारी एमएम मणि द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।



**स्वच्छता सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम...**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर अपनी स्वच्छता उपलब्धियों से देशभर में गौरव हासिल किया। राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आज आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य के सात नगरीय निकायों... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## सीएम योगी की बड़ी सौगात: 500 से अधिक छात्र संख्या वाले परिषदीय स्कूल बनेंगे 'आदर्श स्कूल', दो हजार करोड़ मंजूर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संपूर्ण कायाकल्प के लिए दो हजार करोड़ का बजट मंजूर किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह योजना बेसिक शिक्षा विभाग की अब तक की सबसे बड़ी निवेश योजना मानी जा रही है। इसको लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि हम शिक्षा को सिर्फ विद्यालय उपस्थिति तक सीमित नहीं रखना चाहते। बल्कि, उसे संरचनात्मक, तकनीकी और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि यूपी को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करें। हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। इसके लिए नवाचार और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि इसके तहत परिषदीय विद्यालयों में भवन निर्माण, संसाधन सुदृढ़ीकरण, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, एमडीएम शेड, रैंप और चारदीवारी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार के विजन प्राथमिक शिक्षा, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के अनुरूप ही इस कार्य योजना को गति दी जाएगी। प्रदेश में शिक्षा में सुधार केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि बच्चों के सीखने की गुणवत्ता और विद्यालयी जीवन के अनुभव पर भी दिखेगा।

### इन सुविधाओं से लैस होंगे विद्यालय

मंत्री संदीप सिंह ने आगे बताया कि अक्सर देखा जाता है कि कम नामांकन वाले विद्यालयों में संसाधनों के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते। जबकि, अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में संसाधनों की सीमितता के बावजूद बेहतर उपयोग होता है। अब 500 या अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों को %आदर्श विद्यालय% के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। इन विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी रूम, मल्टीपरपज हॉल, क्लब रूम, कंप्यूटर और ढ्ढष्टञ्ज लैब, 'लर्निंग बाय डुइंग' स्पेस और एमडीएम शेड सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

### पहले से अधिक प्रभावी होंगी सह-शिक्षण की व्यवस्थाएं

महानिदेशक स्कूल, कंचन वर्मा ने कहा कि इस रणनीति से प्रदेश के स्कूलों में छात्र नामांकन में वृद्धि, पियर लर्निंग का विस्तार, सक्रिय सहभागिता और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षकों के लिए भी समय सारणी आधारित कक्षा आवंटन, कार्य विभाजन और सह-शिक्षण की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी होंगी।

## प्रदेश को आज मिलेंगी तीन नई अमृत भारत ट्रेनें बिहार और पश्चिम बंगाल जाना होगा आसान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ से बिहार और पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों का सफर अब और आसान होने वाला है। रेलवे प्रशासन गोमतीनगर से मालदा टाउन(पश्चिम बंगाल), गोमतीनगर से दरभंगा(बिहार) और बापूधाम मोतिहारी(बिहार) आनंदविहार वाया लखनऊ के लिए 18 जुलाई से तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोतिहारी से वर्चुअल प्रोग्राम के जरिए ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ट्रेनें अयोध्या के रास्ते चलेंगी। इन ट्रेनों के नियमित संचालन के लिए रेलवे बोर्ड जल्द आदेश जारी करेगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम ने दोनों अमृत भारत एक्सप्रेस की समय सारिणी जारी की है।

### यह है मालदा डाउन गोमतीनगर की टाइमिंग

मालदा टाउन से गोमतीनगर के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक बृहस्पतिवार शाम 7:25 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 3:40 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में अमृत भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर से प्रत्येक शुक्रवार शाम 6:40 बजे चलकर मालदा टाउन शाम 4:40 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर और जनरल की 22 बोगियां होंगी। ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर, अभयपुर, कुईल, शेखपुर, नवादा, तिलैया, गया, देहरी आन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट स्टेशनों पर रुकेगी।

### दरभंगा गोमतीनगर की समयसारिणी

15561 दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को दोपहर तीन बजे दरभंगा से चलकर अगली सुबह 5ः35 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 15562 अमृत भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर से प्रत्येक रविवार सुबह 8ः15 बजे चलकर रात 12ः35 बजे दरभंगा पहुंचेगी। ट्रेन अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, हरीनगर, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, घोरासन, बैरगिया, जनकपुर रोड और कमतौल स्टेशनों पर रुकेगी।

### मोतिहारी वाया लखनऊ ट्रेन की भी मिलेगी सौगात

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बापूधाम मोतिहारी से आनंदविहार वाया लखनऊ के लिए भी अमृत भारत ट्रेन चलेगी। स्पेशल ट्रेन के रूप में 18 को मोतिहारी से ट्रेन दोपहर पौने 12 बजे चलकर रात 11.35 बजे लखनऊ और सुबह 10 बजे आनंदविहार पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 22 कोच रहेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार की है। पीड़िता शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तभी उसने देखा कि गांव का ही निवासी शारिख खान किसी से झगड़ा कर रहा है। झगड़े की आवाज सुनकर नाबालिग डर गई और वापस लौटने लगी। आरोप है कि शारिख ने पीड़िता को देखते ही उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता की मां की शिकायत के अनुसार, शारिख ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। किसी तरह पीड़िता शारिख के चंगुल से बचकर भागने में सफल रही। भागते समय आरोपी ने उसे खुलेआम धमकी दी कि उसकी शासन-प्रशासन में अच्छी पहुंच है और पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।। फिलहाल, पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी शारिख खान की तलाश में जुट गई है।

## लोहिया चौराहे के पास सड़क हादसे में इलेक्ट्रीशियन की मौत, परिवार में मातम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक 25 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। लोहिया चौराहे के पास उसकी अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान आशीष यादव (25) पुत्र राम नरेश यादव के रूप में हुई है, जो छोटा भरवारा, गोमतीनगर का निवासी था। आशीष इलेक्ट्रीशियन का काम करता था और बुधवार रात करीब 9 बजे फन मॉल से लोहिया चौराहे की ओर लौट रहा था। लोहिया चौराहे से लगभग 50 मीटर आगे बढ़ते ही उसकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद आशीष के सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिवार को सूचित करने के साथ ही आशीष को लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।इस घटना से आशीष के परिवार में मातम पसर गया है। उसके चाचा ननकू यादव ने बताया कि आशीष घर का अकेला कमाने वाला था। दुखद बात यह भी है कि आशीष के एक भाई, सतीश की भी दो साल पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी।

## बीकेटी इटौंजा कुंम्हरावां में कीटनाशक विक्रेता ऊंचे दामों पर बेच रहे कीटनाशक दवाइयां

- अधिकारी कार्रवाई के नाम पर करते हैं खानापूर्ति, दुकानों पर कीटनाशक दवाइयां की रेट लिस्ट नदारत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के इटौंजा महोना अमानीगंज कुंम्हरावां बाबागंज रोड करौंदी कल्याणपुर तथा अन्य क्षेत्र में कीटनाशक विक्रेता धड़ल्ले से कीटनाशक दवाइयां ऊंचे दामों पर किसानों के हाथों बेच रहे हैं। उधर सरकार किसानों के हित के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चल रही है। यह कीटनाशक विक्रेता किसानों को ठगने पर लगे हुए हैं। वहीं किसानों व जनप्रतिनिधि राम प्रकाश सिंह एडवोकेट भाकियू, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता रामदेव तिवारी,रामनरेश सिंह भदोरिया सियाराम गरीब जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र रावत सीताराम रामसागर यादव सर्वेश व अन्य जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कीटनाशक विक्रेता मनमाने ढंग से कीटनाशक दवाइयां बेखौफ बेच रहे हैं। इससे यह खुले आम किसानों का दोहन कर रहे हैं। वहीं किसानों ने बताया कि कीटनाशक विक्रेता ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयां नहीं बेच रहे हैं लोकल कंपनियों की दवाइयां बेची जा रही है जिससे जायद खरीफ व रबी की फसलों पर उनका बुरा प्रभाव पड़ता है यही कारण है कि किसानों को फसलों से भरपूर उत्पादन नहीं मिल पा रहा है इससे एक लाख से अधिक किसान प्रभावित हैं।वहीं कीटनाशक विक्रेताओं के भय से किसान खुलकर अपनी समस्याओं को नहीं कह पा रहे हैं। यदि किसान इन कीटनाशक विक्रेताओं की बुराई करेंगे तो उन्हें कीटनाशक दवा देने से मना कर देते हैं। क्षेत्र के कीटनाशक दवाइयों की दुकानों पर दवाइयों की लिस्ट नहीं लगी है, इससे कीटनाशक विक्रेता बड़े पैमाने पर किसानों का शोषण करते हैं। कीटनाशक विक्रेता किसानों को दवाइयां की रसीद नहीं थमाते हैं इससे किसान दवा का सही मूल्य नहीं जान पता है। कीटनाशक विक्रेता दवाइयां पर अंकित मूल्य से अधिक पैसे उगाही करते हैं फुटकर दवा देने पर यह विक्रेता किसानों से मनमाना दाम वसूल करते हैं। जब इन कीटनाशक विक्रेताओं से इस संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि किसानों को दवाइयां उचित मूल्य पर ही देते हैं। वहीं जनप्रतिनिधि राम प्रकाश सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को दिया जायेगा। वहीं जब संबंध में कृषि रक्षा इकाई के अधिकारी से जानकारी की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## आईएमए बैठक: सुरक्षा मानकों की नसीहतों के बीच सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन




जन एक्सप्रेस | हरदोई/लखनऊ

कलेक्ट्रेट के वातानुकूलित सभागार में एक बार फिर वही पुरानी रस्म अदायगी दोहराई गई–कहने को तो जिलाधिकारी अनुनय झा ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की जिला इकाई संग बैठक कर चिकित्सीय प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के पालन की दुहाई दी, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्पताल, क्लिनिक और निजी मेडिकल प्रतिष्ठान अनापत्ति प्रमाण पत्र व लाइसेंस समय से लें और जनसुविधा के सभी इंतजाम दुरुस्त रखें। मगर बड़ा सवाल ये है कि क्या प्रशासन को नहीं मालूम कि हरदोई में कितने अस्पताल बिना फायर एनओसी, बिना रजिस्ट्रेशन और बिना आपातकालीन सुविधाओं के धड़ल्ले से चल रहे हैं? चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन खुद मानता है कि अधिकांश निजी अस्पतालों में न तो फायर सेफ्टी सिस्टम दुरुस्त हैं, न ही पर्याप्त स्टाफ है और न ही आपातकालीन स्थितियों से निपटने की कोई तैयारी। फिर भी कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या आईएमए और प्रशासन की ये बैठकें सिर्फ फोटो खिंचवाने और प्रेस विज्ञप्ति जारी करने तक ही सीमित हैं? बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, सदर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा, नहने राम, सूचना अधिकारी संतोष कुमार और आईएमए के चुनिंदा सदस्य मौजूद रहे, लेकिन किसी ने यह सवाल नहीं उठाया कि जब ज़िले के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं, तब प्रशासन की नींद क्यों नहीं टूटती?

### जनता जानना चाहती है

- कितने मेडिकल प्रतिष्ठानों का हालिया निरीक्षण हुआ?
- कितनों के खिलाफ कार्रवाई हुई?
- फर्जी डिग्रीधारियों पर क्या कदम उठाए गए?
- बिना जवाबदेही के ये बैठकें खोखले वादों से ज्यादा कुछ नहीं लगतीं। ज़रूरत है सख्त एक्शन की, न कि सिर्फ निर्देशों की खानापूर्ति की। वरना अगली दुर्घटना के बाद यही अधिकारी और संगठन जांच कराएंगे का रटा-रटाया बयान देंगे और फिर वही चुप्पी।

## डिजिटल अरेस्ट में पहली सजा लखनऊ कोर्ट ने 438 दिन में सुनाया फैसला

- आरोपी ने महिला डॉक्टर को ठगने वाले को सात साल की हुई सजा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ की सीजेएम कस्टम कोर्ट ने 438 दिन में फैसला सुनाते हुए ठग देवाशीष राय को सात साल की सजा सुनाई है। बता दें कि देवाशीष राय ने फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर महिला डॉक्टर को दस दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और गिरफ्तारी का दबाव बनाकर 85 लाख रुपए की ठगी की। इस चर्चित मामले में गुरुवार को लखनऊ की सीजेएम कस्टम कोर्ट ने 438 दिन में फैसला सुनाते हुए ठग देवाशीष राय को 7 साल की सजा सुनाई। यह उत्तर प्रदेश का पहला मामला है,जिसमें डिजिटल अरेस्ट मामले में इतनी तेजी से सजा सुनाई गई। अभियुक्त को 5 मई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। चार्जशीट 2 अगस्त 2024 को दाखिल की गई थी और इसके 348 दिन बाद ट्रायल पूरा कर बुधवार 16 जुलाई को दोषसिद्ध किया गया। वहीं अभियुक्त देवाशीष राय, मूल रूप से आजमगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल गोमतीनगर विस्तार के सुलभ आवास में रहता था। उसने मोबाइल नंबर, फर्जी आधार और सिम कार्ड का दुरुपयोग कर इस घोटाले को अंजाम दिया। वहीं कोर्ट ने माना कि अभियुक्त ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर वीडियो कॉल पर पूछताछ के बहाने पीड़िता को डराया और 85 लाख रुपए की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा ली। इस साइबर ठगी के लिए फर्जी फर्म, फर्जी बैंक खाता और आधार के जरिए सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया। वहीं अदालत ने कहा कि यह गंभीर और सुनियोजित डिजिटल अपराध है, जो आम लोगों में सरकारी एजेंसियों का डर पैदा करके अंजाम दिया जाता है। ऐसे अपराधों पर सख्त और त्वरित सजा जरूरी है।

### जानिए पूरा मामला

1 मई 2024 को लखनऊ की डॉक्टर डॉ. सौम्या गुप्ता को ड्यूटी के दौरान कॉल आया। कॉलर ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया और कहा कि उनके नाम पर कारगो में जाली पासपोर्ट और MDMA मिला है। फिर कॉल CBI अधिकारी बनकर बात करने वाले दूसरे शख्स को ट्रांसफर कर दिया गया। आरोपी ने पीड़िता को डिजिटल अरेस्ट दिखाकर 10 दिन तक लगातार डराया और 85 लाख रुपए ठग लिए थे। वहीं साइबर थाना प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है कि 14 महीने में आरोपी को जेल में रहते हुए सजा मिली है। वरना डिजिटल अरेस्ट के मामले में आरोपी को अक्सर बेल मिल जाती थी।

## अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटा चालक की मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ।तेज रफ्तार से जा रहा इलेक्ट्रिक ई रिक्सा अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में रिक्शा सवार दो लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंचे परिजन प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को घर ले आये सुबह रिक्सा चालक की मौत हो गई। बताते चलें कि बुधवांर शाम रामू रावत 55 वर्ष पुत्र फत्ते निवासी राजाखेड़ा मजरा मनकौटी थाना रहीमाबाद लखनऊ ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था बुधवार शाम को भी भतोईया की बाजार करके गदद्दीन खेड़ा निवासी शमशाद को लेकर गांव जा रहा था। जिस समय रिक्शा भतोईया और मनकौटी के बीच पहुंचा बताया गया की रिक्शा इतनी तेज था कि दाहिनी तरफ एक हऊदी में उसका टायर चला गया और रिक्शा पलट गया हादसे में रिक्शा चालक रिक्शे के नीचे दब गया राहगीरों ने रिक्शा चालक को रिक्शा से बाहर निकला परिजन उसे स्थानीय एक निजी अस्पताल ले गए और प्राथमिक ट्रीटमेंट के बाद घर ले आए बताया गया कि सुबह उसके शरीर में दर्द हो रहा था घर वाले जब तक उसकी उपचार के लिए कहीं ले जा पाए तब तक उसकी मौत हो गई रामु रावत की मौत से उसकी पत्नी विजय कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है

## लखनऊ सीतापुर रोड पर ई-रिक्शा कंटेनर से टकराया, 5 युवक-युवती घायल



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी में गुरुवार दोपहर लखनऊ सीतापुर रोड पर बीकेटी क्षेत्र के नंदना गांव के पास एक बड़ा हादसा हो गया। बता दें कि एक ई-रिक्शा सड़क पर खड़े एक कंटेनर एच आर 38 डब्ल्यू 5908 से टकरा गया। जिससे उसमें सवार पांच युवक युवती घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान विकासनगर के कृष्ण सिंह (18), इटौंजा के दानिश (22), बीकेटी के संतोष गुप्ता (30), मड़ियांव के शिवम (25) और गोंडा की जुही गौतम (23) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों का इलाज किया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

## इटौंजा के निगोड़े नाथ शिव मंदिर से बिठूर के लिए निकली कावड़ यात्रा

- पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच लगे बम बम भोले के जयकारे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के नगर पंचायत इटौंजा के निगोड़े नाथ शिव मंदिर से सैकड़ों कांवड़ियों ने कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। बता दें कि यह कांवड़ यात्रा नगर पंचायत इटौंजा के निगोड़े नाथ शिव मंदिर से निकलकर ब्रह्मवर्त बिठूर तक जायेंगी। जहां से सभी शिव भक्तों द्वारा गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करके यह यात्रा समाप्त होगी। गुरुवार सुबह 10 बजे इस कांवड़ यात्रा के प्रस्थान के समय समस्त इटौंजा शिव बम भोले के जयकारों से गूंज उठा और माहौल शिव मय हो गया। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के नेतृत्व में इटौंजा मार्केट,गली, चौराहों पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था दिखाई दीं। जगह-जगह पुलिस के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी करते दिखाई दिए। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक इस कावड़ यात्रा में शामिल होकर शिव भक्तों के साथ पैदल चलकर इटौंजा की माल रोड बसहरी पुल तक साथ गए। इस दौरान इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश अवस्थी कमल, कावड़ यात्रा आयोजक अभिषेक, भाजपा नेता सुधाकर अवस्थी, अरुण अवस्थी, छोटू मिश्रा, बाबूलाल, प्रहलाद अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहें

## स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। बृहस्पतिवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति ने सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को प्रेसीडेंशियल अवार्ड भी प्रदान किया। देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान में है, इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 कराया जाता है। 2023 की लिस्ट में लखनऊ 17वें पायदान से फिसलकर 44वें पर पहुंच गया था। लेकिन, एक साल में ही काम तेजी से सुधार करके नगर निगम ने इसे ठीक किया। यही कारण रहा कि इस बार लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर अहमदाबाद और दूसरे पर भोपाल है। लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

## लखनऊ में सीबीएन की बड़ी कार्रवाई, 18 लाख से ज़्यादा अल्प्राजोलम टैबलेट और 57 हज़ार कोडीन सिरप बरामद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

दवाओं की आड़ में चल रहे नशे के अवैध कारोबार पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स ने बड़ी कार्रवाई की है। लखनऊ के अमीनाबाद स्थित ओल्ड मेडिसिन मार्केट में एक गोदाम पर छापेमारी कर (सीबीएन) ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं ज़ब्त की हैं। बता दें कि छापेमारी में 18,47,850 अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की गई हैं। यह एक साइकोट्रॉपिक दवा है जिसका अवैध रूप से नशे के लिए इस्तेमाल होता है। इसके अलावा, 57,000 कोडीन सिरप की बोतलें भी मिली हैं। कुल मिलाकर, लगभग 20 लाख टैबलेट्स और 5700 कोडीन सिरप की बोतलें जब्त की गई हैं। वहीं सीबीएन टीम ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति फरार होने में कामयाब रहा। टीम अब फार्मा कंपनियों से जुड़े दस्तावेज़ों और लेनदेन के रिकॉर्ड खंगाल रही है, क्योंकि उन्हें शक है कि यह खेप अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। वहीं बरामद दवाओं में आर एक्स श्रेणी की प्रतिबंधित दवाएं भी शामिल हैं, जिनका अवैध भंडारण और बिना वैध दस्तावेज़ों के वितरण किया जा रहा था। इस मामले में नारकोटिक्स एक्ट और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबारियों के लिए एक कड़ा संदेश है।

# मामलों के निस्तारण में तेजी लाने व न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक किया।बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी,थाना प्रभारी,अभियोजनविभाग के अधिकारी सहित राजस्व और पुलिस प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता केवल मामलों के त्वरित निस्तारण से ही सुनिश्चित की जा सकती है।उन्होंने अभियोजन कार्यों में गति लाने,लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित कराने और स्पीडी ट्रायल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने यह भी कहा कि अभियोजन से जुड़े मामलों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए, ताकि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित हो सके। गत माह में दर्ज मामलों,उन पर लिए गए निर्णयों, डिस्पोज्ड केस और पुराने लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या को कम करने हेतु अभियोजन विभाग,पुलिस विभाग और राजस्व विभाग के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है।विशेषकर गम्भीर आपराधिक मामलों में साक्ष्य एवं गवाहों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अपराध नियंत्रण और अभियोजन की प्रभावशीलता के लिए पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखनी होगी। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए, ताकि न्यायालयों में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत कर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके।और यह भी कहा कि महिला अपराध, साइबर क्राइम और अन्य संवेदनशील मामलों को गंभीरता से लिया जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाए।

### पूरे जहांगीर गांव में जलभराव से मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील, फिसलकर गिरने से हो रहे हादसे

**जन एक्सप्रेस/तिलोई,अमेठी** तहसील तिलोई के अंतर्गत विकास खंड सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम सभा फतेहपुर स्थित गांव पूरे जहांगीर में इन दिनों मुख्य मार्ग पर भीषण जलभराव की समस्या बनी हुई है।यह रास्ता राजापुर, फतेहपुर, राजपुर हवेली जैसे कई गांवों को जोड़ता है और क्षेत्र में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों जैसे गणेश पूजा व दुर्गा पूजा के प्रमुख स्थल से होकर गुजरता है।बरसात के कारण जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, जिससे मुख्य सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है। ग्रामीणों को नाव तक का सहारा लेना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि गांव पूरे जहांगीर का रास्ता भवा जैसे तालाब रोज गिरत हाय बहुत से लोग* रास्ते की दुर्दशा के कारण पैदल, साइकिल व मोटरसाइकिल से चलने वाले लोगों का फिसल कर गिरना आम हो गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई वृद्ध और महिलाएं चोटिल हो चुकी हैं।

# अवैध स्कूलों पर शिकंजा, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस, न माने तो जड़े जाएंगे ताले

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




शिक्षा की गुणवत्ता और मानकों से समझौता करने वाले अवैध स्कूल अब जिला प्रशासन के निशाने पर हैं।जिले में संचालित पचहत्तर गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।स्कूल संचालकों को तत्काल स्कूल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं,अन्यथा विभाग द्वारा विद्यालयों में ताले डाल दिए जाएंगे।शासन के निर्देश पर जिले भर में चल रही जांच के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दर्जनों विद्यालय बिना किसी मान्यता के शिक्षा दे रहे हैं। यह स्थिति लंबे समय से विभागीय निगरानी की कमी और स्कूल प्रबंधनों की मनमानी का परिणाम है।प्रारंभिक जांच के बाद खंड शिक्षा अधिकारियों ने संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी किया था,लेकिन अधिकांश स्कूलों ने न तो बंद होने की दिशा में कोई कदम उठाया और न ही विभाग को कोई संतोषजनक जवाब दिया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने मोर्चा संभालते हुए स्पष्ट किया है कि विभाग अब और ढील नहीं देगा।उन्होंने कहा यदि स्कूल संचालक स्वयं विद्यालय बंद नहीं करते हैं,तो विशेष अभियान चलाकर इन अवैध विद्यालयों को बंद कराया जाएगा।छात्रों के भविष्य और शिक्षा के स्तर को गिरने से रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है।गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन करते हैं,बल्कि सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षा के न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं करते।ऐसे विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक,आधारभूत सुविधाएं और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता अक्सर सवालों के घेरे में रहती है।यह कार्रवाई न केवल शिक्षार्थियों के हित में है,बल्कि जिले की शैक्षिक छवि को सुधारने की दिशा में एक ठोस प्रयास भी है।विभाग की ओर से अभिभावकों से भी अपील की गई है,कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में ही कराएं।

# वसूली पर ध्यान, जर्जर तारों पर नहीं, आए दिन ठप हो रही है आपूर्ति

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल,अमेठी**



बिजली विभाग पुराने और जर्जर तारों का बदलने का कार्य कागजों पर ही देखा जा रहा है। जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। बाजार शुक्ल के पूरे शुक्लन बिजली उपकेंद्र से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति इसका ज्वलंत उदाहरण है। हाल के दिनों में गांवों में बिजली आपूर्ति आज भी जर्जर पोलों पर जर्जर तथा कम ऊंचाई पर लटकते तारों से हो रही है। जबकि बिजली विभाग बिजली आपूर्ति के एवज में बिल की वसूली तो कर रहा है पर सुविधाएं नदारद हैं। ऐसे में गांवों में आए दिन जर्जर तार अक्सर टूटकर गिरते रहते हैं जिससे दुर्घटना के साथ आपूर्ति भी बाधित होती है।उप केंद्र से कस्बा सहित गांवों में बिजली आपूर्ति होती है। लेकिन दशक पूर्व बिछाए गए बिजली के तारों का मेटेनेंस न होने से यह जर्जर स्थिति में पहुंच चुके है। फलस्वरूप आए दिन बिजली के तार टूटकर नीचे गिरते रहते है यह समस्या अक्सर तेज हवाओं के बहने पर होती है। इससे जहां एक ओर बड़ा घटना की संभावना बनी रहती है वहीं इससे घंटों बिजली आपूर्ति बाधित होने से इन गांवों के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

क्या बोले ग्रामीण उक्त संबंध में ग्रामीण उपभोक्ताओं से बात साझा की गई बताया दशक पूर्व बिछाई गई जर्जर हाई वोल्टेज लाइन पर सप्लाई दौड़ाई जा रही है। विभाग द्वारा मेंटेनेंस का कोई ख्याल नहीं है।जर्जर व्यवस्था के चलते विद्युत संविदा कर्मियों की कड़ी मेहनत व परिश्रम से यदा कदा सप्लाई मिल ही जाती है। वर्तमान समय में हल्की बारिश व हवा में बेदम हो चुके हाई वोल्टेज तार झूल कर नीचे आ जाते हैं। जिसका खामियाजा हम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा जर्जर तारों को शासन प्रशासन से शीघ्र बदलवाने की मांग की है ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो सके।

# बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जनपद में चलेगा बिल रिवीजन का अभियान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




विद्युत विभाग द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु गलत बिल को ठीक करने के लिये विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद में अट्ठारह एवं उन्नीस जुलाई को मेगा कैम्प लगाये जा रहे हैं।अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल अमेठी ने बताया कि कैम्पों में नये संयोजन,भार वृद्धि,खराब मीटर, बिल संशोधन,विधा परिवर्तन,बिल जमा करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत भी प्राप्त कर उपभोक्ता की समस्या का निराकरण किया जायेगा।उन्होंने कहा कि उप्र पावर कारपोरेशन उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।कारपोरेशन द्वारा इस सम्बन्ध में कई बार सही बिल निर्गत करने हेतु निर्देश निर्गत किये गये एवं नयी बिलिंग एजेन्सीज़ को भी आबद्ध किया गया।साथ ही मीटर रीडिंग में व्यवस्था की गयी।जिससे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के अधिक से अधिक बिल रीडिंग हो सके व गलत बिल रीडिंग को कम किया जा सके।इन समस्त प्रयासों के उपरान्त भी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिल की शिकायत प्राप्त होती रहती हैं।जिससे यह निर्णय लिया गया है कि पूरे जिले में बिल रिवीज़न हेतु मेगा कैम्प का आयोजन वितरण खण्ड के स्तर पर किया जायेगा।मेगा कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है।इस अभियान के सन्दर्भ में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।मेगा कैम्प में प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्पडेस्क पर सुनिश्चित किया जायेगा।एवं शिकायतकर्ता एवं आवेदनकर्ता का सही विवरण अंकित किया जायेगा।बिल रिवीजन हेतु कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जायेगा। बिल रिवीजन के उपरान्त एक बिल रिवीजन मेमो स्वतः जनरेट होगा, जिसे प्रत्येक उपभोक्ता अपने ऑन लाइन अकाउण्ट में देख सकता है। कैम्पों का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जायेगा।अधिशासी अभियंता वितरण,उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक अभियंता मीटर अपने अधीनस्थों सहित कैंप में उपस्थित रहेंगे।तथा उपभोक्ताओं को कोई असुविधा न हो,यह सुनिश्चित करेंगे। अधिशासी अभियंता परीक्षण एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आयोजित कैम्पों का भ्रमण कर उक्त अभियान को सफल बनाएंगे।कैम्पों का आयोजन व उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराने का उत्तरदायित्व विद्युत वितरण निगम के अधिशाषी अभियंता वितरण को सौंपा गया हैं। इसी क्रम में तिलोई विकास खंड के अंतर्गत मोहनगंज में बृहस्पतिवार से तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया।जिसमें उपभोक्ताओं की विद्युत बिल संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इस शिविर का आयोजन अधिशाषी अभियंता राकेश रोशन के निर्देशन में किया गया है।उनके अनुसार शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिल सुधार,ओवरचार्जिंग,नाम परिवर्तन, पुराने बकाया निपटान और कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही करना है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को लंबे समय से विद्युत बिल को लेकर परेशानियां हो रही हैं,उनके लिए यह एक अच्छा अवसर है। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं दर्ज कराई।शिविर के दौरान लोगों को बिल छूट,एकमुश्त समाधान योजना,कनेक्शन वैधता, मीटर जांच,और बिल अद्यतन से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है।

# विधालयों को बंद करना आरटीई एक्ट का उल्लंघन : शैलेश पांडे

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शाखा दीनशाह गौरा के पदाधिकारी अध्यक्ष शैलेश पांडे के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम बड़ा पुरवा पहुँचे। ग्राम बड़ा पुरवा के ग्रामवासियों व अभिभावकों ने विधालय बंद करने व विधालय को कम्पोजिट विधालय मुरैठी में पेयर करने पर गहरा रोष व्यक्त किया और कहा कि हमारे बच्चे 1 किमी से अधिक दूर कैसे जा पाएंगे बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है जो कि असंवैधानिक है। गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडे ने बताया कि यह आरटीई एक्ट का उल्लंघन है उन्होंने आगे कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन प्रत्येक उस ग्राम के अभिभावकों तथा ग्रामवासियों से जनसंवाद करेगा जहां के विधालय बंद कर दिए गए है। महामंत्री अखिलेश कुमार ने कहा बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नही किया जा सकता। जनपदीय पर्यवेक्षक व जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विधालय बंद करने से बच्चों को तो परेशानी हो ही रही है इसके साथ ही शिक्षको के पद समाप्त हो जाएंगे जिससे भविष्य में शिक्षकों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी। संरक्षक त्रिलोकी शरण सिंह ने कहा कि संगठन मजूबती से विधालय मर्जिंग का विरोध कर रहा है और करता रहेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र, श्याम सिंह, मनीष दीक्षित, अमित सिंह, सर्वेन्द्र सिंह, परितोष सिंह, राहुल द्विवेदी , नितिन सोनी, प्रमोद द्विवेदी, कीर्ति शर्मा, जितेंद्र यादव, विनय त्रिपाठी , मंजुल कृष्णा, रमेश यादव, श्री मती मंजू सिंह, रोहित कुमार, अरुण गौतम, धीरेंद्र सिंह, दीनू सिंह, सुषमा देवी, अनीता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। अमेठी।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीडीओ ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर अभिषेक वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो सौ किग्रा महुआ लहन नष्ट कराया।

# एडीएम फाइनेंस ने बाढ़ की संभावनाओं के दृष्टिगत बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह ने बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए पूरे गौतमन, तहसील डलमऊ में स्थापित बाढ़ की चौकी का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन द्वारा संपूर्ण तैयारियां कर ली गई हैं।

बाढ़ राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है, जहां प्रभावित लोगों को भोजन, आश्रय और अन्य आवश्यक आसुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं, इसके साथ ही आपदा प्रबंधन टीमों को सक्रिय किया गया है, जो बाढ़ की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देंगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी इंचार्ज, क्षेत्रीय लेखपाल, आंगनबाड़ी सहायिका आदि उपस्थित रहे।

# यूपीसीडा के खिलाफ किसानों का हल्ला बोल, थाने का किया घेराव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कथित रूप से पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जे की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने अपने खेतों से कमरौली थाने तक पदयात्रा निकाली और थाने का घेराव किया।प्रदर्शन में शामिल किसानों का कहना है कि यूपीएसआईडीए बिना अधिग्रहण की वैध प्रक्रिया और मुआवजे के उनकी जमीन पर कब्जा करना चाह रही है। इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों की मांगों को मुखरता से उठाया।प्रदर्शन में भाग लेने वाली महिलाओं ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान यूपीएसआईडी के कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जातिसूचक गालियां दीं। महिलाओं का कहना है कि जब वे अपने खेतों की रक्षा करने पहुंचीं तो उन्हें अपमानित किया गया।किसानों ने नाराज़गी जताई कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।विरोध स्थल पर पुलिस बल जरूर तैनात रहा,लेकिन किसानों को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला।फिलहाल मामले को शांतिपूर्ण ढंग से स्थगित किया गया है,लेकिन किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई,तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

### बड़े हादसे का इंतजार कर रहे बिजली विभाग के जेई, एसडीएम का आदेश भी नहीं मानते

**महराजगंज। रायबरेली।** एक सप्ताह पहले टूटकर छत पर गिरे बिजली के खंभे से जहां सारा परिवार शंसकित है तो वहीं बिजली विभाग में शिकायत के बाद भी उसके कान पर जू नहीं रेग पा रही है शायद उसे किसी बड़े हादसे का इंतजार है। घर में रहने वाले लोग परेशान हैं। विभाग के जिम्मेदार जेई अजय कुमार सैनी ने मामले को गंभीरता नही लिया तो पीड़ित परिवार के बेटे ने उपजिलाधिकारी से समस्या निदान की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के सागर पुर मजरे कुसुढी गांव में रामकुमार यादव के घर के बगल में लगा बिजली का पोल एक सप्ताह पहले नीचे से टूट गया है। पोल टूटकर रामकुमार यादव की छत पर गिर गया है। जिससे बारिश में छत पर करेंट उतरने का खतरा बना हुआ है। राम कुमार बुजुर्ग है। पोल टूटने की बात उन्होंने स्थानीय लैन मैन बच्चन को बताई लेकिन कोई राहत नहीं मिली। फिर उनके बेटे सुनील कुमार ने बताया कि जेई फोन नहीं उठाते है। उनसे बात नहीं हुई तो सुनील ने उपजिलाधिकारी सचिन यादव को 14 जुलाई को समस्या से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने आश्वासन दिया कि विभाग को पोल बदलने के निर्देश दिए गए हैं।

# निजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही विद्यालयों की बंदी : राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज चौथे दिन विकास क्षेत्र छतोह के प्रावि इटरौरा,जगतपुर के प्रावि बिशुनदासपुर, डलमऊ के प्रावि डकौली, खीरों के प्रावि मुस्तकीमगंज,ऊंचाहार के प्रावि पूरे कुर्मिन, दीन शाह गौरा के प्रावि बडा पुरवा,अमावां के प्रावि पुरे कुमेदान, सरेनी के प्रावि पहुरी के साथ-साथ अन्य विद्यालयों में ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ ब्लाक के पदाधिकारियों ने बैठक की,बैठक में एक स्वर से विद्यालयों के मर्जर पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सरकार गरीबों को दिए गए शिक्षा के अधिकार को छीनने का काम कर रही है। सरकार निजीकरण को बढावा देने के उद्देश्य से विद्यालयों का मर्जर कर रही है। जिला संरक्षक दान बहादुर सिंह ने कहा कि गुप-चुप तरीके से एक-एक स्कूल को बंदी का आदेश थमाया जा रहा है। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सरकार की तानाशाही अब चरम पर है।

जगतपुर के बिशुनदासपुर की प्रधान निशा सिंह ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे अपने गांव के विद्यालय तक तो किसी प्रकार पहुंचाए जाते हैं,वह कहां तीन से चार किलोमीटर दूर जा पाएंगे। छतोह के प्रावि इटरौरा के अभिभावक राम सजीवन और राम अंजोर ने कहा कि हम सब के बच्चों को योगी शिक्षा से दूर करना चाहते हैं। दीनशाहगौरा के गांव बडा पुरवा के अभिभावक सियाराम आक्रोशित होकर कहते हैं कि सरकार का काम है नए विद्यालय बनवाना न कि चल रहे विद्यालयों को बंद करवाना।

डलमऊ के प्रावि डकौली के अभिभावक होरीलाल और सुनीता ने कहा कि हम अभिभावकों की बात कोई योगी तक पहुंचा दे ताकि सरकार अपना फैसला बदल दे।

अमावां के प्रावि पूरे कुमेदान के अभिभावक रामदीन ने मर्जर पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी बेटियां तीन किलोमीटर पढने नहीं जा पाएंगे। ऊंचाहार के प्रावि पूरे कुर्मिन के अभिभावकों ने एक स्वर में कहा कि विद्यालय कहीं नहीं जाना चाहिए। जगतपुर के प्रावि बिशुनदासपुर के अभिभावक हीरालाल तिवारी ने कहा कि इतनी बडी-बडी बातें करने वाली सरकार अब छोटे-छोटे बच्चों के स्कूल बंद करने पर आमादा है। सरेनी के प्रावि पहुरी में हरिश्चंद्र सहित अन्य अभिभावकों ने सरकार के इस कदम की घोर निंदा की। आज की बैठकों में ग्रामीणों ने सरकार द्वारा विद्यालय मर्जर की प्रक्रिया का एक स्वर से विरोध किया। इस अवसर पर जनपदीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह,जटाशंकर बाजपेई,उमेश त्रिवेदी, डा बृज किशोर,जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती, जनपदीय संगठन मंत्री दिलीप यादव, राम जी सरोज, ब्लाक अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, नीरज हंस, राकेश द्विवेदी, शेषर यादव,विनोद अवस्थी, राजेश पाण्डेय, कमलेश ओझा,डा संजय सिंह, योगेश सिंह,अशोक पाल सहित समस्त ब्लाक अध्यक्ष/मंत्रीगण और संगठन के पदाधिकारीगण ने बैठकों में अपना सक्रिय योगदान किया।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025






**चौकी इंचार्ज पर पक्षपात का आरोप...**

थाना लाइन बाजार क्षेत्र के शीतला चौकिया रोड स्थित लखनपुर गांव की निवासी दीपा जायसवाल ने अपने ऊपर हुए हमले को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की... शेष पेज 10 पर...

# लोडर से टकराने के बाद बेकाबू कार ट्रक से टकराई, सिपाही की मौत





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

इटावा-कानपुर हाईवे पर अकबरपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुरवा के पास गुरुवार की दोपहर कार सवार मुख्य आरक्षी की कार आग चल रहे लोडर से टकराते हुए दूसरे लेन पर चली गई। इसी बीच ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार मुख्य आरक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि लोडर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

झांसी जिले के मोठ थाना के सारन निवासी संतोष यादव (42) पुत्र देशराज वर्तमान में कानपुर देहात के अमराहट थाना में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। कुछ दिन पहले पुलिस लाइन से उनकी अमराहट थाने पर तैनाती हो गई थी। गुरुवार को वह पुलिस लाइन से अमराहट थाना आमद दर्ज कराने जा रहे थे। हाईवे पर तिवारीपुरवा के पास पहुंचने पर कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे लोडर से टकरा गई। इसके बाद डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन पर पहुंच गई। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर कार की टक्कर से लोडर भी पलट गया और चालक कानपुर नगर के लोकमन मोहल निवासी राकी (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार से सिपाही के शव को बाहर निकलवाया। वहीं घायल लोडर चालक को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। अनहोनी की जानकारी पर देर रात परिजन मोर्चरी पहुंचे। पत्नी दीपा यादव, बेटी ज्योति, बेटा विष्णु बिलखते रहे। परिवार के लोगों ने बताया कि संतोष का परिवार लालनपुरा मोठ में रहा है। बताया कि संतोष का वर्ष 2006 में सिपाही के पद पर चयन हुआ था। वर्तमान में अमराहट थाना में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। सीओ अकबरपुर संजय वर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। हादसा करने वाले कंटेनर की तलाश की जा रही है। हादसे की कारणों की जांच की जा रही है।

## ज्ञान देसी घी मिला सब स्टैंडड...हैवमोर आइसक्रीम भी फेल, 100 कारोबारियों पर 41 लाख का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में घी, पनीर, आइसक्रीम और दूध में फैट की कमी के साथ ही कई खाद्य पदार्थों की जांच में मिलावट मिली है। खाद्य विभाग की जांच में 100 कारोबारियों के सैंपल फेल हो गए है। उनके खिलाफ एडीएम सिटी की कोर्ट ने 41 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार शहर में जांच पड़ताल कर रही है। टीम ने जेड स्क्वायर स्थित के आउटलेट में छापा मारकर ज्ञान ब्रांड के देसी घी का सैंपल लिया था। जांच में देसी घी सब स्टैंडर्ड मिला है। कंपनी पर 80 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। स्वरूपनगर स्थित एक दुकान से हैवमोर की वनीला आइसक्रीम का सैंपल लिया गया था। यह भी दोयम दर्जे का पाया गया है। 90 हजार का जुर्माना लगाया गया है। राजीवनगर स्थित मेसर्स जीएस न्यूट्रिटिव की आइसक्रीम के दो सैंपल फेल होने पर 1.55 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट ने जून में दाखिल किए गए।

# शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चकेरी थानाक्षेत्र में एक युवक शादी का झांसा देकर युवती का तीन साल तक यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने इन्कार कर दिया और उसे धमकी दी। युवती के रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चकेरी थाने में युवती की दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार शिवकटरा निवासी मोहित पासवान ने करीब तीन साल पहले उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। बाद में वह शादी का झांसा देकर उनका यौन शोषण करने लगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उन्हें अपने घरवालों से भी मिलाया। उसके परिजनों ने पिछली 21 मई को कोर्ट मैरिज करवा देने का आश्वासन भी दिया था लेकिन बाद में आरोपी ने शादी करने से इन्कार कर दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जब उसकी भाभी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि दुष्कर्म और धमकाने की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जाजमऊ पुराने गंगा पुल की बेयरिंग्स टूटीं, पुल में बढ़ा कंपन्न

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** जाजमऊ पुराने गंगा पुल की कई बेयरिंग टूट गई तो कई खराब हो गई हैं। कमजोर होते जा रहे इस पुल में कंपन बढ़ने से वाहन चलाते समय हिचकोले लगने लगे हैं। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) ने जांच कर इस पुल की जल्द मरम्मत कराने की संस्तुति की है। मानसून सीजन के बाद मरम्मत कराने की तैयारी है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एनएचएआई) ने बुधवार को विशेष केमिकल (फॉसरॉक) वाले आरसीसी मिश्रण से पुल के गड्ढों पर पैचवर्क शुरू कर दिया है। शहर से लखनऊ आवागमन के लिए 1975 में जाजमऊ से उन्नाव जिले की सीमा तक गंगा पर पुल बनाया गया था। लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम से निजात दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस पुल के समानांतर अप स्ट्रीम (शहर व शुक्लागंज) की तरफ 2011 में दूसरा पुल बनवाया।

# पिता ने नहीं दी बाइक तो स्पेयर पार्ट्स व्यापारी ट्रेन के आगे कूदा, मौत





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गोविंदनगर थानाक्षेत्र में पिता के बाइक देने से मना करने और मां के डांटने पर स्पेयर पार्ट्स व्यापारी ने घर से 500 मीटर की दूरी पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बुधवार सुबह वह बिना बताए घर से चला गया था। परिजनों के फोन करने पर उसने कॉल भी रिसीव नहीं की। गुरुवार सुबह पुलिस ने कानपुर-झांसी रेलवे लाइन किनारे उसका शव पड़ा होने की परिजन को सूचना दी तो परिजनों में चीख पुकार मच गई।

दबौली वेस्ट निवासी राधाकृष्ण राजपूत का इकलौता बेटा कुलदीप राजपूत (27) पिता के साथ स्पेयर पार्ट्स का व्यापार करता था। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि कुलदीप को बुधवार की सुबह कचहरी में कुछ काम था। उसने पिता से बाइक मांगी थी जिस पर उन्होंने बाइक तेज चलाने की बात कहकर चाबी देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर मां मिथलेश ने भी बेटे को डांट दिया। इससे नाराज होकर कुलदीप घर से चला गया। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने कुलदीप के मोबाइल पर कई बार कॉल की लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। दोस्तों और रिश्तेदारों से जानकारी करने पर उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने रातभर बस अड्डा, रेलवे स्टेशन आदि जगह भी तलाश की।

पुलिस को गुरुवार सुबह कानपुर-झांसी लाइन पर शव पड़े होने की जानकारी मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर परिजनों को कुलदीप के ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की जानकारी दी। इकलौते बेटे की मौत से मां मिथलेश बेसुध हो गईं।

वहीं बहनें किरन, साधना और खुशबू रो-रोकर बदहवास थीं। गोविंदनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि पिता के बाइक देने से मना करने और मां के डांटने पर युवक ने आत्महत्या की है। परिजन ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# डॉ.नेमी ने तीसरी बार संभाला पदभार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में शासन के आदेश के बाद डॉ. हरिदत्त नेमी ने गुरुवार सुबह 10 बजकर पांच मिनट पर सीएमओ का चार्ज संभाल लिया। चार्ज संभालने के बाद जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछे, तो उन्होंने हर सवाल का जवाब %नो कमेंट% कहकर दिया। चार्ज संभालने के बाद, सीएमओ ने सबसे पहले चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को बुलाया और उनसे बातचीत की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि काम में अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. नेमी ने निर्देश दिए हैं कि सीएमओ कार्यालय में दाखिल होने वाले हर शख्स को अपना नाम, पता और काम लिखकर ही मुलाकात करने की अनुमति मिलेगी।

डॉ.हरिदत्त नेमी ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सरकार के फैसले के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए डॉ. हरिदत्त नेमी के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने स्टे आदेश के बावजूद डॉ. नेमी को निलंबित करने के मामले को गंभीरता से लिया।

डॉ.नेमी ने कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बताया कि कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद उन्हें निलंबित किया गया। याचिका दाखिल होने के बाद सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया। न्यायालय ने इस मामले को प्रथम दृष्टया कोर्ट की अवमानना माना है। कोर्ट ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई तक सभी संबंधित रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया है। शासन ने दोबारा से डॉ. हरिदत्त नेमी को कानपुर का सीएमओ डॉ. उदयनाथ को वापस श्रावस्ती भेजने का आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

# नेहरू पार्क के पेड़ नहीं काटे जाएंगे, वन विभाग को नोटिस

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगरपालिका मिंटिंग हाल मे नगरपालिका के नेहरू पार्क में पेड़ काटने को लेकर जोर-जोर से चर्चा हुई और वन विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजा गया है कि पेड़ ना काटे जाएं। अध्यक्ष इखलाक खां की अध्यक्षता, अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा के संचालन मे बोर्ड बैठक हुई बैठक मे वर्ष 2025-26 का आय व्यय सड़क, जलापूर्ती, व जल निकासी का खर्च पर चर्चा हुई सभासद अशोक चंद तिवारी उर्फ गुड्डा, हितेश भदौरिया महेश कुमार, शमीम द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि नेहरू पार्क आदि जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाए और जो भी नगर पालिका के अंतर्गत वृक्ष लगे हैं वह बगैर नगर पालिका की अनुमति के ना काटे जाए नगरपालिका अध्यक्ष इखलाक खां अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा ने सभासदो से सहयोग मांगते हुये आश्वस्त किया स्वीकृत सभी प्रस्तावो पर शीघ्र ही प्रयास किए जाएंगे जहां पर किसी भी वार्ड में जल भराव और कूड़ा जमा हो उसकी सूचना तुरंत करें जिससे वहां पर साफ़ सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की जा सके। बैठक मे वरिष्ठ लिपिक अजय बाबू, जितेंद्र सिंह, सभासद नीतू अवस्थी, अर्सी, लालबाबू, महेश कश्यप आदि सभासद मौजूद रहे।

# बिल्हौर एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एमडीएम टास्क फोर्स समिति की बैठक

- बिल्हौर बीईओ रवि कुमार सिंह ने जन्म प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय एमडीएम टास्क फोर्स की बैठक आहूत की। जिसमें सभी विकासखण्ड स्तरीय एमडीएम टास्क फोर्स सदस्य उपस्थित रहे । बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि कुमार सिंह ने जन्म प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण अद्यतन छात्र /छात्राओं का प्रवेश व शासन द्वारा दी गयी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाने की बात रखी जिस पर एसडीएम ने बीडीओ को तत्काल सचिव के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में निर्धारित मीनू के अनुसार ही मध्याह्न भोजन बनाया जाए। प्रत्येक सोमवार को फल व बुधवार को दूध वितरण सुनिश्चत किया जाये। विद्यालय में, कायाकल्प आदि का अवशेष कार्य शीघ्र कराए जाये। तथा खाद्यान्य की अनुपलब्धता के कारण मध्याह्न भोजन बाधित न हो उक्त के सम्बन्ध में पूर्ति निरीक्षक को खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित दिया। एसडीएम ने संचारी रोग के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चर्चा की। गांव में साफ सफाई हेतु एडीओ पंचायत को निर्देशित किया। और सीडीपीओ से आंगनवाड़ी के संबंध मे चर्चा की। गांव की साफ-सफाई हेतु एडीओ को निर्देशित किया। उक्त बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ककवन कमलेश कुमार गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी शिवराजपुर कृपाशंकर यादव, खंड शिक्षा अधिकारी चौबेपुर आनंद कुंवर पटेल तहसीलदार अनुभव चंद्रा सहित सभी क्षेत्रीय नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश राजपूत एवं रंजीत सिंह तथा सीएचसी से डाक्टर अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## बिल्हौर एसडीओ हाइडल की लापरवाही के चलते खजुरिया निवादा गांव का ट्रांसफार्मर फुंका

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र के ट्रांसफर हो जाने पर गांव में पीने का पानी, मोबाइल चार्जिंग और गर्मी से बेहाल है लगातार बिजली विभाग द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं कि अगर कहीं भी ट्रांसफार्मर फुंकता है तो 72 घंटे के अंदर उस जगह पर ट्रांसफर पहुंचाया जाए और सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था संचालित की जाए लेकिन कई 72 घंटा बीत जाने के बावजूद भी फुंका हुआ ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया जिससे खजुरिया नेवादा ग्राम में लोगों का गर्मी से बेहाल जीवन है और पीने का पानी ठप पड़े हुए हैं वहीं जेई निर्मल कुमार ने बताया कि अभी आईडी जेनरेट नहीं हो पाई है जिसके कारण कार्य नहीं हो पा रहे हैं फिर भी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है जल्द ही ग्राम वासियों को समस्या से निजात दिलाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देंगे और बिजली विभाग के कर्मचारियों की करतूतें बताएंगे बिना पैसे के लिए ट्रांसफर भी नहीं लगता है।

## अमेरिका की कंपनी ने मांगा न्यायिक जांच का आदेश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पुर्जे बनाने के नाम पर 55 लाख रुपये की ठगी के मामले में अमेरिका की कंपनी ने न्यायिक जांच का आदेश मांगा है। अब कमिश्नरी पुलिस न्यायिक आदेश के लिए कोर्ट जाने की तैयारी में है। एचएएल के अपर महाप्रबंधक ने मार्च में साइबर क्राइम थाने में लगभग 55 लाख रुपये की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि एचएएल को यूएसए की कंपनी से लड़ाकू विमान के पुर्जे चाहिए थे। अधिकारियों ने ईमेल कर कंपनी से संवाद किया। इस बीच साइबर अपराधियों ने फर्जी ईमेल जारी कर एचएएल से रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर क्राइम की टीम ने जानकारी जुटाने के लिए इंटरपोल, इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से सहयोग लिया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। एडीसीपी क्राइम अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि कंपनी जांच का न्यायिक आदेश मांग रही है। अब जिला न्यायालय में अर्जी दाखिल की जाएगी।

# शिवाजी इंटर कॉलेज चौबिगही की बालक व बालिका टीमों ने गोल्ड मेडल जीत इतिहास रचा





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर के शिवाजी इंटर कॉलेज चौबिगही बालक बालिका टीमों ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित युवा ओलिंपिक कानपुर 2025 के कबड्डी महाकुंभ में स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। दोनों टीमों ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रच दिया।इस प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया, लेकिन शिवाजी इंटर कॉलेज की टीमों का खेल देखते ही बनता था। खास बात यह रही कि दोनों टीमों के अधिकतर खिलाड़ी कम्पोजिट विद्यालय, गोहालियापुर के पूर्व छात्र/छात्राएं है। मुख्यमंत्री से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती आशा कटियार ने बताया आज भी बच्चे समस्या आने पर खेल कूद में सलाह लेते रहते हैं। जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सबका दिल जीत लिया। टीम के कोच इंशु ने अपनी निःशुल्क सेवाओं से बिल्हौर को कबड्डी के मैदान में गौरव दिलाया। उनकी मेहनत का ही परिणाम रहा कि दोनों टीमों ने हर मैच में प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी और अंततः गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत पर शिवाजी इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री हरिकिशन कटियार ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए दिनांक 21 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बालक व बालिका टीमों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता स्थल पर राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता श्रीमती आशा कटियार, उषा पाल, मुक्ति त्रिवेदी, पुनीत बाजपेई, दिनेश कुमार द्विवेदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया शिवाजी इंटर कॉलेज की ये जीत न केवल बिल्हौर के लिए बल्कि पूरे कानपुर के लिए गर्व का क्षण है। कबड्डी में बिल्हौर का परचम अब और ऊँचाई छूने को तैयार है।

## कानपुर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगाई लंबी छलांग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में कानपुर ने अपनी रैंक में जबरदस्त सुधार किया है।

पिछले साल राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं रैंक पर रहा कानपुर अब सीधे 13वें स्थान पर आ गया है, जो शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इतना ही नहीं, पूरे उत्तर प्रदेश में कानपुर को दूसरा स्थान मिला है। यूपी में पहले स्थान पर राजधानी लखनऊ है, जिसने राष्ट्रीय रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया है।

स्वच्छता के साथ-साथ, गार्बेज फ्री सिटी रैंकिंग में भी कानपुर को 5-स्टार प्लस (5+) की शानदार रेटिंग मिली है, जो शहर में ठोस कचरा प्रबंधन के बेहतर प्रयासों को दर्शाता है।

## हार्ट पेशेंट उद्यमी को केस्को ने दिया झटका, एक माह का बिल भेज दिया 57 लाख

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में किराये की जगह में फैक्टरी चलाने वाले हार्ट पेशेंट उद्यमी को कोस्को ने जुलाई में 57,99,272 रुपये का बिल थमा दिया। अब वह इसे ठीक कराने के लिए भटक रहे हैं। बुधवार को उन्होंने दादानगर में आयोजित समाधान दिवस में कोपे स्टेट के चेयरमैन से अपनी समस्या बताई। मौके पर पहुंचे केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन को मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने इसकी जांच कराने का आश्वासन दिया। गुजैनी निवासी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 2017 में दादानगर में किराये पर प्लॉट लेकर प्लास्टिक दाने की फैक्टरी डाली थी। यहां उनके बेटे गर्वित मिश्रा के नाम विद्युत कनेक्शन है जिसकी 2022 में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। फैक्टरी में 67-67 किलोवाट के दो मीटर लगे हैं जिनमें से एक चलता नहीं है। अभी तक एमआरआई से हर माह करीब डेढ़ लाख का बिल आ रहा था, जिसे वह समय पर जमा कर रहे थे। इस बार जुलाई में उन्हें 57,99,272 रुपये आ बिल दे दिया गया। इस पर केस्को अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वह हार्ट के मरीज हैं और तीन जून को उन्होंने कार्डियोलॉजी में एंजियोप्लास्टी कराई थी। केस्को के समाधान शिविर में बुधवार को 92 शिकायतें आईं जिसमें 49 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष को जांच के बाद निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। उद्यमियों की समस्याओं को लेकर केस्को एमडी के साथ विजय कपूर ने बैठक की।

# फिरौती के लिए की कॉल, जीआरपी ने बिछाया जाल, सेंट्रल पर मिला अपहृत किशोर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

जीआरपी ने सूचना मिलने के सिर्फ ढाई घंटे में दिल्ली से अपहृत किशोर को सेंट्रल स्टेशन से बरामद कर लिया। फिरौती के लिए कॉल आने वाले नंबर को जब ट्रेस किया गया तो उसकी लोकेशन दिल्ली से बरौनी जा रही क्लोन स्पेशल ट्रेन में मिली। इस पर जीआरपी ने सेंट्रल पर अपना जाल बिछा दिया और खोजबीन के बाद किशोर को बुजुर्ग महिला के साथ बरामद कर लिया। जीआरपी ने दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सेंट्रल स्टेशन जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण ने बताया कि एसपी जीआरपी प्रशांत वर्मा ने बुधवार रात किशोर के अपहरण की सूचना दी थी। बताया कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कारवालनगर निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी प्रेम बाबू सिंह के 14 वर्षीय बेटे अनुज का अपहरण कर नई दिल्ली से बरौनी जा रही क्लोन स्पेशल ट्रेन से ले जाया जा रहा है। इस पर तीन टीमें गठित की गईं। गुरुवार रात 11:50 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर-7 पर आई। घेराबंदी कर सभी कोच देखे पर कोई नहीं मिला जबकि फिरौती मांगने वाले नंबर की लोकेशन सेंट्रल पर ही ट्रेस हो रही थी। इस पर प्लेटफार्मों, सिटी व कैंट साइड परिसर में छानबीन की गई। देर रात करीब 2:20 बजे प्लेटफार्म नंबर-1 के दिल्ली छोर पर बुजुर्ग महिला के साथ संदिग्ध हालात में किशोर दिखा। फिरौती के लिए फोन करने वाले नंबर पर कॉल की गई तो किशोर की पैंट की जेब में पड़े मोबाइल की घंटी बजी। इस पर महिला और किशोर को जीआरपी थाने लाया गया। बुजुर्ग महिला ने खुद को हमीरपुर निवासी और किशोर को पौत्र बताकर बरगलाया। सख्ती करने पर महिला ने स्टेशन पर ही किशोर के मिलने की बात कही। हालांकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सीओ जीआरपी दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया कि अपहृत किशोर को दिल्ली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। आगे की जांच वहीं की पुलिस करेगी। आशंका है कि किशोर ने खुद के अपहरण की कहानी रची है।

सेंट्रल पर बुजुर्ग महिला के साथ मिला कक्षा नौ के छात्र अनुज जीआरपी को बरगलाने की कोशिश करता रहा। उसने पहले बताया कि वह हमीरपुर में दादी के घर जा रहा था। बाद में बोला कि स्कूल के बच्चे परेशान करते थे। जब स्कूल से निकला तभी किसी ने अगवा कर लिया। उसके ही मोबाइल से फिरौती मांगी गई। इस पर पिता ने 50 हजार रुपये ट्रांसफर भी किए। पिता से एक लाख रुपये की और मांग की गई थी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कारवालनगर थाने के उप निरीक्षक अभिमन्यु तोमर ने बताया कि बुधवार को अपहरण का रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा पाक

**एससीओ के शीर्ष नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बताया है कि 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन एवं संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एससीओ सदस्य देशों के अन्य नेताओं के इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है।**

*चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच भले ही मंच साझा हो, लेकिन उनके दृष्टिकोण, प्राथमिकताएं और वैश्विक भूमिका को लेकर सोच में गहरी खाई कायम है। जहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वक्तव्य एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और वैश्विक दृष्टिकोण से परिपूर्ण था, वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण पुरानी शिकायतों, पाकिस्तान की विक्टिम कार्ड वाली छवि और कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण में एससीओ की प्रासंगिकता, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ साझा जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने न सिर्फ भारत की उभरती हुई वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि इस मंच के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश भी दिया कि आतंकवाद और सीमा-पार हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए जयशंकर ने एससीओ को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य से नहीं भटकने की सलाह भी दी। साथ ही जयशंकर का फोकस भारत की वसुधैव कुटुंबकम की नीति और आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भारत के रुख ने एक जिम्मेदार और परिपक्व वैश्विक शक्ति की छवि भी पेश की। दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण कहीं न कहीं भारत के विरुद्ध पूर्व निर्धारित एजेंडे और पुराने दावों का ही विस्तार प्रतीत हुआ। इशाक डार ने अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाकर इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर घसीटने की कोशिश की, जबकि एससीओ का मापदंड है कि यह मंच द्विपक्षीय विवादों के लिए नहीं, बल्कि साझा क्षेत्रीय हितों के लिए है। डार के भाषण में पहलगाम हमले से पल्ला झाड़ने, भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और भारत के साथ संवाद की आवश्यकता भी जताने जैसी बातें मुख्य बिंदू रहीं। इशाक डार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण एशिया में ''बेहद परेशान करने वाली घटनाएं'' हुईं। इशाक डार ने कहा, ''पाकिस्तान संघर्ष-विराम और स्थिर क्षेत्रीय संतुलन कायम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। हालांकि, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि बल का मनमाना प्रयोग सामान्य हो जाए।'' देखा जाये तो पाकिस्तान एक ओर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करता रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्थिरता और विकास की बातें करता रहा, जो उसकी नीति में अंतर्विरोध को ही उजागर करता है। भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण पर गौर करेंगे तो एससीओ मंच पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का फर्क दिखाई देगा। जहां भारत आर्थिक विकास, आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता और क्षेत्रीय स्थिरता की बात कर रहा था, वहीं पाकिस्तान अब भी कश्मीर राग और भारत-विरोधी विमर्श में उलझा हुआ दिखा। भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तो पाकिस्तान अब भी अपनी पहचान और अस्तित्व की राजनीति में उलझा है। इस बैठक से स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान अपने पुराने एजेंडे से बाहर आने को तैयार नहीं है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 फीसद प्रतिशत हिस्सा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश में 119 अरबपति हैं। 2000 में इनकी संख्या केवल 9 थी, जो 2017 में बढ़कर 101 हो गई।**

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत



उमेश चतुर्वेदी

**मुफ़्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोए। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारम्?परिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिए जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है।**

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्?य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश %सामान्?य से कम% असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत?यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि



**इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अरबपतियों की संपत्ति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उनकी कुल संपत्ति वित्त वर्ष 2018-19 के भारत के केंद्रीय बजट से भी ज्यादा रहा। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी तो है।**

एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है। विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिए लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिए जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमज़ोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहुंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किए जा चुके थे। राज्य के कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत ?3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। जिसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रूपए तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रूपए दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 17:00 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 26:12 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सुकर्माण, 06:45 |
| सूर्योदयः | 05:38 |
| सूर्यास्तः | 19:15 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 10:44-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### भेजेंगे हम जेल !

*आ गई यदि सत्ता तो ।*
*भेजेंगे हम जेल ।।*
*बैठक बंद कमरे में ।*
*शुरू हो गया खेल ।।*
*डाल डाल और पात पात ।*
*घड़ी ऐसी आन ।।*
*अहं का टकराव ही ।*
*खतरे का निशान ।।*
*तू तू मैं मैं शुरु हुई ।*
*है चुनाली बेला ।।*
*करना दो दो हाथ है ।*
*कोई नहीं अकेला ।।*
*है आई बहार ।*
*होते व्यक्त विचार ।।*
*शब्दों का कमाल ।*
*है सबका अधिकार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रोज सिर्फ 10 मिनट दौड़कर भी रह सकते हैं स्वस्थ

**आज** के समय में अनहेल्दी खानपान के कारण ज्यादातर लोग वजन बढ़ने और स्वास्थ्य से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को नियमित रूप से एक्सरसाइज करने और रनिंग करने की सलाह दी जाती है। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने, इम्यूनिटी को बूस्ट करने, ब्रेन को रिलैक्स करने और स्वास्थ्य को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है। लेकिन, कुछ लोग वजन कम करने के लिए घंटों एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन क्या अच्छे स्वास्थ्य और वजन को कम करने के लिए घंटों एक्सरसाइज करना जरूरी है? या सिर्फ 10 मिनट रनिंग करने से स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं? डॉ. विनीत बंगा के अनुसार, हां, रोज सिर्फ 10 मिनट दौड़ने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। यह भले की कम समय के लिए होती है, लेकिन इसके फायदे लंबे समय तक दिखाई देते हैं। रनिंग करने से हार्ट के स्वास्थ्य में सुधार करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है, साथ ही, 10 मिनट रनिंग करने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। कई लोग भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण लंबी एक्सरसाइज नहीं कर



पाते हैं। ऐसे में उनके लिए 10 मिनट रनिंग करना एक सामान्य और असरदार तरीका है। इससे मूड में सुधार करने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, प्रतिदिन 5-10 मिनट तक और धीमी गति से 6 मील प्रति घंटे से कम दौड़ने से सभी कारणों से मृत्यु और हृदय रोग के जोखिम में उल्लेखनीय कमी आती है।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद:** नियमित 10 मिनट रनिंग करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। रोज 10 मिनट की रनिंग करने से शरीर में एंडोर्फिन नामक रसायन निकलता है, जिससे ब्रेन को रिलैक्स करने, स्ट्रेस, चिंता को कम करने, मूड को बेहतर करने, नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और शरीर में एनर्जी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**हार्ट के लिए फायदेमंद:** नियमित रूप से 10 मिनट की रनिंग करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन के स्तर को बेहतर करने में मदद मिलती है, जिससे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने, हार्ट को हेल्दी रखने और हार्ट से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने में सहायक:** 10 मिनट के लिए नियमित रनिंग करने से शरीर को फिट रखने कैलोरीज को बर्न करने, मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और वजन कम करने में मदद मिलती है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

**मांसपेशियों के लिए फायदेमंद:** नियमित रूप से 10 मिनट रनिंग करने से मांसपेशियों को मजबूती देने और टोन करने में मदद मिलती है। इससे शरीर को फिट और हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** नियमित रूप से 10 मिनट की एक्सरसाइज करने से हार्ट को हेल्दी रखने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने, मांसपेशियों को मजबूती देने, वजन कम करने, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने, स्ट्रेस और डिप्रेशर से राहत देने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, घुटनों से जुड़ी समस्या होने या कोई पुरानी बीमारी होने पर रनिंग करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्वच्छता एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते सामाजिक संगठन



प्रहलाद सबनानी

**धार्मिक संगठनों, एवं नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है कि मैं ग्वालियर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु, आज से प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करूंगा। अभी तक एक लाख से अधिक नागरिकों को यह शपथ दिलाई जा चुकी है।**

**इस** धरा पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के लिए प्रकृति ने पर्याप्त खाद्य पदार्थ दिए हैं परंतु अति लालच के चलते मानव ने प्रकृति का शोषण करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए पर्यावरण का अत्यधिक नुकसान किया है और इसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है। कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं तो करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है। बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी के पीछे अपर्याप्त हरियाली, अधिक आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट आदि कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों एवं कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी अब दूभर हो रहा है। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक शोषण करना बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विस्तार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा। उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, सेवा कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। साथ ही, विभिन्न शहरों को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने हेतु भी विशेष अभियान प्रारम्भ किए हैं। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को स्वच्छ, नशामुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। इसी संदर्भ में ग्वालियर महानगर में विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक विशेष सत्र में इस बात पर विचार किया गया कि ग्वालियर महानगर को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाया जाना चाहिए। उक्त शिविर के समापन के पश्चात उक्त समस्याओं के हल हेतु विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं की तीन बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में विस्तार से विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि कुछ चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन्न मठ, मंदिरों, स्कूलों, संस्थानों आदि में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा जाए ताकि उक्त समस्याओं के हल में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस संदर्भ में चुने गए 60 कार्यकर्ताओं के लिए एक वक्ता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इन चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन संस्थानों में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया था ताकि उक्त समस्याओं के हल करने हेतु समाज को भी साथ में लेकर कार्य को सम्पन्न किया जा सके। साथ ही, ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त सुंदर नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, ग्वालियर के चुने हुए 29 चौराहों पर मानव श्रृंखलाएं बनाई गई थी, लगभग 8,000 नागरिकों ने इस मानव श्रृंखला में भागीदारी की थी।

**संघ के ग्वालियर विभाग द्वारा ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की गई। जिसके अंतर्गत ग्वालियर के कई विद्यालयों में वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में भारी मात्रा में पौधारोपण किया गया। ग्वालियर की पहाड़ियों पर भी इस मानसून के मौसम के दौरान हजारों की संख्या में नए पौधे रोपे गए हैं।**

# जिला पंचायत बैठक में हंगामा: युवक ने कृषि अधिकारी को जड़ा थप्पड़, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिला पंचायत की बैठक उस वक्त विवादों में घिर गई जब बैठक के दौरान एक युवक ने जिला कृषि अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिया। यह घटना उस समय घटी जब कृषि अधिकारी खाद की उपलब्धता के आँकड़े प्रस्तुत कर रहे थे। युवक अचानक आया और अधिकारी पर हमला कर दिया, जिसके बाद बैठक स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद सदस्यों ने बीच-बचाव कर अधिकारी को हमले से बचाया।बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में हो रही थी, जिसमें पंचायत बोर्ड के सदस्य शामिल थे। बैठक की शुरुआत से ही सदस्यों ने अधिकारियों की



अनुपस्थिति और विकास कार्यों की अनदेखी पर नाराजगी जाहिर की। जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद ने यह आरोप लगाया कि सभापति की बैठकों में जिले स्तर के अधिकारी गंभीरता से भाग नहीं लेते।असलम जावेद ने यह भी कहा कि जिला पंचायत का अपने ही निर्माण विभाग पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। सदस्यों को अपने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी तक नहीं दी जाती। इसी कारण से बैठक में आक्रोश का माहौल बना हुआ था। बैठक के दौरान जब जिला कृषि अधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और खाद की उपलब्धता पर जानकारी देने लगे, तभी अचानक एक युवक ने आकर उन्हें थप्पड़ मार दिया। इसके बाद हॉल में हंगामा हो गया।इस घटना के दौरान अन्य सदस्य भी विकास कार्यों में अधिकारियों की लापरवाही को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहे थे। कई सदस्यों ने अधिकारियों पर कमीशनखोरी और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इस घटना ने अधिकारियों की जवाबदेही और सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। आखिर पंचायत जैसी महत्वपूर्ण बैठक में सुरक्षा व्यवस्था क्यों नाकाम रही? और क्या यह घटना अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ती दूरियों का संकेत नहीं है।

# पहली किस्त आई, दूसरी का अता पता, नहीं पीड़िता फंसी अधर में

- जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़झाला




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पीड़िता बेवा कमला देवी पत्नी स्वर्गीय बाबूराम निवासी न050 भीरा जिला खीरी की मूल निवासिनी है। पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त मिली थी जिससे फाउंडेशन तैयार कर लिया गया है। द्वितीय किस्त हेतु पीड़िता ने प्रार्थना पत्र भी दिया है परन्तु आज तक जियो टेक नहीं किया गया है तब पीड़िता ने जियोटेकर से सुमित से सम्पर्क किया सुमित ने कहा कि परियोजना अधिकारी बदल चुके हैं। जब तक तुम हमे 20000/- रुपये (बीस हजार रुपये) नहीं दोगी हम जियोटेक नहीं करेंगे। हमको अधिकारियों को पैसा देना पड़ता है। पीड़िता बहुत गरीब महिला है किसी तरीके से गुजर बसर कर रही है। साहब मेरे पास 20000/- रुपये नहीं है मैं कहां लाऊंगी। पीड़िता ने बहुत मिन्नते की परन्तु द्वितीय किस्त का जियो टेक बिना पैसे के नहीं कर रहे हैं। जिससे पीड़िता काफी आहत है। बीना दाम नहीं हो रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना में देखते हैं पीड़िता को जिला अधिकारी के यहां न्याय मिलता है क्या इसी तरह न्याय के लिए दर दर भटती रहेगी।

# गन्ना सर्वे सत्यापन अभियान 20 जुलाई से

## पारदर्शिता के साथ चलेगा 'ग्रामवार सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम

- किसानों को मिलेगा सटीक जानकारी का लाभ, आपत्तियों का होगा तत्काल समाधान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी शासन व्यवस्था के अंतर्गत पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना विभाग किसान के द्वार विषयक ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे व सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 30 अगस्त 2025 तक चलाया जाएगा। यह अभियान पूरी तरह पारदर्शिता, जवाबदेही और किसान भागीदारी को ध्यान में रखकर संचालित किया जाएगा।
गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने जानकारी दी कि गन्ना सर्वेक्षण कार्य 1 मई से प्रारंभ होकर पूर्ण कर लिया गया है। अब ग्रामवार 63 कॉलम की सूची का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक किसान की गन्ना रकबा, किस्म, मोबाइल नंबर, बैंक खाता, बेसिक कोटा समेत सभी विवरण शामिल होंगे।

### किसानों को मौके पर मिलेगी जानकारी, दर्ज कर सकेंगे आपत्ति

सट्टा प्रदर्शन के दौरान गन्ना पर्यवेक्षक किसानों को सर्वे से संबंधित समस्त जानकारी देंगे। यदि किसी किसान को जानकारी में त्रुटि प्रतीत होती है तो वह मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत कर आपत्ति दर्ज करा सकता है, जिसका तत्क्षण निस्तारण किया जाएगा। इस कार्य में गन्ना विभाग एवं संबंधित चीनी मिलों के पर्यवेक्षक संयुक्त रूप से भाग लेंगे, जिनकी निगरानी वरिष्ठ अधिकारी करेंगे।

### ऑनलाइन सुविधा से भी दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

जो किसान किसी कारणवश मौके पर उपस्थित नहीं हो सकते, उनके लिए विभागीय पोर्टल पर 63 कॉलम की जानकारी लाइव उपलब्ध रहेगी। ऐसे किसान ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, जिसका समाधान भी डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। गन्ना विभाग ने स्पष्ट किया है कि पेराई सत्र 2025-28 के लिए गन्ना आपूर्ति का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने 30 सितंबर 2025 तक समिति की सदस्यता प्राप्त कर ली होगी। इस तिथि तक गन्ना उपज बढ़ोतरी के लिए निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन भी किया जा सकेगा।

### तकनीकी जानकारी व निरीक्षण की व्यवस्था

ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को उन्नत गन्ना खेती की तकनीकी जानकारी भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इन कार्यक्रमों की नियमित रूप से निगरानी जिला एवं मंडल स्तरीय अधिकारी करेंगे, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व त्रुटिरहित बनी रहे।

# तहसीलदार ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ शरणालय एवं बाढ़ बचाव कार्य का किया निरीक्षण



तहसीलदार हवीब उर रहमान अंसारी द्वारा पीड़ित किसानों को अवगत कराया गया कि जिला प्रशासन/तहसील प्रशासन द्वारा नियमानुसार सरकार द्वारा दी जा रही हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

- कटान पीड़ितों को सरकार द्वारा हरसंभव मदद दिलाने का तहसीलदार ने दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। बुधवार को पूरनपुर तहसील के तहसीलदार ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ शरणालय एवं शारदा नदी द्वारा किए जा रहे भूमि कटान से बचाने के लिए कराये जा रहे बाढ़ बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर पीड़ितों से मिलकर सरकार द्वारा हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। बुधवार को पूरनपुर तहसील के तहसीलदार हवीब उर रहमान अंसारी राजस्व टीम के साथ ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर नेहरु नगर(भरतपुर)गांव के बाढ़ शरणालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी कर कर्मचारियों को बाढ़ शरणालय को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया है।इसके बाद तहसीलदार टीम के साथ गांव श्रीनगर पहुंचकर शारदा नदी के द्वारा पूर्व में किए गए भूमि कटान और बाढ़ खंड के द्वारा कराये जा रहे बाढ़ बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद पीड़ित ग्रामीणों से उनकी बात सुनकर उन्हें सरकार द्वारा हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है साथ ही बाढ़ खंड को बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है।तहसीलदार हवीब उर रहमान अंसारी बाढ़ खंड के अवर अभियंता के साथ संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया है। निरीक्षण के समय भूमि/फसल कटान से पीड़ित किसान महेंद्र व सुरेंद्र व उनके परिवार के लोग मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार के अलावा राजस्व लेखपाल आशीष कुमार निषाद श्याम मौर्या अन्य लोग मौजूद रहे।

# सच्चे प्रेम और भक्ति का उदाहरण है शिव-पार्वती विवाह

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

शिव की नगरी छोटी काशी स्थित साई मैरिज लान में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्री मद भागवत कथा में कथा व्यास संजीवनी मिश्रा ने भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह की कथा बहुत ही रोचक ढंग से सुनाई है। उन्होंने कहा कि देवी पार्वती भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या करती हैं। वह उन्हें प्रसन्न करने के लिए अपनी भक्ति और प्रेम को प्रदर्शित करती हैं।जब वह तपस्या से प्रसन्न होते हैं, तो वे उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करते हैं। शिव पार्वती का विवाह सच्चे प्रेम और भक्ति की किसी भी बाधा को पार कर सकती है। रोचक पहलू भी हैं जैसे कि भगवान शिव का विवाह के लिए तैयार होना, देवी



पार्वती का सोलह श्रृंगार करना, और विवाह समारोह में देवताओं और ऋषि-मुनियों का आगमन। यह कथा हमें प्रेम, भक्ति और तपस्या के महत्व को समझाने के साथ-साथ हमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाती है। इस मौके पर व्यापारी नेता एवं समाजसेवी पटेल अशोक कनौजिया, जिला पंचायत सदस्य शिखा कनौजिया, सतीश वर्मा, पवन वर्मा, राजदीप एडवोकेट, प्रदीप कुमार, कृष्ण मुरारी, रामसेवक प्रियंका समेत दर्जनों श्रोता मौजूद रहे।

# एक बोरी यूरिया खाद मांग रहे मां-बेटे दोनों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

- इस घटना के बाद किसान नेताओं ने खाद वितरण की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी के चलते भारी किल्लत किसानों के लिए सिरदर्द बनी हुई है।इस बीच फरधान थाना क्षेत्र की भदूरा सहकारी समिति पर उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया जब खाद लेने पहुंचे किसानों और पुलिस के बीच हाथापाई शुरू हो गई।हालात बिगड़ते देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।वहीं चर्चा है कि एक किसान मां-बेटे यूरिया खाद लेने के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने उन दोनों पर भी लाठियां बरसा दीं। इससे पुलिस के खिलाफ भी लोगों में गुस्सा दिखा।सुबह से ही सहकारी समिति पर सैकड़ों किसान यूरिया खाद के लिए लाइन में लगे थे। गर्मी, अव्यवस्था और खाद की सीमित उपलब्धता के कारण किसानों में



आक्रोश बढ़ता जा रहा था। किसान आरोप लगा रहे थे कि समिति द्वारा खाद का अनुचित वितरण किया जा रहा है और उन्हें बार-बार टालकर परेशान किया जा रहा है। स्थिति तब बिगड़ी जब कुछ किसान आक्रोशित होकर बवाल काटने लगे पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन किसानों की भीड़ उग्र हो गई और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस दौरान कुछ किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी और माहौल उग्र होता चला गया।लाठीचार्ज से किसानों में गुस्सा स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, लाठीचार्ज के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई, लेकिन किसानों में गुस्सा बरकरार है। इस घटना के बाद किसान नेताओं ने खाद वितरण की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।गुरुवार को मैगलगंज के औरंगाबाद स्थित साधन सहकारी समिति पर खाद को लेकर लाइन में लगी महिलाएं आपस में भिड़ गई। इसके बाद जमकर लात-घूंसे और चप्पल चलें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया।जिले में खाद की किल्लत के बीच गुरुवार को यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जिले के दौरे पर आए थे। उन्होंने महेवा गंज सहित अन्य सरकारी समितियां निरीक्षण भी किया था। इसके बाद मंत्री ने कहा था कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है, लेकिन उनकी मौजूदगी में ही मैगलगंज के औरंगाबाद साधन सहकारी समिति पर महिलाओं में खाद को लेकर जूते चप्पल चले थे।अखिलेश यादव ने उठाए सवाल सहकारी समिति पर पुलिस का लाठी चार्ज करते वीडियो वायरल होने के बाद यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि खाद मांगने पर अपमान भाजपाई क्या आईना नहीं देखते।

# अनुपम कॉलोनी में चलती ई-स्कूटी में लगी आग, राहगीरों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शहर की पॉश अनुपम कॉलोनी, हुसेनाबाद में गुरुवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक चलती ई-स्कूटी अचानक आग का गोला बन गई। स्कूटी में अचानक धुआं उठता देख चालक घबराया, लेकिन साहस दिखाते हुए समय रहते खुद को बचा लिया और सुरक्षित दूरी पर खड़ा हो गया। बाद में वह जलती स्कूटी का वीडियो बनाने लगा। घटना टीडी कॉलेज रोड की ऑफिसर कॉलोनी के पास हुई, जहां आसपास के लोग और राहगीर सहम गए। कुछ लोग डर के मारे रास्ता बदलकर निकल गए तो कुछ युवक वीडियो बनाने में जुट गए। आश्चर्यजनक रूप से यह हादसा वीआईपी इलाके में हुआ, फिर भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। हालांकि जिला विकास अधिकारी के आवास से एक कर्मचारी पानी से किसी तरह आग पर काबू पाने में मदद की। पीड़ित स्कूटी मालिक आलोक सिंह, निवासी हौज गाँव (थाना जफराबाद) ने बताया कि उसने यह स्कूटी 10 दिन पहले ही 35 हजार रुपए में खरीदी थी। आज करीब साढ़े दस बजे वह किसी काम से अनुपम कालोनी आया था, तभी स्कूटी से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में उसमें आग लग गई। यह हादसा ई-वाहनों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा करता है।

# समाजसेवी ने दरोगा पर लगाए कई आरोप, शिकायत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के रहने वाले समाजसेवी मुकर्रम अहमद खा ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग नौ बजे उनका भांजा बाइक से डेरी पर जा रहा था। तभी उसकी बाइक का पुलिस ने चालान कर दिया। जब इस संबंध में वह जानकारी करने पुलिस चौकी पर पहुंचे तो आरोप है वहां मौजूद दरोगा ने उनके साथ अभद्रता करते हुए। पुलिस चौकी से भगा दिया और रोज चलाना काटने की चेतावनी दी और कहा कि हम किसी नहीं डरते हैं। जबकि उक्त दरोगा का माधोटांडा थाने में ट्रांसफर हो चुका है। उसके बाद भी वह शेरपुर पुलिस चौकी पर ही जमें बैठे हैं। समाजसेवी ने मामले में प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर से शिकायत कर उक्त दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## बाघ की चहलकदमी का



### वीडियो वायरल

पूरनपुर। बाघ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि बाघ रोड पर चहलकदमी कर रहा है। वायरल वीडियो पूरनपुर धनाराघाट रोड का बताया जा रहा है। जब इस संबंध में डिप्टी रेंजर कपील से बात की तो उन्होंने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया और वीडियो की जाँच कराई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।

### पशुशाला में बंधी भैंस और पड़िया चोरी, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआबोझ के रहने वाले सुरेश कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था। 14 जुलाई को दरवाजे के पास बनी पशुशाला से भैंस और पड़िया चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही है।

### दो पालिकाध्यक्ष के रिक्त पदों के लिए 11 अगस्त को मतदान

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिले में नगर पालिका परिषद मिश्रिख और महमूदाबाद के अध्यक्ष का पद रिक्त है। इन दोनों पदों पर उप चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 19 जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल होंगे और 11 अगस्त को मतदान होगा। मतगणना 13 अगस्त को होगी। चुनाव प्रक्रिया संबंधित तहसील मुख्यालय पर पूरी कराई जाएगी। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 28 जुलाई को सुबह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। 31 जुलाई को सुबह 11 बजे से प्रतीक आवंटित किए जाएंगे।

# गौकशी की घटना का खुलासा, एक आरोपी को दबोचा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

नहर किनारे झाड़ियों में गोवंशीय पशुओं का वध करने की घटना का घुंघचाई पुलिस ने खुलासा कर एक तस्कर को दबोच लिया। जबकि एक मौके के फायदा उठाकर भाग गया। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के माधोपुर पुल के पास तस्करों ने झाड़ियां में कई गोवंशीय पशुओं की हत्या कर दी थी। इसके बाद खाल और कुछ पेड़ पर टांग दी। बुधवार को जानकारी लगने के बाद गोरक्षा प्रमुख शिवम भदोरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर कड़ी नाराजगी जताते हुए हंगामा कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। एक दिन पहले पेड़ से बंधे मिले गोवंशीय पशुओं की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। कार्यकर्ता उनको सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे थे। पुलिस ने पशुओं को वहीं छुड़वा दिया था। इसी बीच रात में तस्करों ने उनको मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने गौ रक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदौरिया कि ओर से अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस, एसओजी व घुंघचाई सहित तीन टीमें गठित कर घटना के खुलासे को लेकर पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। गुरुवार को पुलिस ने सूचना पर अभयपुर माधोपुर पुल के पास एक आरोपी को पकड लिया। जबकि एक तस्कर भाग निकला। पकडे गए आरोपी ने अपना नाम शानू उर्फ सागर निवासी पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 15/16 जुलाई की रात्रि में साथी फुरकान निवासी लाइनपार साहूकार व कामिल उर्फ मुराद निवासी शेरपुरकला व शामिल उर्फ चुनिया निवासी डगा सुखदासपुर ने मिलकर गौकशी की थी। कुछ मांस साथ ले गए थे और कुछ झाड़ियों में छुपा दिया था। गुरुवार को रखे मांस को लेने अपने साथी फुरकान के साथ आया था। पकडे गए तस्कर के पास से पशु काटने के उपकरण,स्कूटी और बीस किलो मांस बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने शानू उर्फ सागर निवासी पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया गौकशी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को जेल दिया गया है। फरार आरोपितों की तलाश कि जा रही है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### चाची के साथ अवैध संबंध, पत्नी और बच्चे को घर से निकाला

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने गुरुवार सुबह दस बजे बताया कि उसकी शादी 8 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही पीड़िता का पति मारपीट कर प्रताड़ित करता है। पीड़िता का दस माह का एक पुत्र भी है। आरोप है काफी परेशान करने पर जब पीड़िता ने अपने पति के बारे में जानकारी की तो पता चला कि उसकी चाची से ही उसके अवैध संबंध हैं। किसी तरह पीड़िता ने अपने पति को चाची के साथ रंगरलियां मनाने के फोटो भी प्राप्त कर लिए जो पीड़िता के पास में मौजूद है। यह सब कुछ जानकार भी पीड़िता खामोश रही और अपना घर बनाना चाहती थी। पीड़िता ने अपने पति की इस हरकत का विरोध किया। इस पर आरोपी पति व उसकी चाची ने पीड़िता व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने मायके के लोगों को दी। उक्त लोगों ने भी दामाद को काफी समझाने का प्रयास किया पर उसने पत्नी व पुत्र को घर में रखने से मना कर दिया। पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर मामले में पुलिस से शिकायत कर पति और उसकी चाची से जानमाल का खतरा बताकर कार्रवाई की मांग की है।

### अभाबा महासभा ने राम दरबार के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। पूरनपुर के कुछ लोग राजनीतिक विद्वेश के कारण उस चित्र को हटवाने का प्रयास कर रहे हैं जो कि जनभावना के प्रतिकूल है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने एस डी एम द्वारा डीएम के ज्ञापन कहा गया है पूरनपुर नगर पालिका द्वारा कोतवाली गेट के पास रामदरबार का चित्र नगर के सौन्दर्यकरण के क्रम में लगवाया गया है। जोकि अति प्रशंसनीय कार्य है भगवान राम न केवल हिन्दुओं के अपितु प्रत्येक भारतवासी के आदर्श हैं। भगवान राम के लोक कल्याणकारी शासन को रामराज्य के रूप में याद किया जाता है। सरकार भी रामराज्य को आदर्श मानते हुये उसका अनुसरण करने का प्रयास कर रही है। ऐसे समय में नगर पालिका परिषद, पूरनपुर द्वारा कोतवाली गेट पर लगाया गया रामदरबार का चित्र अति प्रासंगित व सराहनीय है तथा जनमानस सहित प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है देश के अनेक महानगरों में, विभिन्न निकायों में सरकार द्वारा पेंटिंग इत्यादि के माध्यम से ऐसे चित्र बनवाये गये हैं। ज्ञापन में निवेदन किया गया है रामदरबार का चित्र यथा स्थान लगा रहने दिया जाये ताकि रामराज्य का स्मरण हम सभी को होता रहे। हां आवश्यकतानुसार जनभावना को ध्यान में रखते हुये वहाँ पर सफाई आदि की व्यवस्था का प्रबन्ध अतिआवश्यक है।

### ग्राम प्रधान की मौत के बाद मदद को आया प्रधान संघ

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महाराजपुर के प्रधान अर्जुन मण्डल की बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गयी थी। अर्जुन की मौत से उनका परिवार ही नहीं बल्कि पूरा क्षेत्र सदमे में है। गुरुवार को पूरनपुर ब्लॉक स्थित कृषि विभाग सभागार में ग्राम प्रधान संगठन द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्गीय अर्जुन मण्डल की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु मौन रखा गया। इसके बाद स्वर्गीय प्रधान अर्जुन मण्डल के परिवार की आर्थिक मदद करते हुए ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर द्वारा 25हजार समेत प्रधान संगठन द्वारा कुल 3लाख रुपये आर्थिक मदद हेतु एकत्रित किए गए जिससे कुछ पैसों से स्वर्गीय प्रधान अर्जुन मण्डल जी के दोनों बच्चों की एफडी एवं कुछ धनराशि उनकी पत्नी को नगद दी जायेगी,इसके साथ ही उनके परिवार को जो भी सरकारी मदद होगी वह संगठन भरपूर सहयोग करेगा। यह सहयोग अखिल भारतीय प्रधान संगठन वह ब्लॉक स्टाफ सचिव द्वारा किया गया। इस दौरान कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### हरियाणा में मजदूरी पर गया ग्रामीण नही लौटा घर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मकरंदपुर के रहने वाले साजिद पुत्र बशीर ने बताया कि एक माह पूर्व उसके पिता बशीर लोधीपुर के रहने वाले ठेकेदार बाबर और राशिद के साथ मजदूरी पर गए थे। जब से अबतक न तो उन से बात हुई और न ही कोई जानकारी मिल रही है। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा सका। साजिद ने अपने पिता के बारे में दोनों ठेकेदारों से जानकारी की तो वह भी कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। जिसको लेकर परिजन काफी परेशान हैं। मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### तेंदुआ ने पालतू कुत्ते को उतारा मौत के घाट, क्षेत्र में फैली दहशत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। कबीरगंज फार्म हाउस के निकट तेंदुआ हमला करते हुए एक पालतू कुत्ते को मौत के घाट उतार दिया है बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र में बाघ तेंदुआ की चहलकदमी हमलें और दहशत रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज के कबीरगंज वन चौकी क्षेत्र के गांव कबीरगंज के ग्राम प्रधान इकबाल सिंह उर्फ पाले के घर के परिसर में उनका पालतू कुत्ता बैठा था उसी दौरान गन्ने के खेत से तेंदुआ निकल कर बैठे हुए कुत्ते पर एकाएक हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया और उसे घसीटते हुए गन्ने के तरफ लेकर चला गया। तेंदुआ के हमला से कुत्ता अपने आप को बचाने का काफी प्रयास किया मगर तेंदुआ के मजबूत पंजों एवं जबड़े से बच नहीं सका फार्म हाउस के निकट तेंदुआ के हमलें से ग्रामीणों में खौफ और दहशत का माहौल बना हुआ है इधर राणा प्रताप नगर एवं श्रीनगर गांव के मध्य शारदा नदी के किनारे एवं गन्ने के खेतों में बाघ की चहलकदमी होने से ग्रामीण पशुओं के लिए चारा लेने और अपने खेत व फसलों की देखभाल करने जाने से कतरा रहे हैं क्षेत्र के लोगों ने बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज के अधिकारियों से बाघ तेंदुआ के हमलों से ग्रामीणों को बचाने का उचित प्रबंध करने की मांग किया है।

### वन विभाग ने 13 बोटे सागौन के पकड़े, लकड़कट्टे हुए फरार

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। बेलरायां दुधवा टाइगर रिजर्व बेलरायां रेंज व भैरमपुर वन चौकी क्षेत्र की वन टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए 12 बोटे सागौन के बरामद किए वन्य जीव अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए लकड़कट्टों पर कार्यवाही की जा रही है दुधवा टाइगर रिजर्व बेलरायां क्षेत्रीय वनाधिकारी वजीर हसन ने बताया कि सागौन का पेड़ कटान की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वनाधिकारी वजीर हसन के दिशा निर्देश में वन विभाग की टीम तथा एसटीपीएफ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर लकड़कट्टों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की लेकिन लकड़कट्टे वन विभाग की टीम से घिरता देख फरार हो गए लकड़कट्टों को चिन्हित किया जा रहा है बहुत जल्द उनको हिरासत में लिया जाएगा टीम में सतीश चंद्र वन दरोगा अभिषेक सिंह वन दरोगा सुभाष कुमार वन्यजीव रक्षक शैलेन्द्र कुमार वन्यजीव रक्षक, सुमित कुमार वन्य जीव रक्षक एसटीपीएफ के सतीश, अशोक यादव, ध्रुव कुमार महेन्द्र पाल सिंह दुर्गेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर कस्बे के जहीर हसन अल्पसंख्यक इंटर कॉलेज में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल सहदेव मोहम्मदी के डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 100 मरीज का पंजीकरण किया गया। जिसमें 30 लोगों को डॉक्टर ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सलाह दी। ऑपरेशन वाले 30 मरीजों को डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की बस द्वारा हॉस्पिटल भेजा गया।अन्य मरीजों को दूर और पास की नजर के चश्मे वितरित किए गए। डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर भरत कुमार, समीर अली कोऑर्डिनेटर,शोभित कुमार, अमित राठौर,भावना द्विवेदी, रतना यादव, स्नेहा सिंह ,मुस्कान शर्मा, राधा तिवारी, नैंसी, यासमीन, अंशिका, रंजना, वसुंधरा ,साधना ने आए हुए मरीजों की जांच में सहयोग किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद यूनुस खान, कोषाध्यक्ष शादाब खान, प्रधानाचार्य वीरेश कुमार गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर इमरान खान हरपाल सिंह सहित समस्त अध्यापक बंधु एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

### बिजली बिल सही करने का अभियान चलेगा तीन दिन तक

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बिजली विभाग ने सहूलियत देने के लिए महाअभियान की शुरुआत की है। इस अभियान में बिजली के बिलों का संशोधन, लोड बढ़ाने और नए कनेक्शन की सुविधा मिलेगी। यह अभियान तीन दिन चलेगा और इसमें लखीमपुर। बिजली विभाग लोगों को सहूलियत देने को महाअभियान की शुरुआत गुरुवार से की है। इस अभियान में बिजली के बिलों का संशोधन, लोड बढ़ाने और नये कनेक्शन कराने की सुविधा कैम्प में मिलेगी। बिजली विभाग सभी खंडो में एक साथ तीन दिन का महाअभियान शुरू किया गया है। इसमें सभी पावर हाउसों सहित अन्य जगहों पर एक साथ कैम्प लगाए गए हैं। ईई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की तमाम तरह की समस्यों का समय रहते एक ही जगह पर निराकरण करने को अभियान चलाया जाएगा। इसमें नये कनेक्शन कराने के आवेदन लिए जा रहे हैं। बिल रिवीजन, मीटर बदलवाने, बिल संशोधन, कनेक्शन का लोड बढ़वाने के साथ जिले में लगे स्मार्टमीटर के बिल न आने,ज्यादा बिल आने सहित तमाम दिक्कतों को दूर किया जाएगा।

अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर...

# कोर्ट के आदेश पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, नौ मकान जमींदोज

जन एक्सप्रेस। महराजगंज।



जनपद के सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अमृतियां खास, वार्ड नंबर-4 में गुरुवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल नौ अवैध मकानों को बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त करा दिया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक टीम के साथ महराजगंज एवं घुघली थानों की पुलिस बल की भारी संख्या में मौके पर तैनाती की गई थी। कार्रवाही के दौरान नायब तहसीलदार देशप्रिय चतुर्वेदी एवं विवेक श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पूर्व में ही नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समयावधि में कब्जा खाली नहीं किया गया। कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, लेकिन प्रशासनिक सख्ती और सतर्कता के कारण कानून-व्यवस्था बनी रही। बताया जा रहा है कि अमृतियां खास क्षेत्र में लंबे समय से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध कब्जों पर इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिन पहले लापता हुई दो किशोरियां दिल्ली में मिलीं

जन एक्सप्रेस। देवरिया

नगर के दो अलग-अलग वार्डों से सोमवार को पढ़ाई के लिए घर से निकलीं दो किशोरी अचानक लापता हो गई थीं। स्कूल से घर नहीं लौटने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस की तत्परता से दोनों किशोरियों का दिल्ली में पता चला। उन्हें लाने के लिए परिवार वाले बुधवार को रवाना हो गए।
जानकारी के अनुसार, दोनों किशोरियां नगर के एक निजी स्कूल में पढ़ती हैं और अलग-अलग वार्डों की रहने वाली हैं। सोमवार को वे स्कूल के लिए घर से निकलीं, लेकिन स्कूल न जाकर ई-रिक्शा से रेलवे स्टेशन पहुंच गईं और वहां से ट्रेन पकड़ कर दिल्ली चली गईं। छुट्टी के बाद जब दोनों घर नहीं लौटीं तो उनके परिवार वाले चिंतित हो उठे और थाने में लिखित सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्टेशन मार्ग के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। दोनों किशोरियां स्टेशन की ओर जाती दिखीं। इसके बाद उनके मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया गया तो वह दिल्ली में मिला। पुलिस ने तुरंत दिल्ली जीआरपी से संपर्क कर जानकारी साझा की।

# खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू

### नेपाल सीमा पर विशेष सख्ती, 31 जुलाई तक चलेगा निरीक्षण अभियान

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत जनपद की चारों तहसीलों सदर, फरेंदा, निचलौल और नौतनवा में जांच दल गठित किए गए हैं। ये टीमें 31 जुलाई तक प्रतिदिन निरीक्षण करेंगी।
जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा थानाध्यक्षों को शामिल किया गया है। अभियान के तहत सभी अधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्रों की कृषि दुकानों का निरीक्षण करेंगे तथा यूरिया खाद के स्टॉक, बिक्री दर और वितरण व्यवस्था की गहनता से जांच करेंगे। भारत नेपाल बार्डर के सीमावर्ती नौतनवा और निचलौल तहसील क्षेत्रों में यूरिया की तस्करी की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यहां विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। इसके लिए निचलौल तहसील के लिए जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, नौतनवा तहसील के लिए उप कृषि निदेशक संजीव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों की दुकानों की प्रतिदिन जांच करने और उसकी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को तय मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार स्टॉक न छिपाए और न ही अधिक कीमत वसूले। यदि कहीं अनियमितता या लापरवाही पाई गई, तो तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष निगरानी टीमें गठित कर दी गई हैं, जो रोजाना निरीक्षण कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला करते हुए दिखाई दे रहे है।
मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर निवासी अमित कुमार अपनी जमीन में राजस्व विभाग द्वारा की गई पैमाइश के बाद पिलर लगाने के लिए गए थे। उसी दौरान दूसरा पक्ष मौके पर पहुंचा और विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और आरोपितों ने लाठी-डंडों से अमित कुमार और उनके पत्नी पर हमला बोल दिया। मामले में पीड़ित अमित कुमार ने पनियरा थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। अमित कुमार ने बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। पीड़ित का कहना है कि विवादित भूमि उनकी पैमाइश के अनुसार वैध है और वह अपनी भूमि की सीमा स्पष्ट करने के लिए पिलर लगा रहे थे। लेकिन विरोधी पक्ष जबरन उस भूमि पर कब्जा बनाए रखना चाहते है और इसी वजह से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस बाबत पनियरा प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## पुलिसकर्मी की कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

पथरदेवा-बघौचघाट मार्ग पर नोनिया पट्टी मोड़ के पास बुधवार की सुबह करीब 10 बजे कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक घायल हो गया। सीएचसी पथरदेवा के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। कार चौरा खास थाने पर तैनात एक दीवान की बताई जा रही है। पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे में ले लिया है।
जानकारी के अनुसार, बघौचघाट थाना क्षेत्र के महुअवा बुजुर्ग गांव निवासी विनय गोंड (18) पुत्र अमरजीत गोंड गांव के ही रोहित (16) के साथ सुबह बाइक से बघौचघाट बुआ के घर जा रहा था। नोनिया पट्टी मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। बाइक चालक विनय को गंभीर चोट आई, जबकि पीछे बैठा रोहित झटका लगने से सड़क के किनारे जा गिरा।

# बेनीगंज में रास्ते पर बने अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



ग्राम पंचायत बेनीगंज में बुधवार को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटवा दिया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई। कानूनगो दीपक पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामवासियों इसराक्ती और दुर्योधन ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी कि गांव में मुख्य मार्ग पर पक्की दीवार बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की और राजदेव पुत्र नरेश तथा बब्लू पुत्र लालिह द्वारा बनाए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त करा दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने पक्के मकान बनाकर रास्ता घेरा है, उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कानूनगो दीपक पांडेय, जयप्रकाश, विजय चौधरी, हल्का लेखपाल सुरेंद्र प्रताप, अभिषेक सिंह, जयचंद, राकेश यादव, अंबरीश, दरोगा विजय कुमार व एसपी सिंह सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# शेरवानी के दुपट्टे से लटका मिला युवक का शव, मुंबई का था मूल निवासी, गोरखपुर में करता था रोजगार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



अमित बिजला (35) गोरखनाथ थाना क्षेत्र के ग्रीन वैली में 1008 मकान नंबर में वर्ष 2022 से रहते थे। वह मूलरूप से 12/10 नवजीवन सोसाइटी, मुंबई के रहने वाले थे। गोरखनाथ क्षेत्र में वह चॉकलेट की फैक्टरी संचालित करते थे।
गोरखनाथ थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम 5:30 बजे मुंबई के युवक अमित बिजला (35) का शव घर में शेरवानी के दुपट्टे से पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव को लेकर मुंबई चले गए। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने पारिवारिक कलह में खुदकुशी की है।
जानकारी के अनुसार, अमित बिजला (35) गोरखनाथ थाना क्षेत्र के ग्रीन वैली में 1008 मकान नंबर में वर्ष 2022 से रहते थे। वह मूलरूप से 12/10 नवजीवन सोसाइटी, मुंबई के रहने वाले थे। गोरखनाथ क्षेत्र में वह चॉकलेट की फैक्टरी संचालित करते थे। मकान में भांजा अक्षय और दोस्त निलेश जायसवाल रहते थे। दोस्त निलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को अमित घर पर अकेले थे। दोपहर में उसने अक्षय को ऑर्डर देने के लिए कहा था। शाम के समय वह बाल कटवाने गया था। शाम करीब 5:30 बजे वापस आकर दरवाजे का बेल बजाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर गया तो देखा कि हॉल में अमित का शव शेरवानी के दुपट्टे से पंखे से लटका हुआ है।
सूचना पर पहुंची गोरखनाथ थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। बुधवार को मुंबई से परिजन आए और पोस्टमॉर्टम के बाद शव को लेकर चले गए। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि युवक का शव हॉल में फंदे से लटका मिला था। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव को लेकर चले गए। युवक पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था।
छह माह पहले हुई थी शादी
अमित बिजला की शादी छह माह पहले मुंबई की रिया जायसवाल से हुई थी। वह अमित के माता-पिता के साथ मुंबई में रहती थी। बताया जा रहा है कि दोनों में पिछले कुछ दिनों से रिश्ते ठीक नहीं थे। इसी बात को लेकर अमित तनाव में था। कई बार बहस भी हो चुकी थी।
अमित माता-पिता के एकलौते संतान थे। वह डिप्रेशन में भी थे। इसी से आशंका जताई जा रही है कि तनाव में आकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं बरामद हुआ है।

## जीवन में सफलता के लिए निर्धारित करें लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

शहर के उदित नारायण इंटर कॉलेज में यूपी 50वीं बटालियन की तरफ से चल रहे दस दिवसीय प्रशिक्षण में बुधवार को डिप्टी कमांडर ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने कैंप का निरीक्षण कर कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के शीर्ष पर पहुंचने के लिए कैडेट्स अपना लक्ष्य निर्धारित करें। एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर्स के डिप्टी कमांडर कर्नल विशाल दुबे ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को एकता, समर्पण और अनुशासन की सीख देता है। इसको जीवन में उतारकर आगे बढ़ें।
उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में मिली सफलता एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होता है। इसलिए, कैडेट्सों को चाहिए कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए पूरी ईमानदारी और लगन के साथ निरंतर मेहनत करें।

# 50 लाख हड़पने का मामला: पीड़ित की मौत, संभल एसपी तब थे गोरखपुर एसपी सिटी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

तत्कालीन एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामले की जांच शुरू की जिसके बाद नवीन की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव व तीन अज्ञात के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित बेनीगंज में अप्रैल 2024 में चेकिंग के दौरान दवा व्यापारी नवीन श्रीवास्तव को धमकाकर 50 लाख रुपये हड़पने का सनसनीखेज केस पैरवी के अभाव में कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। बीते 10 जून को पीड़ित नवीन की कैंसर से मौत हो गई और मामले के गवाह नवीन के भाई गगन लकवाग्रस्त हो चुके हैं। इस बीच दो आरोपियों को हाईकोर्ट से प्रोसीडिंग स्टे मिल गया है। हालांकि, आरोपी चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और प्रिंस श्रीवास्तव अभी जेल में है। तीन अप्रैल 2024 को बलिया निवासी बेनीगंज के तत्कालीन चौकी इंचार्ज आलोक सिंह ने चेकिंग के दौरान लाला टोली निवासी दवा व्यापारी नवीन श्रीवास्तव को 50 लाख रुपये के साथ पकड़ा था। आरोप है कि एनकाउंटर का डर दिखाकर पूरी रकम हड़प ली थी। मामला संज्ञान में आने पर तत्कालीन एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया था। तत्कालीन एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामले की जांच शुरू की जिसके बाद नवीन की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव व तीन अज्ञात के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ। बाद में आलोक और प्रिंस जेल भेज दिए गए। जांच के दौरान मुकेश, प्रचंड और विशाल के नाम भी सामने आए थे। इन तीनों ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर मामले में रियायत हासिल कर ली थी। बाद में इनमें से दो को प्रोसीडिंग स्टे मिल गया। जेल में बंद दरोगा आलोक सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर रखी है। इसी बीच पीड़ित नवीन की कैंसर से 10 जून को नवीन की मौत हो गई। जब मामला हुआ था, उसी दौरान गगन को लकवा मार गया था। केस की पैरवी और इलाज में लंबे खर्च की वजह से परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण नंद तिवारी ने बताया कि किसी भी मामले में जब ट्रायल निचली अदालत में चल रहा होता है तो आरोपी पक्ष हाईकोर्ट में जाते हैं। वहां मामले की वैधानिकता को चुनौती देते हुए अर्जी दाखिल करते हैं।

# देवरिया के एसपी बताएं...लापता एल्बम कलाकार की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देवरिया की एल्बम कलाकार अनुपमा यादव के लापता होने के मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सख्त रुख अपनाते हुए देवरिया के एसपी और कोतवाली थाना प्रभारी को तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है कि अब तक अनुपमा की बरामदगी के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देवरिया की एल्बम कलाकार अनुपमा यादव के लापता होने के मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सख्त रुख अपनाते हुए देवरिया के एसपी और कोतवाली थाना प्रभारी को तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है कि अब तक अनुपमा की बरामदगी के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय व न्यायमूर्ति संदीप जैन की खंडपीठ ने एल्बम निर्माता सुनील यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याची पर आरोप है कि उसने 19 फरवरी 2025 को अनुपमा को नेपाल शादी की शॉपिंग के बहाने बुलाया और फिर बिहार ले गया। बाद में अनुपमा का फोन बंद हो गया और याची ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि वह अब उसके साथ नहीं है।
पीड़िता की बहन सुष्मिता यादव ने आशंका जताई कि अनुपमा को या तो बेच दिया गया या उसकी हत्या कर दी गई है। सुनील यादव ने एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी है और खुद को ब्लैकमेलिंग गैंग का शिकार बताया है। याची के अधिवक्ता दिलीप पांडेय ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता पक्ष एक संगठित गैंग है, जो झूठे मुकदमे लगाकर धन उगाही करता है।
इतना ही नहीं, सुनील यादव ने विवेचना अधिकारी रिजवान अंसारी पर दो लाख 80 हजार रुपये घूस लेने का गंभीर आरोप भी लगाया है। पूरक हलफनामे में बताया गया कि दरोगा के कहने पर 40 हजार रुपये फोन पे से और बाकी 2.40 लाख रुपये नकद दिए गए। कोर्ट ने इस आरोप को अत्यंत गंभीर मानते हुए एसपी के देवरिया को इसकी जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस बीच कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी पर लगी रोक 21 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## बिजली कटौती एवं अव्यवस्था के विरोध में सपा ने फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिले में बिजली कटौती एवं निगम के अव्यवस्था के विरोध बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। सपा नेता विजय रावत ने कहा की उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं बिजली कटौती आम जनता का बुरा हाल है। लेकिन बिजली निगम इसे सुधारने के बजाय जनता के ऊपर अधिक बिजली बिल और स्मार्ट मीटर का बोझ डालते जा रही है। भाजपा सरकार को आम जनता के समस्या से कुछ लेना देना नहीं है। यह सरकार विकास विरोधी के साथ जन विरोधी भी है, अगर जल्द ही व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो पूरे जिले में समाजवादी पार्टी आंदोलन करने का काम करेगी।

# बड़ी कार्रवाई: गोरखपुर में नशीली दवाइयों के धंधेबाजों पर शिकंजा...पहले कर्मचारी, अब ड्रग इंस्पेक्टर निलंबित

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



सीएम की सख्ती के बाद मंगलवार को औषधि प्रशासन विभाग के औषधि अनुसेवक मोहन तिवारी को निलंबित करते हुए वाराणसी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार को निलंबित करते हुए आयुक्त कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है।
नकली और नशीली दवाओं के धंधेबाजों पर मुख्यमंत्री की भृकुटी टेढ़ी हुई तो भालोटिया मार्केट में दो दिन से हंगामा मचा हुआ है। मंगलवार को औषधि प्रशासन विभाग के अनुसेवक मोहन तिवारी का निलंबन हुआ तो वहीं बुधवार को औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) राहुल कुमार भी निलंबित कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर पर औषधि अनुसेवक के इशारे पर कार्य करने और संदिग्ध व नशीली दवाओं की जांच नहीं करने के साथ ही नए ड्रग लाइसेंस के आवेदनों की जांच में लापरवाही समेत कई गंभीर आरोप हैं। पूरे मामले की जांच सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद को सौंपी गई है। पूर्वांचल में दवाओं की सबसे बड़ी मंडी भालोटिया में मरीजों की सहूलियत के लिए मंगाई गई मनोचिकित्सा और दर्द निवारक दवाइयों को धंधेबाज नशेड़ियों के लिए पंजाब और दिल्ली में बेच रहे हैं। इस तरह का मामला पकड़े जाने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने यहां छापा मारा तो कई बड़े चौंकाने वाले खुलासे हुए। यहां तक कि एक दुकान ऐसी मिली, जिसका पंजीकरण तो है लेकिन वहां दूसरी दुकान चल रही थी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा तो उन्होंने इस मामले में जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम की सख्ती के बाद मंगलवार को औषधि प्रशासन विभाग के औषधि अनुसेवक मोहन तिवारी को निलंबित करते हुए वाराणसी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार को निलंबित करते हुए आयुक्त कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर पर लगे आरोपों की जांच सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद को सौंपी गई है।

ताबड़तोड़ छापेमारी से दुकान बंद कर भागे खाद व्यवसायी

# ओवर रेटिंग और टैगिंग करने वाले खाद व्यवसायियों के ऊपर होगी कार्रवाई

- जनपद में पांच टीमों ने अलग-अलग तहसीलों में एक साथ* *की खाद की दुकानों पर छापेमारी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

प्रमुख सचिव (कृषि) एवं जिला अधिकारी के आदेशानुसार कृषि उर्वरक उपलब्धता / गुणवत्ता छापा अभियान के क्रम में जनपद में स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों (निजी एवं सहकारी समितियों तथा संस्थाओं) पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही हेतु पांच टीम गठित की गयी है- सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता व उप कृषि निदेशक, को तहसील अकबरपुर,जिला प्रोबेशन अधिकारी व व0प्रा0 सहा0 ग्रुप ए. को तहसील भीटी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी को तहसील टाण्डा, जिला पूर्ति अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी, को तहसील जलालपुर तथा जिला उद्यान अधिकारी व अपर जिला कृषि अधिकारी, को तहसील आलापुर हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित किया गया था पांचों टीमो द्वारा कुल 26 उर्वरकों की



दुकानो पर छापा मारकर 07 नमूने ग्रहित किया गया तथा 05 उर्वरक व्यवसायियो को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

जनपद में माह जुलाई तक के क्रमिक लक्ष्य 23926 मी0टन के सापेक्ष 29998 मी0टन यूरिया की उपलब्धता हुई है। इसी प्रकार डी0ए0पी0 के क्रमिक लक्ष्य 4709 मी0टन के सापेक्ष 6114 मी0टन डी0ए0पी0, एन0पी0के0 के क्रमिक लक्ष्य 1670 मी0टन के सापेक्ष 1706 मी0टन, एस0एस0पी0 के क्रमिक लक्ष्य 10325 मी0टन के सापेक्ष 16389 मी0टन एवं इसी प्रकार एम0ओ0पी0 के क्रमिक लक्ष्य 280 मी0टन के सापेक्ष 338 मी0टन एम0ओ0पी0 की उपलब्धता हुई है। जिसमें से वितरण के उपरान्त वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रुप से यूरिया 15907 डी0ए0पी0 1981 मी0टन, एन0पी0 के0 737 मी0टन, एस0एस0पी0 11165 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 263 मी0टन उपलब्ध है। पी0सी0एफ0 बफर में मात्र यूरिया का 393.705 मी0टन प्रीपोजीसनिंग स्टाक उपलब्ध है। जनपद में कृभको की 630 मी0टन यूरिया की रैक जनपद अयोध्या में लग चुकी है जिसमे से सहकारिता में 501.75 मी0टन तथा निजी में 128.25 मी0टन यूरिया प्राप्त होगी। इसी प्रकार जनपद में इफको की 1400 मी0टन डी0ए0पी0 की रैक जनपद अयोध्या में लग चुकी है जो रैक प्वाइंट से सीधे साधन सहकारी समितियों पर उपलब्ध करायी जोगी। जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। किसान भाईयो से अनुरोध है कि अपने नजदीकी उर्वरक बिकी केन्द्रो से पी0ओ0एस0 के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

# सीएमओ के निरीक्षण में 11 स्वास्थ्यकर्मी मिले अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चौकीदार राजेश, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,सलीम हुसैन ऑप्टोमेट्रिस्ट, डॉ कृष्ण कुमार यादव चिकित्सा अधिकारी, रुचि तिवारी ए एन एम, डॉ अंशिका श्रीवास्तव, बलवंत राव एल टी, नीलू यादव स्टाफ नर्स, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव चिकित्सा अधिकारी, अशोक कुमार सुरेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए । सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिया। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कुल 115 मरीजों का उपचार किया गया था, 16 मरीजों का पैथोलॉजी जांच किया गया था। सीएमओ ने उपस्थित कर्मचारियों



को निर्देशित किया कि चिकित्सालय भवन एवं परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त किया जाए, किसी भी मरीज को बाहर की दवा एवं जांच न लिखा जाए। सभी दवाएं एवं जांचे अस्पताल में से ही मरीजों को दिया जाय।सभी कर्मियों को समय से अस्पताल आए और निर्धारित ड्रेस कोड में रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस समय चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ प्रणव पाण्डेय , जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला लेखा प्रबंधक प्रभात मौर्या सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा के कर्मी मौजूद रहे।

## किसान को कीटनाशक छिड़कते देखा, परेशान एएमयू छात्र ने बना दिया सस्ता ड्रोन, उठा सकता है एक किलो वजन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

इसकी कीमत इसी श्रेणी के अन्य ड्रोन के मुकाबले 60 फीसदी तक कम है। यह ड्रोन 400 फीट तक की ऊंचाई पर एक किलो भार तक लेकर फ्लाई कर सकता है। इस ड्रोन का उपयोग खेतों में कीटनाशक छिड़काव से लेकर घरों तक दवा पहुंचाने, दुर्गम इलाकों में खाना, दवा, रक्त आदि को आसानी से भेजने में किया जा सकता है।

एएमयू के इंजीनियर के छात्र मो. उजैर आलम ने दो साल पहले एक किसान को कीटनाशक छिड़कते हुए बेहद परेशानी में देखा। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। किसान की इसी तकलीफ को कम करने के लिए उजैर ने एक ऐसा ड्रोन बनाने की ठानी जिसे आसानी से इस्तेमाल में लाया जा सके और कीमत भी कम हो।दो साल की मेहनत के बाद अब ऐसा ही ड्रोन तैयार कर लिया है।

इसकी कीमत इसी श्रेणी के अन्य ड्रोन के मुकाबले 60 फीसदी तक कम है। यह ड्रोन 400 फीट तक की ऊंचाई पर एक किलो भार तक लेकर फ्लाई कर सकता है। इस ड्रोन का उपयोग खेतों में कीटनाशक छिड़काव से लेकर घरों तक दवा पहुंचाने, दुर्गम इलाकों में खाना, दवा, रक्त, जरूरी संसाधन पहुंचाने जैसी सेवाओं के लिए आसानी से किया जा सकता है। मोहम्मद उजैर आलम एएमयू के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र हैं। वह कहते हैं कि किसान की तकलीफ को देखते हुए वह इसी कोशिश में लगे थे कि किस तरह ड्रोन की कीमत में कमी लाई जाए। इस दिशा में अहम मुकाम साबित हुआ गाजियाबाद के हिंडन में लगा ड्रोन एक्सपो। यहां पर उन्हें आधुनिक तकनीक का पता चला जिससे कीमत में कमी लाई जा सकती है। इसके बाद एएमयू आकर काम किया। एएमयू में विज्ञान और प्रौद्योगिकी भारत सरकार की मदद से इन्क्यूबशन सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर में विद्यार्थियों के नए-नए विचार को पंख दिए जा रहे हैं।

ड्रोन टेक्नोलॉजी के विभिन्न पहलुओं जैसे डिजाइन, नेविगेशन सिस्टम, पेलोड डिलीवरी मैकेनिज्म और ऑटोमैशन पर शोध कर रहे हैं। मौजूदा ड्रोन लॉजिस्टिक है।

# डीएम ने थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम का स्वयं भी किया निरीक्षण, कमियो में जल्द सुधार करने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

खरीफ सीजन में कृषकों को सरलता एवं सुगमता से ससमय निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने को जनपद की सभी 53 उर्वरक वितरण समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं ओवर रेटिंग आदि बिंदुओं पर डीएम के आदेश पर विकास खंडवार नामित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई।

बताते चले कि डीएम पवन अग्रवाल द्वारा स्वयं भी तहसील सदर के भगवतीगंज में थोक उर्वरक विक्रेता मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल एवं मेमर्स



कृषि विकास के गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी पंजिका का अवलोकन किया एवं स्टॉक पंजिका से स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने स्टॉक पंजिका का प्रतिदिन का मिलान किए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल के स्टॉक गोदाम में बारिश के पानी के आने से यूरिया में सीलन पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं सुधार के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषकों को सरलता एवं सुगमता से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाना संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , एआर कोऑपरेटिव व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## वार्षिक खेलों के आयोजन के संबंध में डायट में आयोजित हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित डाइट में वार्षिक खेल आयोजन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई । प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नित्यानंद चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के सभी माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा खेल शिक्षक शामिल हुए।

बैठक मे पूर्व सचिव मोहम्मद सोहेल ने विगत वर्ष के खेलों की वार्षिक रिपोर्ट व आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में नये सत्र के लिए क्रीडा शिक्षकों द्वारा मो. सुहेल व्यायाम शिक्षक ए जी हाशमी इंटर कॉलेज सहदुल्लानगर को इस साल पुनः जिला क्रीड़ा सचिव तथा कुमेश सरोज प्रधानाचार्य भारतीय वि इ का उतरौला को जिला क्रीड़ा कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

जनपद मे एस जी एफ आई और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आगामी सत्र मे आयोजित होने वाले सभी खेलों के सफल संपादन के लिए विभिन्न विद्यालयों के दस व्यायाम शिक्षकों की एक जिला स्तरीय चयन समिति और निर्णायक मंडल का भी



चयन किया गया। इस दौरान निदेशालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जिले मे आयोजित होने वाले सभी खेलों मे कोई भी प्रतिभागी बिना अवश्यक कागज के प्रतिभाग नहीं करेगा। जिले के सभी विद्यालयों को हर हाल मे कम से कम दो खेलों मे अपनी टीम को प्रतिभाग कराना है। खेलों के सफल सम्पादन के लिए स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियमों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। खिलाड़ियों को जनपद और इससे बाहर जाने पर मिलने वाले दैनिक महगाई भत्ते मे 50 रूपये कि बढ़ोत्तरी कि गयी है। सरकार के मंशानुरूप स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों को जोड़ा जाय उनका पेन कार्ड और आधार के साथ रजिस्ट्रेशन हर हाल मे साइट पर कराया जाए। सभी खिलाडियों के खेल प्रारूप मे सात पन्ने का पात्रता प्रमाणपत्र भरकर अवश्यक पत्रजात के साथ ही खेलों मे प्रतिभाग कराएं। इस दौरान जनपद स्तर के आयोजित होने वाले सभी खेलों का वितरण विभिन्न विद्यालयों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.चन्दन पाण्डेय प्रधानाचार्य रा. हा.स्कूल माधवजोत ने किया। कार्यक्रम में विनीता वर्मा प्रधानाचार्य बीएवी इ कॉलेज, साधना पाण्डेय प्रधानाचार्य एमडीके इ कॉलेज बलरामपुर, के पी यादव प्रधानाचार्य सीएमएस बलरामपुर के साथ जिला बेसिक व्यायाम शिक्षक राधा मोहन पाण्डेय, माध्यमिक विद्यालयों के व्यायाम शिक्षक नसीम अहमद, अर्पण पाण्डेय,पंकज पाण्डेय, मो.सोहेल, सईद अहमद, मदनलाल, महेन्द्र कुमार, उमेश तिवारी,नवीन पाल, अभय कुरील, अंशु वर्मा, विनय कृष्ण मिश्रा,प्रशांत सिँह, उमेश कुमार, राजेश श्रीवास्तव, संजय यादव, संगीता, स्मिता पाठक,हेमंत यादव सहित सैकड़ो खेल अध्यापक,कोच और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## 41 सेकेंड के वीडियो ने खोली नगर निगम की पोल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ के खैर रोड पर गोंडा मोड़ के निकट नगर निगम की लापरवाही के चलते एक स्कूली छात्र की जान जोखिम में पड़ गई। सड़क किनारे बनाई गई पुलिया के बाद खुला गड्ढा छोड़ दिया गया। गहरा गड्ढा एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते बच गया। इस गड्ढे में एक साइकिल सवार स्कूली छात्र गिर गया। जिसका 41 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना थाना रोरावर क्षेत्र की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, खैर रोड पर सड़क किनारे नाले के ऊपर पुलिया निर्माण के बाद नगर निगम ने गड्ढे को ढकने की कोई व्यवस्था नहीं की। इस खुले गड्ढे के पास से गुजर रहा एक स्कूली छात्र अपनी साइकिल रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी वह असंतुलित होकर गहरे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच पाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन यह हादसा बड़ा रूप ले सकता था।

# प्रांतीय अध्यक्ष के तुलसीपुर पहुंचने पर किया गया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का तुलसीपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने 16 जुलाई को तुलसीपुर पहुंचने पर व्यापारियों की समस्याओं के विषय में कहा कि ई कॉमर्स कम्पनियों के बढ़ते प्रभाव व जनसाधारण तक इसकी पहुंच खुदरा व्यापारियों के लिए चिंता का कारण बन गई है। व्यापारी देश की आर्थिकी को गति देता है, लेकिन सरकार द्वारा व्यापारी हितों की बात करने के बाद भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बीच समन्वय व सहयोग न होने के कारण व्यापारियों को शोषण का भी शिकार होना पड़ता है । उन्होंने कहा कि अब किसी भी हालत में व्यापारी उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। विगत 8 वर्षों से जीएसटी के



सरलीकरण के आस में व्यापारी विभागीय हीलाहवाली से परेशान हो चुका है। सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों को भी जी एस टी के दायरे में लाने पर विचार करना चाहिए। महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष के निजी कार्य हेतु बढ़नी जाते समय नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि के संयुक्त अगुवाई में पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय कलश चौराहा पर माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत व अभिनंदन किया।प्रांतीय अध्यक्ष ने तुलसीपुर में कंछल गुट के इकाई गठन पर प्रसन्नता जाहिर की।प्रदीप गुप्ता, महेश गोयल, निज़ामुद्दीन सभासद, सरदार बबलू सिंह, दलजीत सिंह, अभय देव आर्य, संजय कमला, शिव कुमार गुप्ता, राधेश्याम चौरसिया, सुनील सोनी, कुन्दन लाल, जय सिंह व संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

## एआई से संवाद कर और बेहतर बना जा सकता है

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारती एयरटेल ने पर्प्लेक्सिटी के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत वह अपने सभी 36 करोड़ ग्राहकों को पर्प्लेक्सिटी प्रो का 12 महीने का सब्सक्रिप्शन बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराएगा।

पर्प्लेक्सिटी एक आधुनिक जनरेटिव एआई टूल है, जो पारंपरिक सर्च इंजन के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज़, सटीक और गहराई से रिसर्च किए गए जवाब, यूज़र को संवाद शैली में उपलब्ध कराता है। यह केवल वेबसाइट लिंक्स दिखाने की बजाय ऐसा उत्तर देता है, जिसे सीधे पढ़ा और समझा जा सके और जिसे यूज़र अपनी ज़रूरत के अनुसार एआई से संवाद कर और बेहतर बना सकता है। पर्प्लेक्सिटी की एक फ्री सेवा भी मौजूद है, जिसमें बेसिक सर्च फीचर्स मिलते हैं। लेकिन पर्प्लेक्सिटी प्रो वर्जन खासतौर पर प्रोफेशनल्स और हेवी यूज़र्स के लिए बनाया गया है। इसमें रोजाना अधिक प्रो सर्च की सुविधा, एडवांस एआई मॉडल्स (जैसे जीपीटी-4.1, क्लॉड आदि) का एक्सेस, मॉडल चयन की सुविधा, डीप रिसर्च, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोड व एनालिसिस, और पर्प्लेक्सिटी पर्प्लेक्सिटी लैब्स जैसे इनोवेटिव टूल्स मिलते हैं, जो किसी भी विचार को वास्तविकता में बदलने में मदद करते हैं। इस सब्सक्रिप्शन की वैश्विक कीमत ररुपए 17,000 सालाना है।

अब यह ररुपए 17,000 की पर्प्लेक्सिटी प्रो सेवा एयरटेल के सभी मोबाइल, वाई-फाई और डीटीएच ग्राहकों को एक साल के लिए मुफ्त में दी जा रही है। भारत में किसी टेलीकॉम कंपनी और जनरेटिव एआई के बीच यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है। ग्राहक एयरटेल थैंक्स एप के ज़रिए इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# विद्यामंदिर क्लासेस ने वीआईक्यू 2025 की घोषणा की

## 100 प्रतिशत स्कालरशिप और रुपए 2.5 करोड़ के नकद पुरस्कार जीतने का मौका

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आईआईटी-जेईई (मेंस एवं एडवांस्ड), नीट, बोर्ड्स और ओलंपियाड जैसी कॉम्पिटीटिव परीक्षाओं की कोचिंग में अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेस (वीएमसी) ने अपने सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित टेस्ट विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्रेस्ट (?वीआईक्यू) 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह टेस्ट 28 सितंबर, 5, 11, 12 और 26 अक्टूबर 2025 को विभिन्न स्लॉट्स में आयोजित किया जाएगा और कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए खुला रहेगा।

यह टेस्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध है और राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की पोटेंशियल और कॉम्पिटीटिव एग्जाम्स के लिए उनकी क्षमता को परखने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस वर्ष ?वीआईक्यू में रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे देशभर के छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

विद्यामंदिर क्लासेस के संस्थापक संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली एलुमनस) ने बताया, इस वर्ष का ?वीआईक्यू केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक लॉन्चपैड है। जो छात्र समय रहते इसमें रजिस्ट्रेशन करते हैं, उन्हें कई विशेष लाभ मिलते हैं जो उनकी अकादमिक यात्रा को सशक्त बनाते हैं। इसमें रुपए 2.5 करोड़ तक के नकद पुरस्कार और 100 प्रतिशत तक की स्कालरशिप शामिल हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, अकादमिक ईयर की सबसे कम फीस, मौजूदा कक्षा के लिए मुफ्त ऑफलाइन कक्षाएं और ई-स्टडी मटेरियल, निःशुल्क अभ्यास टेस्ट और मॉक बोर्ड परीक्षा का लाभ उठा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और भागीदारी के लिए ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

इस वर्ष वीएमसी ने छात्रों के लिए अतिरिक्त विशेष लाभ भी पेश किए हैं। टॉप परफॉर्मर्स को पदक, ट्रॉफी और अन्य प्रशंसा पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, उच्चतम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को वीएमसी के प्रीमियम बैचेज़ – सिटाडेल ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और इल्युमिनाटी – में प्रवेश पाने का दुर्लभ अवसर भी मिलेगा, जो अपनी उच्च स्तरीय मेंटरशिप और अकादमिक गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं।

वीएमसी का हमेशा से उद्देश्य रहा है छात्रों को समग्र तैयारी के लिए प्रामाणिक पद्धति, कठोर परीक्षण और समर्पित मार्गदर्शन देना। ?वीआईक्यू इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है–प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का मंच प्रदान करता है। छात्र विद्यामंदिर डॉट कॉम पर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर इन असाधारण लाभों और अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

?वीआईक्यू सिर्फ एक टेस्ट नहीं, यह अकादमिक उत्कृष्टता और भविष्य की सफलता की दिशा में पहला कदम है।

## जनशक्ति सम्मान से सम्मानित किए गए समाजसेवी नीरज मौर्य



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में जन सेवा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय योगदान देने वाले नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य को राजधानी लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में?नीरज मौर्य को प्रशस्ति पत्र देकर ÷जनशक्ति सम्मान÷ से सम्मानित किया गया। यह आयोजन माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं निशु वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होटल सेलेस्टियल मैनोर,ओमैक्स हजरतगंज में किया गया द्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उद्यान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह जी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई द्य कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों–जैसे पत्रकारिता,साहित्य,पुलिस सेवा और सामाजिक कार्य–में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

# चौकी इंचार्ज पर पक्षपात का आरोप पीड़िता ने मांगी जानमाल की सुरक्षा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



थाना लाइन बाजार क्षेत्र के शीतला चौकिया रोड स्थित लखनपुर गांव की निवासी दीपा जायसवाल ने अपने ऊपर हुए हमले को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने चौकी इंचार्ज पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है।

दीपा जायसवाल का कहना है कि 11 जुलाई 2025 को पारिवारिक भूमि विवाद को लेकर उनके देवर सोनू जायसवाल, शिवम जायसवाल, जेठ गोपाल जायसवाल, ससुर चंद्रभान जायसवाल तथा अंजलि जायसवाल समेत कुल 6-7 लोगों ने उन पर हमला किया। इस हमले में उन्हें गंभीर आंतरिक चोटें आईं, और उन्होंने दावा किया कि गर्दन में भी चोट के चलते क्रैक आ गया है।

पीड़िता का आरोप है कि लखनपुर चौकी प्रभारी ईशचंद यादव ने प्रारंभ से ही मामले को गंभीरता से नहीं लिया और आरोपियों से मिलीभगत के चलते निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को शिकायत करने के बाद तीन लोगों – सोनू, गोपाल और अंजलि – के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्व्हस) की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। जबकि पीड़िता के अनुसार उन्होंने पाँच नामजद आरोपियों और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन दो नाम जानबूझकर हटाए गए। दीपा जायसवाल ने यह भी कहा कि घटना का वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद है, जिसमें 6-7 लोगों द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते हुए साफ देखा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह घटना के दिन ही क्षेत्राधिकारी नगर से मिलकर जानमाल की सुरक्षा हेतु प्रार्थना पत्र देकर लौटीं, तभी आरोपियों ने दोबारा उन्हें धमकाते हुए कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पीड़िता ने आशंका जताई कि आरोपी खुलेआम गुंडों को संरक्षण दे रहे हैं और पुलिस की निष्क्रियता के चलते अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। दीपा जायसवाल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विवेचना लखनपुर चौकी से हटाकर किसी अन्य थाने या अधिकारी को सौंपी जाए, जिससे उन्हें न्याय और सुरक्षा मिल सके।

## तीन दिन से बैंक का सर्वर फेल, खाताधारक परेशान

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

बरी गांव स्थित आर्यावर्त बैंक का तीन दिनों से सर्वर फेल होने के कारण लेने देन ठप है। इससे दूर दराज से आने वाले खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान की रोपाई के समय बड़ी संख्या में किसान रुपये निकालने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं। 30 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर बैंक आने वाले किसानों को सर्वर में गड़बड़ी की वजह से निराश लौटना पड़ रहा है। मधोर गांव निवासी बैजनाथ का कहना है कि इस समय फसलों के बुआई का समय चल रहा है। पैसे के लिए तीन दिन से बैंक के चक्कर काट रहे हैं। मवयी खुर्द निवासी श्याम बहादुर सिंह का कहना है कि सर्वर फेल होने के कारण बच्चों की फीस नहीं जमा कर पा रहे। मतवार के फूलचंद ने बताया कि तीन दिन में 600 रुपये खर्च कर बैंक के चक्कर काटने के बाद भी रुपये नहीं निकल पाए। इस संबंध में शाखा प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप का कहना है।

# समाजवादी मजदूर सभा सरकारी विद्यालयों के मर्जर के विरोध में

**भाजपा पीडीए समाज को शिक्षा से दूर रखना चाहती हैं- अमित यादव**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



समाजवादी मजदूर सभा द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें बीजेपी सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय के विरोध किया गया तथा 22 जुलाई 2025 को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदया को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अमित यादव जी राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी मजदूर सभा ने कहा कि पूर्व में सरकारें हर एक कोस पर पाठशाला का निर्माण कराती थी ताकि शिक्षा का स्तर बढ़ सके लेकिन वर्तमान की योगी सरकार पाठशाला के बजाय हर एक कोस पर मधुशाला बना रही हैं। भाजपा का उद्देश्य पीडीए समाज को शिक्षा से दूर रखना हैं। ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक विद्यालय का दर्जा अत्यंत ऊंचा हैं। गांव में सरकारी विद्यालय विकास मार्ग का मील का पत्थर हैं। ग्रामीणों की भावना जुड़ी हुई हैं। अगर किसी विद्यालय में छात्र कम हैं तो उसका जिम्मेदार सरकार स्वयं हैं। उन कमियों को तलाशना चाहिए जिससे छात्रों का रुझान सरकारी विद्यालयों में बढ़ाया जा सके। आगे श्री यादव ने कहा कि सरकारी विद्यालयों का मर्जर न्यायपूर्ण और तर्कसंगत नहीं हैं इसलिए सरकार को इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। श्री राम प्रताप बिंद जी और श्री विशाल कनौजिया जी को जिला उपाध्यक्ष मजदूर सभा का बनाया गया। श्री रमाशंकर चौहान जी को जिला सचिव और सादिक अली को जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया और श्री साहब लाल बिंद जी को विधानसभा शाहगंज का सचिव मनोनीत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज कुमार शर्मा जी जिला अध्यक्ष और संचालन श्री मंजय कनौजिया जी ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा खान जी राष्ट्रीय सचिव साथ ही श्री प्रदीप यादव जिला उपाध्यक्ष और अखिलेश यादव जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष और साथ में तौसीफ सिद्दीकी और मेहंदी लाल जी आदि लोगों उपस्थित रहें।

# जौनपुर में ट्रेलर–ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, चालक की मौके पर मौत

**ट्रैक्टर के हुए दो टुकड़े, दो सवार गंभीर रूप से घायल, पुलिस लाईन में ईंट उतारकर अंबेडकर नगर वापस लौट रहे थे तीनों**



### हादसे के बाद सड़क पर लगा लंबा जाम

खेतासराय। जौनपुर शाहगंज नेशनल हाइवे पर हुए इस भीषण हादसे के बाद वाहनों को लम्बी कतारें लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट कर अलग हो गया। मलबा सड़क पर फैलने से काफी देर तक यातायात बाधित रहा । सूचना मिलने पर खेतासराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से ट्रैफिक सामान्य कराया।

### पुलिस कर रही है मामले की जांच

खेतासराय ।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भिजवा दिया है। थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया कि ऋमृतक की पहचान हो चुकी है। परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसमें जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेतासराय शाहगंज नेशनल हाइवे पर खेतासराय अंतर्गत गुरैनी पेट्रोल पंप के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल व मृतक अंबेडकर नगर जिले के निवासी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय, उप निरीक्षक अनिल पाठक, कस्बा इंचार्ज तारिक अंसारी, कांस्टेबल अंकुश सिंह, शुभम त्यागी, नफीस अहमद मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने देर रात को ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को वाहन में से बाहर निकलवाया। तीनों लोगों को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी भेजवाया। जहाँ डॉक्टर ने ट्रैक्टर चला रहे महेंद्र पुत्र नोहरलाल (28) को मृत घोषित कर दिया। बाकी दोनों की हालत नाजुक देख उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार हादसा बुधवार रात 10 बजे हुआ है। जब ट्रैक्टर सवार तीनों व्यक्ति जौनपुर पुलिस लाइन में ईंट उतारकर अपने जिले अंबेडकर नगर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर (क्ष 62 छ्न्न 4139) ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में ट्रैक्टर चला रहे महेंद्र पुत्र नोहरलाल (28), निवासी अमीनपुरवा, थाना इब्राहिमपुर अंबेडकर नगर की मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार मृतक की दो वर्षीय बेटी है और घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दो अन्य लोगों की पहचानवचिरजो पुत्र मगरु (74), निवासी दराफपुर राजकुमार पुत्र रामदुलार, निवासी भरौली, थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर के रूप में हुई है। हादसे के बाद पुलिस ने मृतका के परिवार वालों को सूचना भेज दिया। इसके बाद देर रात को ही वह लोग खेतासराय थाने पहुंच आये।

## बारिश से बंधवा–भटहर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर जलजमाव



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विकास खंड मछलीशहर के ग्राम पंचायत रामगढ़ में स्थित बंधवा बाजार स्थित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर आये दिन जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। बृहस्पतिवार की सुबह बारिश अधिक होने के कारण सड़क पर तालाब की स्थिति बन गई है। प्रधानमंत्री सड़क पर जो कट स्टोन लगाये गये हैं वे मुख्य सड़क से काफी नीचे धंस गये हैं।नाली के साफ न होने के कारण पानी जमा हो जाता है। इसी सड़क के इधर-उधर से गंगादीन रामकुमार इंटर कॉलेज, कंचन बालिका इंटर कॉलेज, आक्सफोर्ड टाउन इंग्लिश स्कूल तथा कम्पोजिट विद्यालय रामगढ़ के बच्चों का आना-जाना होता है।जल जमाव के कारण अक्सर बच्चे साइकिल लेकर गिर जाते हैं तथा बंधवा बाजार आने जाने वाले राहगीरों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

# वरिष्ठ शिक्षिका सुमन पाठक की सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई



जन एक्सप्रेस। बस्ती

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुमन पाठक 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर बुद्धवार की रात रेलवे स्टेशन रोड के निजी होटल सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री महेश शुक्ला मौजूद रहे। कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले होते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति को जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत बताया।

कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सुमन पाठक के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। और काव्य पाठ, गीत-गायन और बच्चों नृत्य प्रस्तुत किया। जिससे माहौल भावुक और उल्लासपूर्ण हो गया। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य दयाराम पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश शुक्ला, डा.वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, डा.एस.के. श्रीवास्तव, केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य संतलाल करुण, प्राचार्य रमेश कुमार मल्ल, उपप्राचार्य अंशुल प्रसाद और राम यज्ञ मिश्र की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया। समारोह का समापन पारिवारिक जनों के आशीर्वचनों और शुभकामनाओं के साथ हुआ। सभी ने सुमन पाठक को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया।

# विवेकानंद पुस्तकालय में 21 प्रशिक्षुओं ने किया कार्यभार ग्रहण, प्रशिक्षण पूरा करने वाले को दी गई समारोह में विदाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में प्रशिक्षुओं का नया प्रभात उत्साह, अनुभव और उम्मीदों की रोशनी लेकर आया। विश्वविद्यालय एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग बोर्ड, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में चयनित 21 नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। उधर

पूर्व प्रशिक्षुओं ने सफलता पूर्वक एक वर्षीय प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाणपत्र प्राप्त किए। पूर्व प्रशिक्षुओं ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे यहां आए थे, तो उनके पास केवल पुस्तकीय ज्ञान था। लेकिन यहां से विदा होते समय वे पुस्तकालय संचालन के हर पहलू में दक्ष हो चुके हैं। टाइम मैनेजमेंट, बुक्स की एक्सिसनिंग, प्रोसेसिंग, सर्कुलेशन, और सॉफ्टवेयर जैसे तकनीकी अनुभवों ने उनके व्यक्तित्व को निखार दिया। इस शुभ प्रभात का श्रेय कुलपति प्रो. वंदना सिंह के मार्गदर्शन और कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह के सहयोग को जाता है। जिनके प्रयासों से पुस्तकालय ऑटोमेशन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा है। कार्यक्रम में प्रो.राजकुमार ने नियुक्तिपत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया। प्रभारी डॉ.इंद्रेश कुमार गंगवार ने जहां नवप्रवेशियों का स्वागत किया, वहीं पूर्व प्रशिक्षुओं को भावपूर्ण विदाई दी। यह कार्यक्रम सिर्फ एक प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के प्रभात की शुरुआत है। यह एक ऐसी रोशनी जो प्रशिक्षुओं के भविष्य को आलोकित करेगी। विदाई समारोह में अवधेश प्रसाद, मसूदुल हसन खान, शशांक, विकास, नीरज, जयचंद, दीपिका, उपासना, वरूणा, खुशी, पूनम, प्रिया सिंह यादव आदि अन्य लोगों उपस्थित थे।

# जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग



- अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंगदल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती

गुरूवार को अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष स्नेह पाण्डेय, राष्ट्रीय बजरंगदल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी, जिला संरक्षक प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा गया। मांग किया कि बलरामपुर के अन्तरर्राष्ट्रीय मास्टर माइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उनकी सहायिका नसरीन को कठोर फांसी के स्तर तक सजा दिलायी जाय। ज्ञापन देने के बाद अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल के पदाधिकारियों ने कहा कि हिन्दू की बहन बेटियों के धर्मांतरण सहित विभिन्न राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में सम्मिलित मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने हिंदू जनमानस की आस्था के साथ खिलवाड़ किया। हिंदू सम्प्रदाय की बहन बेटियों के साथ अत्याचार तथा उनका शारीरिक शोषण किया गया है। ऐसे देश विरोधी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का नेटवर्क भारत के अलावा अन्य कई देशों में भी है जो हिंदू परिवार की बहन बेटियों के धर्मांतरण का कार्य करने में लिप्त हैं। इन लोगों ने लवजिहाद की बिग्रेड तैयार कर उसमें मुस्लिम युवकों को शामिल करके हिंदू लड़कियों को टारगेट बनाया जा रहा है ऐसे देशद्रोही अपराधी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उनकी सहायिका नसरीन एवं उसके सभी गुर्गों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराया जाय। इसके साथ ही सभी प्रकरणों की एसआईटी से जांच कराया जाय। ज्ञापन देने वालों में रवीन्द्र कश्यप, वशिष्ठ मुनि, अजय मिश्रा, अनिल प्रजापति, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, विनोद निषाद, राष्ट्रीय महिला परिषद की वंदना, गीता देवी, प्रभावती देवी, मालती देवी, चंद्रावती देवी, फूलमती, अनामिका, रीना देवी, गीता रानी के साथ ही अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लायंस क्लब जौनपुर गोमती ने आयोजित किया पारिवारिक पिकनिक एवं श्रावणी भोज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




गौराबादशाहपुर लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा नगर के प्रतिष्ठित मैरिज लान में पारिवारिक पिकनिक एवं सहचर्य/ श्रावणी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने अपने परिवार एवं बच्चों के साथ उत्साह पूर्वक सहभागिता की। पिकनिक में गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में महिलाओं एवं बच्चों के लिए मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक खेलकूद का भी आयोजन किया गया और प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। पिकनिक में लोगों ने लोक विधा के गायन कजरी/ गीत संगीत का भी लुफ्त उठाया। अध्यक्ष डा राजेश मौर्या ने बताया कि स्वस्थ समाज के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक है। इससे लोगों में सहचर्य की भावना बढ़ती है। सचिव खुशबू गुप्ता एवं क्लब की प्रथम महिला डा रश्मि मौर्या द्वारा लोगों का स्नेहिल स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चीफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता व जोन चेयरपर्सन जोन धर्मेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। चार्टर प्रेसिडेंट डा जी.सी.सिंह, चार्टर सदस्य संजीव गुप्ता, अनिल पांडे, पूर्व अध्यक्ष देवेश गुप्ता, संतोष साहू आदि लोगों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में डा सुलोचना सिंह, सुधा मौर्या, धीरज गुप्ता, ऋषि देव साहू, संजय महेश्वरी, माया गुप्ता, सोनिया जायसवाल, शशि जायसवाल, सुनील कश्यप, सुधीर साहू, गणेश गुप्ता, ऋषि देव साहू, अनिल अग्रहरि, जागेश्वर केसरवानी, अरविंद बैंकर, धनंजय पाठक, आदि सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष नूपुर सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद व आभार कार्यक्रम संयोजक दिनेश जायसवाल एवं मनोज जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# बिना मान्यता के विद्यालयों पर बीइओ की सख्ती

- जिला प्रशासन द्वारा बंद कराने के निर्देश पर नोडल संकुल व एआरपी की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



सिकरारा में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, अनुशासित एवं गुणवत्तापरक बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के निर्देश पर गुरुवार को बीइओ अजीत सिंह ने सिकरारा ब्लाक के समस्त नोडल संकुल और एआरपी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने अपने न्याय पंचायत के बिना मान्यता के संचालित व ऐसे विद्यालय जिनकी मान्यता केवल प्राइमरी तक है और वे उच्च कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों को अविलंब चिह्नित करके सूचित करिए। जिससे उनके खिलाफ कठोरतम आवश्यक कार्यवाही की जा सके। ऐसे किसी भी विद्यालय को अब संचालित नही होने दिया जाएगा। यदि किसी स्थान पर अमान्य विद्यालय पाया जाता है तो उनके विरुद्ध कठोर पुलिस कारवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। बीइओ ने बताया कि चिन्हित विद्यालयों की सूची जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष - उपजिलाधिकारी (एसडीएम) - को तात्कालिक रूप से प्रेषित की जाएगी, जिससे नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने यह निर्देश शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, छात्र-छात्राओं के भविष्य की रक्षा तथा अभिभावकों को भ्रामक संस्थानों से बचाने के उद्देश्य से जारी किया है। बीएसए ने कहा है कि बिना मान्यता के विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में गंभीर अनियमितता हैं। जिन पर अब किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## न सफाई कराई, न दवा का छिड़काव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

एक सप्ताह से बरसात होने से नगर में जलभराव की समस्या बढ़ गई है। संचारी रोग अभियान के बावजूद कई वार्डों में न सफाई कराई जा रही न दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा। पानी और गंदगी की वजह से मच्छर पनप रह हैं, जिसके कारण लोग परेशान हैं। वहीं, बीमारियां फैलने का खतरा भी सता रहा है। नगर के चंद्रदीपा, नटवां, सबरी, पुरानी दशमी, घंटाघर वार्ड की गलियों में बारिश का पानी भरने से लोग परेशान हैं। नालियों जाम होने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा। जब कुछ देर बरसात रुकती है तो एक डेढ़ घंटे में पानी तो निकल जाता है लेकिन नालियों का मलबा सड़क पर ही रह जाता है जो कि यदि धूप हो जाए तो सड़ांध देने लगता है और रात में मच्छरों का आतंक शुरु हो जाता है। नमी के चलते वैसे ही मच्छर अधिक हो रहे हैं। चंद्रदीपा वार्ड के मिल्लत नगर में तो यदि अच्छी बरसात हो जाती है तो कई दिनों तक गलियों में पानी लगा रहता है। यही स्थिति यादव नगर, कृष्णानगर आदि जगहों की है। चंद्रदीपा वार्ड के सभासद विनोद यादव ने बताया।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गौराबादशाहपुर। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में हो रही अघोषित विद्युत कटौती एवं विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर जौनपुर द्वारा धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा इ.रमेश चंद (अधीक्षण अभियंता सर्किल प्रथम) से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विगत कई दिनों से हो रही विद्युत कटौती एवं प्रतिदिन होने वाले फॉल्ट से कस्बे का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे छात्रों की पढ़ाई एवं बुजुर्गों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है।



आम जनमानस से जुड़ी समस्या होने के कारण विभाग अति शीघ्र इसका निराकरण करें अन्यथा व्यापारी लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। धर्मेंद्र जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बावजूद यहां की बिजली व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों से भी बदतर है। अधीक्षण अभियंता सर्किल प्रथम द्वारा ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतिनिधि मंडल में अजीत सोनकर, सर्वेश अग्रहरि, टीटू जायसवाल, नबी अहमद, कमलेश, मोनू आदि प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# मां विंध्यवासिनी का खजाना

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मां विंध्यवासिनी मंदिर के दानपात्रों से मिली धनराशि की गिनती तीसरे दिन बुधवार को खत्म हो गई। अंतिम दिन 21 दानपात्रों से 1,77,166 रुपये मिले। कड़ी सुरक्षा के बीच रात 8ः20 बजे गणना समाप्त होने के बाद रुपये बैंक खाते में जमा कराए गए। तीन दिन में कुल 25 दान पात्रों से 53,99,886 रुपए प्राप्त हुआ। अपर एसडीएम आशीष कुमार त्रिपाठी की देखरेख में बुधवार को सुबह मां विंध्यवासिनी मंदिर के अलावा काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिर में लगे 21 दानपात्र खोले गए। मंदिर की छत पर स्थित श्री पंडा समाज के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे और अधिकारियों की निगरानी में धनराशि की गिनती शुरू हुई। 21 दानपात्रों में से 1,77,166 रुपये मिले। गिनती के बाद विंध्य विकास परिषद की पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी के भारतीय स्टेट बैंक विंध्याचल स्थित खाते में रुपये जमा कराए गए। तीन दिनों में मां विंध्यवासिनी मंदिर, अष्टभुजी देवी मंदिर और कालीखोह मंदिर के 25 दानपात्रों से कुल 53,99,886 रुपये प्राप्त हुए। इस मौके पर विंध्य विकास परिषद के लिपिक ईश्वर दत्त त्रिपाठी, संग्रह अमीन सूरज सोनकर, विजय शंकर दुबे, हरिगेंद्र दुबे, प्रदीप दुबे, चंद्रमणि तिवारी, राकेश सोनकर, महेश सोनकर, शमशेर अली, अनिल सोनकर आदि थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सबसे पहले जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने विगत किसान दिवस में कृषकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा की गई एवं जिन शिकायतों में संतोषजनक निस्तारण नहीं पाया गया, उनसे सम्बन्धित अधिकारियों को पुनः दिशा-निर्देश प्रदान करते हुये इन बिन्दुओं को आगामी कार्यवृत्त में भी सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कृषकों द्वारा कृषि से सम्बन्धित अपनी विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से सिचांई हेतु नहरों की सफाई एवं सफाई के उपरान्त प्रबन्धन, ड्रेनों की सफाई, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत ऋण स्वीकृति, पम्प नहरों में पानी की आपूर्ति आदि के बारे में कृषकों द्वारा अपनी समस्यायें प्रस्तुत की गई जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही किसानों के अनुरोध एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु आगामी किसान दिवस में चकबन्दी विभाग के अधिकारी, खनन अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को भी बुलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने खरीफ फसल सत्र में खेती हेतु पानी की निर्बाध आपूर्ति हेतु सिंचाई के समस्त इकाइयों के अधिशाषी अभियन्ता, उन्नाव खण्ड एवं सीतापुर खण्ड के बाराबंकी क्षेत्र से सम्बन्धित अभियन्ताओं, पम्प नहर के अधिशाषी अभियन्ता आदि को प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। ड्रेनों की सफाई कार्य का निरीक्षण उपजिलाधिकारियों के माध्यम से कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। बैठक में डीडीसी डा. अवधेश वर्मा, प्रगतिशील किसान राम किशोर पटेल, विक्रान्त सैनी, के.के. यादव, सुनील कुमार यादव, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई, नलकूप, विद्युत के साथ अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## फांसी के फंदे से लटकती मिली युवती की लाश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। देवा। कोतवाली देवा अन्तर्गत गुरुवार सुबह एक कमरे में एक युवती की लाष संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटकती हुई मिली। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं एक युवक को हिरासत में लेकर पूछतांछ भी कर रही है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली देवा के कस्बे में स्थित पुरानी यूनियन बैंक की इमारत के सामने स्थित दुकानों के ऊपर एक कमरे में 30 वर्षीय विवाहिता सीमा उर्फ ममता अकेले रहती थी गुरुवार सुबह उक्त महिला की लाष कमरे के अन्दर फांसी के फंदे से लटकती हुई नागरिकों ने देखी। पड़ोसियों ने उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी देवा अजय कुमार त्रिपाठी का कहना था कि लाष को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा वहीं मृतका के मोबाइल फोन की भी सीडीआर निकाली जा रही है जिससे यह पता चलेगा कि मृतका ने मरने से पहले किस से बात की है।

# स्टेशन मास्टर पर अज्ञात बदमाशों ने किया जानलेवा हमला, गम्भीर

## बंधक बनाकर झाड़ियो में फेंका, चौकाघाट रेलवे स्टेशन की घटना

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



रामनगर। चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर बीती रात अज्ञात हमलावरों ने स्टेशन मास्टर सुभाष चंद्र विष्वकर्मा पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर रस्सी से बांधकर झाड़ियों के पीछे फेंक दिया जिसकी किसी को भनक तक नहीं लग पाई। प्राप्त विवरण के अनुसार बीते बुधवार की रात चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर सुभाष चंद्र विष्वकर्मा पर अज्ञात हमलावरो ने हमला कर उन्हें रस्सी से बांधकर स्टेशन के पीछे लगी झाड़ियों में फेंक दिया। जब रेलवे स्टेशन पर लगातार फोन की घंटी बजती रही और कोई जवाब नहीं मिला तो रेलवे कर्मचारियों को संदेह हुआ कर्मचारियों द्वारा काफी खोजबीन के बाद सुभाष चंद्र विष्वकर्मा को बेहोशी की हालत में स्टेशन के पीछे झाड़ियो में पाया गया इसकी सूचना तत्काल उच्च रेलवे अधिकारियों को दी गई। तथा उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लाया गया जहां हालत ज्यादा गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के कारण रेलवे ट्रैक पर 1 से 2 घंटे तक ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बाधित रहा।

क्योंकि चौकाघाट स्टेशन पर कोई पॉइंट मैन नहीं था। इसलिए इस घटना की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी जब घाघरा घाट स्टेशन से पॉइंट मैन भेजा गया और स्टेशन मास्टर से संपर्क नहीं हो पाया तब इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद रेल विभाग में हड़कंप मच गया स्टेशन मास्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि यह घटना देर रात घटी है जिसकी किसी को भनक तक नहीं लग पाई। आरपीएफ प्रभारी अजमेर सिंह यादव ने बताया की जांच चल रही है क्या सच्चाई है जल्दी पता चल जाएगा।

# नारकोटिक्स से संबंधित अवैध गतिविधियों की करें पहचान, हो कार्यवाही: शशांक त्रिपाठी

- नारकोटिक्स नियंत्रण को लेकर डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर एक जूम बैठक की गई। इस बैठक में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम विभाग, आबकारी विभाग, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में नारकोटिक्स से संबंधित अवैध गतिविधियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से कहा कि शराब और अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु नियमित निरीक्षण किया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया जाय। जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने जनपद में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत कार्य करें तथा आपसी सहयोग से जनपद को नशामुक्त बनाये रखने हेतु ठोस प्रयास करें।

### अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, डीएम ने दी प्रभावी पैरवी की हिदायत

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक इन्द्रसेन, अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, शासकीय अधिवक्ता गण एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख आपराधिक, भूमि, राजस्व एवं जनहित से संबंधित मामलों में न्यायालय द्वारा शासन के पक्ष में निर्णय प्राप्त हो, यह हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय अधिवक्ता प्रभावी पैरवी करें और विभागीय अधिकारी समयबद्ध ढंग से आवश्यक दस्तावेज व गवाह न्यायालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा जानकारी दी गई कि अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण मामलों में न्यायालय द्वारा कठोर निर्णय दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने वादों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए और कहा कि शासकीय अधिवक्ताओं से समन्वय बनाए रखते हुए साक्ष्य व गवाह समय पर प्रस्तुत किए जाएं। ग्राम सभा की भूमि से संबंधित लम्बित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में शीघ्र उत्तर दाखिल कर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि शासन की भूमि पर अतिक्रमण रोका जा सके और जनहित की रक्षा हो।

# युवाओं में ऊर्जा की भरमार: राहुल कुमार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

गुरुवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता की अध्यक्षता में विष्व युवा कौशल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। ?विष्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी में प्रशिक्षण संस्थान में किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राहुल आरसेटी निदेशक ने किया। इस मौके पर बोलते हुए आरसेटी निदेषक ने कहा कि भारत युवाओं का देश है जिनमें असीमित ऊर्जा भरी हुई है और जिसको हमें बाहर निकालने की आवश्यकता है व प्रत्येक व्यक्ति में कौशल छुपा हुआ होता है जिसको निकालने की जरूरत है जो हमारे जीवन को सफल व रोजगारपरक बनाता है और विकसित भारत के निर्माण में युवा अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह करते हुए कहा कि मां के समान ही पेड़ का पालन व पोषण करें और पर्यावरण को बचाएं। वहीं महिला वस्त्र प्रषिक्षक आशा शुक्ला ने कहा कि वस्त्र से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई, जैसे कि वस्त्रों के प्रकार, उनकी विशेषताएं, निर्माण प्रक्रिया, और देखभाल। इसके अलावा, फैशन और डिजाइन उद्योग में वस्त्रों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन उमेश शाही संकाय सदस्य ने बड़े उत्साह के साथ किया।

कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि आर्सेटी निदेशक को मेरा युवा भारत की ओर से उनको बैज लगाकर व पौध देकर उन्हें सम्मानित किया गया। ?राष्ट्र सेवा की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर अष्विनी कुमार शर्मा, सुरजीत सिंह चौहान, प्रदीप शर्मा, वैष्णवी श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## धरती पर जरुरी है हरियाली: राहुल कुमार




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए धरती पर हरियाली बहुत ही आवश्यक है जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा रोपित कर जीवन उपयोगी बनना चाहिए उक्त बातें विष्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राहुल कुमार ने यूनियन इंटर कॉलेज के प्रांगण में बजरंग दल के द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान में कही। कंक्रीट का जंगल व पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ रहा है जिससे बचने का एकमात्र उपाय वृक्षारोपण और हरे-भरे जंगल हैं। एनसीसी शिक्षक सुधाकर दीक्षित प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद शुक्ला प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत वर्मा बजरंग दल के सागर अवस्थी राजू लोधी प्रतीक अवस्थी धर्मेंद्र रावत विकास शर्मा आदि ने फलदार व छायादार कई दर्जन पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसी प्रकार ग्राम अमोली किरतपुर में विहिप के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद शुक्ला ने दो दर्जन आम के पौधे रोपित किये।

# हरख के गढ़ीराखमऊ में बनेगा अंत्योष्टि स्थल



- ग्राम प्रधान की मांग पर राजस्व टीम ने पुलिस के साथ मिलकर करी पैमाइश, जगह चिन्हित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। विकास खंड हरख की एकलौती ग्राम पंचायत गढ़ीराखमऊ है जिसको मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए चुना गया है। लेकिन ग्राम समाज की जमीन पर गांव के कई लोगों का अवैध कब्जा होने से दिक्कत आ रही थी। अंत्योष्टि स्थल का निर्माण कार्य जल्दी शुरु हो जाए जिसके लिए ग्राम प्रधान चंद्रशेखर वर्मा ने पुलिस चौपाल व जिलाधिकारी से पैमाइश करने की मांग की थी। जिसके चलते बृहस्पतिवार को राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला,हल्का लेखपाल पंकज कुमार मिश्रा, दरोगा हलीम बाबू व दरोगा सुधाकर सिंह पुलिस बल के साथ पैमाईश कराने पहुंचे थे। गाटा संख्या 320 पर अंत्येष्टि स्थल के लिए चारों तरफ की पैमाईश करके जगह निकाली गई है। जबकि ग्राम समाज की सड़क किनारे की काफी ज़मीन पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर घर और दुकान बनवा लिए हैं। ग्राम प्रधान चंद्रशेखर वर्मा ने बताया ग्राम अंत्योष्टि स्थल का निर्माण कर होना है। जिसके लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि साढ़े 17 लाख रुपये मिली है। राजस्व टीम द्वारा गाटा संख्या 320 को अंत्योष्टि स्थल के लिए चिन्हित कर निशान लगा दिया गया है। जिससे अब जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ हरख प्रीति वर्मा ने बताया कि हरख ब्लाक की ग्राम पंचायत गढ़ी राखमऊ को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि से साढ़े 17 लाख रुपये अंत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य के लिए मिले हैं। जिससे निर्माण कार्य कराया जाएगा। ब्लाक की यह एकलौती ग्राम पंचायत है जिसको यह लाभ मिला है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर कल्याणी नदी के निकट आर्टिका एव पल्सर बाइक मे आमने सामने हुई जोरदार टक्कर मे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को छोटा जैन मंदिर बाराबंकी निवासी जितेंद्र सिंह सैनी पुत्र जय प्रकाश सैनी अपनी पल्सर बाइक से रामनगर से बाराबंकी की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रही आर्टिका गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थाना मसौली से उपनिरीक्षक राजकरन सिंह आकाश मौर्या, प्रियाशु यादव, सुरेंद्र यादव, राकेश चौरसिया ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### न्यायालय ने सुनायी चार लोगों को 7 साल की सजा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। एससी-एसटी कोर्ट ने छेड़छाड़ और मारपीट के एक मामले में गुरुवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 8-8 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला थाना बदोसराय का 27 जनवरी 2011 का है। जब एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि आरोपी उसके घर में घुस आए। उन्होंने गलत नियत से उसे पकड़ने की कोशिश की। गाली-गलौज की और मारपीट भी की। इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद रेहान खान पुत्र इरफान खान, मुन्ना पुत्र मोल्हे खान, मौला पुत्र गुलामी और तौहीद पुत्र जुगाड़ी निवासीगण मोहल्ला बरूहा किन्तूर थाना बदोसराय के खिलाफ केस दर्ज किया। जिसमे पुलिस ने धारा 354, 452, 504, 506 और एससी-एसटी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया। जांच अधिकारी ने वैज्ञानिक तरीके से सबूत जुटाए। सभी साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान विद्वान अधिवक्ताओं, बयान व गवाही के आधार पर कोर्ट ने चारों को दोषी पाया। गुरुवार को सभी आरोपियों को सजा सुनाई।

### ईओ को सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के सभासदों ने आगामी 17 जुलाई को प्रस्तावित बोर्ड बैठक को स्थगित किए जाने की मांग की है। इस संबंध में सभासद संघ के पदाधिकारियों और सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 17 जुलाई को पवित्र पर्व मुहर्रम होने के कारण अधिकांश सभासद इस धार्मिक अवसर पर शामिल होंगे, जिससे उनकी उपस्थिति बैठक में संभव नहीं हो पाएगी। ऐसी स्थिति में बोर्ड बैठक का आयोजन उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि बैठक की तिथि परिवर्तित की जाए, जिससे सभी सभासद उसमें सम्मिलित होकर नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में सहभागी बन सकें। सभासदों ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि पारस्परिक समन्वय और सौहार्द बनाए रखने हेतु बोर्ड बैठक की तिथि को पुनः निर्धारित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से सभासद संघ के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, महामंत्री शिवा शर्मा, उपाध्यक्ष आलोक वर्मा, कोषाध्यक्ष मो. फैसल आदि मौजूद रहे।

### डम्फर से भिड़ा ट्रैक्टर, चालक गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर। कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में नशे में चूर ट्रैक्टर चालक ने बाइक में ठोकर मारने के बाद भाग रहा ट्रैक्टर लेकर डंपर के साइड से टकरा गया जिससे ट्रैक्टर पलट गया और ट्रैक्टर सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद भेजा वहां उपस्थित डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया जहां हालत चिंताजनक बनी हुई है। कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र के मल्लपुर मजरे सलेमपुर गांव निवासी अरविंद कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र जय नारायण वर्मा शराब के नशे में खेत की जुताई करके ट्रैक्टर लेकर महमूदाबाद की ओर जा रहा था तभी लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर कस्बे से पहले ओमप्रकाश प्रजापति की बाइक में ठोकर मारने के बाद ट्रैक्टर भगाकर ले जा रहा था तभी गौर भारी गांव के पास नशे की हालत में डंपर में साइड से ट्रैक्टर ने ठोकर मार दिया जिससे ट्रैक्टर पलट गया। युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीतापुर जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर किया युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# 26 को सपा मनायेगी संविधान मनस्तंभ स्थापना दिवस: हाफिज अयाज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

आगामी 26 जुलाई को आरक्षण दिवस को संविधान मनस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में वृहद स्तर पर मनाने की दिशा में गुरुवार को सपा जिला कार्यालय पर एक बैठक जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 26 जुलाई को संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस को जिला समाजवादी पार्टी बहुत ही वृहद रूप मनायेगी इस कार्यक्रम में पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों के जिलाध्यक्ष अपनी पूरी जिला कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक विधानसभा और बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित भी करेंगे इसलिए जिला संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में लगाते हुए कार्यक्रम की सूचना विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर पहुंचने के साथ-साथ गांव-गांव पहुंचने रूपरेखा तैयार कर ले हर बूथ से कम से कम पांच पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हो इसकी तैयारी भी सुनिश्चित कर ली जाए कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ ग्राम वासियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने की जिम्मेदारी भी आप सभी के कंधों पर है इसलिए आप सभी अभी से कार्यक्रम की तैयारी में लग जाए और कार्यक्रम की सूचना पहुचाने का कार्य तत्काल शुरू कर दें जिससे आगामी 26 जुलाई को होने वाले संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस कार्यक्रम को बहुत ही भव्य रूप से संपन्न कराया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष कामता यादव, संजय रिजवान, जिला सचिव ओमचंद यादव, मोहम्मद आफाक, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिगड़े मौसम में विद्युत सप्लाई हुई बाधित

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। पुरवा क्षेत्र में तेज हवा व बारिश के चलते पुरवा विद्युत उपकेंद्र में 33 केवीए लाइन के कसरौर गांव के पास पेड़ गिरने से खराबी आने गुरुवार की दोपहर 12.10 बजे फाल्ट के चलते उपकेंद्र से संचालित फीडरों की सप्लाई बंद हुई। जहां 3.55बजे केवी ए लाइन ठीक हो पाई। लेकिन तेज वारिश व हवा चलने से समाचार लिखे जाने तक सप्लाई शुरु नही हो सकी है। कस्बा, मंगतखेड़ा, चमियानी, बाजीखेड़ा आदि फीडरों की सप्लाई बाधित हो गई। आपूर्ति ना आने से क्षेत्रीय लोगो को पेयजल सहित अन्य समस्याओं से गुजरना पड़ा। साथ ही सरकारी कार्यालयों में सीएचसी, कोतवाली, ब्लाक व सीओ कार्यालय समेत कार्यालयों में अधेरा पसरा था। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार की दोपहर लगभग 12.10 बजे के कसरौर के पास पेड गिरने से केवीए लाइन के फाल्ट को सही किया। लेकिन कस्बा व ग्रामीण अचलों के फीडरों में मंगतखेड़ा, चमियानी, बाजीखेड़ा, बेहटा के गांवों की आपूर्ति ठप्प रही है।एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि बारिश व तेज हवा के चलते 33 केवीए केबल लाइन में पेड गिरने खराबी आने की वजह से दोपहर 12.10 से 3.55 बजे लाइन सही हो गयी। तेज बारिश व हवा होने की वजह से फीडरों पर आपूर्ति कराने के लिए प्रयास किये गये लेकिन फीडर ट्रिप कर रहे था।

# बाइक सवार ने महिलाओं को मारी टक्कर, पांच घायल



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। अजगैन मोहान रोड पर धाराखेड़ा गांव के पास बाइक ने दो महिलाओं को टक्कर मार दी। जिससे महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने बाइक सवारों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने तीनों घायलों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अजगैन कोतवाली के गांव धाराखेड़ा मजरा मकूर निवासी राजरानी (50) पत्नी महेंद्र रावत तथा आरती (40) पत्नी सरवन रावत गुरुवार दोपहर खेत से फसल लगाकर लौट रही थी। इस दौरान अजगैन मोहान रोड पर धाराखेड़ा गांव के पास एक बाइक सवार ने महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे में महिलाओं समेत बाइक सवार अजगैन के छतई खेड़ा गांव निवासी अरुण (20) पुत्र सुनील व किरन (22) पत्नी धर्मवीर, दीवान (25) पुत्र संतु जंगपुर थाना अजगैन पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। महिलाओं के परिजन इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल लेकर चले गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने अन्य घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला समेत दोनों युवकों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# साले को छोड़ने गये बहनोई की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। अजगैन मोहान मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर मौत हो गई। वही बाइक चालक मामूली चोटहिल हो गया। जख्मी हो गया। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र लालपुर गांव के रहने वाले राजाराम का पचास वर्षीय बेटा रामकुमार बुधवार देर रात गांव के ही दीपक पुत्र दिलीप के साथ बाइक से अपने साले अशोक को अजगैन थाना क्षेत्र के मकूर गांव से छोड़ने गया था। वापसी में लखनापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे किसान रामकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक चालक दीपक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा।मृतक की दो बेटी आरती, लक्ष्मी व पत्नी शांति का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेगा कैंप में विद्युत समस्याएं सुनी गईं

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पुरवा बिजली विभाग द्वारा वाणिज्यिक मेगा कैम्प गुरुवार को उप खण्ड कार्यालय लगाया गया जहां 20 बिल संसोधन की शिकायते हुई तथा दो लोड बढाने के मामले आए। त्रिपुरारपुर निवासी राकेश का कहना कि जुलाई माह में मीटर रीडर द्वारा 10 हजार रु बिल आने की शिकायत हुई तो जिस पर मीटर की जांच करने पर बिल संसोधित करते हुए 1947 रुपया हुआ कैलांव की रानी ने कहा कि जुलाई माह का बिल 1533 बिल आने की शिकायत जिस पर जांच करने 351 रुपया जमा हुआ कांथा अफशाना ने कहा जुलाई माह में मीटर रीडर ने 5671 रुपये का बिल आने की शिकायत की जिस पर जांच करने पर 197 रुपये बिल सही हुए एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि 18,19 जुलाई को ये अभियान चलेगा जिन उपभोक्ताओं के बिल गड़बड़ हो वे कैम्प में आकर संसोधित करा ले।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम

## बिल्हा नगर पंचायत देश में प्रथम, बिलासपुर दूसरे स्थान पर रहा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर अपनी स्वच्छता उपलब्धियों से देशभर में गौरव हासिल किया। राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आज आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य के सात नगरीय निकायों को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह स्थानीय निकायों, नगर प्रशासन और नागरिकों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। आने वाले वर्षों में और भी अधिक निकाय इस सूची में शामिल होंगे।वहीं, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कारों प्राप्त करने के लिये सातों नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा स्थानीय निकायों द्वारा लगातार किए जा रहे इसी संगठित प्रयासों का यह परिणाम है। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसिडेंट्स अवार्ड प्रदान किया गया है। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम को तीन लाख से दस लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार दिया गया। वहीं, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में तृतीय तथा बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवार्ड केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया।

### जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 में बने हुए हैं

इस वर्ष सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नामक एक विशेष श्रेणी की शुरुआत की गई है। इस लीग में वे शहर शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 में बने हुए हैं। इस नवीन श्रेणी में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों- अंबिकापुर नगर निगम (50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी), पाटन नगर पंचायत तथा बिश्रामपुर नगर पंचायत (20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी) को सुपर स्वच्छ लीग सम्मान प्रदान किया गया है।

### ये उपस्थित रहे

कार्यक्रम में नगर निगम अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत, नगर निगम बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, नगर निगम रायपुर महापौर नीलम चौबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजु एस, संचालक रिमिजियुस एक्का, सूडा के मिशन डायरेक्टर शशांक पांडे, सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न शहरों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 8 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

## सीबीआई से बचने के लिए बदला था नाम

- 2002 से 2005 की अवधि के दौरान एक आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में लंबे समय से फरार घोषित अपराधी महिला मणि एम. शेखर का सफलतापूर्वक पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला सीबीआई बीएसएफबी बेंगलुरु में 01.08.2006 को रामानुजम मुथुरामलिंगम शेखर उर्फ आरएम शेखर, एमडी, मेसर्स इंडो मार्क्स प्राइवेट लिमिटेड और मणि एम. शेखर, निदेशक, मेसर्स इंडो मार्क्स एंड बीटीसी होम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सहित आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया था। इन सभी पर 2002 से 2005 की अवधि के दौरान एक आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप था। मेसर्स इंडो मार्क्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियों के नाम पर गैर-निधि-आधारित सीमाओं के दुरुपयोग के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक, ओवरसीज शाखा, बेंगलुरु को 8 करोड़ रुपये की बेईमानी और धोखाधड़ी से धोखा देने का आरोप है। जांच पूरी होने के बाद, मामले में आरोप पत्र 10.12.2007 को दायर किया गया था। दोनों आरोपी, रामानुजम मुथुरामलिंगम शेखर उर्फ आरएम शेखर (पति) और मणि एम. शेखर (पत्नी) मुकदमे में शामिल होने या सम्मन/वारंट का जवाब देने में विफल रहे। इसके बाद, उन्हें 27.02.2009 के अदालती आदेश के तहत उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। वर्षों से उनका पता लगाने के निरंतर प्रयासों के बावजूद, ये फरार आरोपी अब तक लापता थे, जिससे सीबीआई को सूचना देने वालों का सुराग देने के लिए प्रत्येक पर 50,000/- रुपये का इनाम घोषित करना पड़ा।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर उपराज्यपाल पर बरसे ओवैसी, कहा, जिम्मेदारी ली है तो इस्तीफा दें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। संभाजीनगर**



एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस्तीफे की मांग की है। ओवैसी ने कहा कि जब उपराज्यपाल ने खुद पहलगाम हमले में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी ली है, तो उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। ओवैसी ने यह बयान महाराष्ट्र के नांदेड़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। ओवैसी ने कहा कि पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हमले में मारे गए लोगों से पहले उनका धर्म पूछा गया और फिर इसलिए मारा गया क्योंकि वे हिंदू थे। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर उपराज्यपाल को इतनी पीड़ा है तो वे अपने पद से त्यागपत्र दें। ओवैसी ने यह भी कहा कि यह हमला खुफिया तंत्र की बड़ी विफलता का संकेत है।

### संसद सत्र में केंद्र सरकार से जवाब मांगेंगे: ओवैसी

एआईएमआईएम नेता ने यह भी ऐलान किया कि वे आगामी मानसून सत्र में संसद के भीतर केंद्र सरकार से इस हमले पर जवाब मांगेंगे। उन्होंने कहा कि वे पूछेंगे कि जब कश्मीर घाटी में इतनी सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जाता है, तो फिर आतंकवादी इतने भीतर तक कैसे घुस आए। हमला कैसे हुआ, हमलावर कहां से आए, और वहां पुलिस क्यों नहीं थी? इन सभी सवालों के जवाब सरकार को देने होंगे।

### ओवैसी ने उठाया सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

ओवैसी ने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर उस दिन पहलगाम में सुरक्षा की क्या स्थिति थी। उन्होंने कहा कि इस हमले ने साबित कर दिया कि खुफिया जानकारी पूरी तरह से नाकाम रही और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की भारी कमी थी। यह सिर्फ एक हमला नहीं, बल्कि सुरक्षा के दावों की पोल खोलने वाला गंभीर मामला है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया भारत का पक्ष: ओवैसी

ओवैसी ने बताया कि वह एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया गए थे। वहां उन्होंने भारत का पक्ष मजबूती से रखा और बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किस तरह खड़ा है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में भी बताया, जो सरकार द्वारा पहलगाम हमले के बाद चलाया गया था।

### हमले पर सरकार की चुप्पी सवालों के घेरे में

ओवैसी ने कहा कि अगर सरकार इस हमले की जिम्मेदारी से बचती है, तो यह शहीदों और उनके परिवारों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जवाब नहीं दिया, तो विपक्ष संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा। ओवैसी ने बयान के आखिरी में फिर दोहराया कि मनोज सिन्हा को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

# महाराष्ट्र विधान भवन में एनसीपी (शरद) गुट और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प, जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति उस समय गरमा गई जब गुरुवार को विधान भवन में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और अन्य नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं। मामले में भाजपा विधायक पडलकर ने माफी भी मांगी है। यह झगड़ा विधान भवन की ग्राउंड फ्लोर लॉबी में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों गुटों के बीच कहासुनी तेजी से झगड़े में बदल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को और बिगड़ने से पहले दोनों गुटों को अलग कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

### क्या बोले पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड?

घटना के बाद मीडिया से बातचीत में जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि अगर विधायक ही विधान भवन में सुरक्षित नहीं हैं, तो जनता का क्या होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वह सिर्फ ताजी हवा लेने बाहर निकले थे, तभी यह झगड़ा हुआ। आव्हाड ने आरोप लगाया कि यह हमला उन्हें निशाना बनाकर किया गया था। वहीं, पडलकर ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है और उन्होंने किसी को नहीं पहचाना। जितेंद्र आव्हाड ने आगे कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि हमलावर कौन थे? हमसे बार-बार सबूत मांगे जा रहे हैं, जबकि पूरा देश देख चुका है कि हमला किसने किया। गुंडों को विधानसभा में घुसने दिया जा रहा है और विधायकों की सुरक्षा खतरे में है। मुझे गालियां दी गईं, जान से मारने की धमकी दी गई। मेरे लिए कई अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। क्या विधानसभा में यही होना अपेक्षित था? मैं अभी भाषण देकर बाहर आया हूं और ये लोग मुझसे भिड़ने आ गए। अगर विधानसभा में विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो हम विधायक क्यों रहें?

### पडलकर ने मांगी माफी

घटना के बाद गोपीचंद पडलकर ने अपने समर्थकों के व्यवहार के लिए माफी मांगी। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है और कहा है कि इस पर जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। सभी दलों के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि विधानसभा परिसर की गरिमा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### दोनों नेताओं के बीच हुई थी तीखी नोकझोंक

यह घटना बुधवार को दोनों नेताओं के बीच हुए एक बहस के अगले दिन हुई। उस दिन आव्हाड ने आरोप लगाया था कि पडलकर ने जानबूझकर कार का दरवाजा तेजी से बंद किया जिससे उन्हें चोट लगी। इस झगड़े को दोनों नेताओं की पुरानी राजनीतिक खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है। पडलकर पहले भी शरद पवार और सुप्रिया सुले पर टिप्पणी कर चुके हैं जिससे विवाद हुआ था।

### घटना पर बोले फडणवीस और उद्धव

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ऐसी घटनाएं विधानसभा की गरिमा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति के अधिकार क्षेत्र में आता है और इस पर जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, उद्धव ठाकरे ने पूछा कि जब गुंडे विधानसभा में घुस रहे हैं तो राज्य के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी क्या है?

# महापौर सुनीता दयाल ने 8 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सड़क, सीवर लाइन, नाला निर्माण और महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जैसी योजनाएं शामिल हैं। वार्ड 15, विजय नगर, प्रताप विहार में पिंक बूथ के समीप पिंक शौचालय का लोकार्पण किया। इस शौचालय में महिलाओं के लिए 5 रुपये में सेनेटरी पैड, फीडिंग रूम और स्नानघर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। देखरेख के लिए महिला कर्मचारी तैनात रहेंगी। वार्ड 12 में कस्सावन मोहल्ला और डासना गेट से मालीवाड़ा चौक तक 4 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से सीवर लाइन और सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया। महापौर ने बताया कि पुरानी सीवर लाइन के कारण मोहल्ले में जलभराव की समस्या थी, जिसे इस परियोजना से दूर किया जाएगा।

वार्ड 22 और 39 में भाटिया मोड़ से गुलमोहर गार्डन तक 1 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाला निर्माण का शिलान्यास हुआ। यह नाला पहले कच्चा था, जिसके कारण बारिश में जलभराव होता था। नए नाले से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा।

वार्ड 36 में प्रहलाद गढ़ी गांव के मुख्य मार्ग पर 1 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण शुरू किया गया। महापौर ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से इस सड़क की मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।

# बिहार में 5.76 लाख से ज़्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक अहम आंकड़ा सामने आया है। पुनरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग (ईसी) ने अब तक पाया है कि बिहार में 5.76 लाख से ज्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत हैं और 12.55 लाख से अधिक मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। चुनाव आयोग ने कहा, राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के साथ आधिकारिक आंकड़े यह भी बताते हैं कि लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण के दौरान 35.69 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए हैं।

# 24 घंटे में दूसरी बार मिले उद्धव-फडणवीस, महाराष्ट्र की सियासत में मची हलचल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे**



महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर करवट लेती दिख रही है। बुधवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अप्रत्यक्ष रूप से सत्ताधारी पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद दोनों नेता एक-दूसरे से मिलते नजर आए थे। वहीं, ठीक एक दिन बाद गुरुवार को दोनों नेताओं की मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। यह बैठक करीब 20 मिनट तक चली। इस बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। इन दो मुलाकातों ने राजनीतिक गलियारों में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। इस मुलाकात पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज हमने मुख्यमंत्री को एक संकलन दिया है, जिसमें लिखा है कि पहली कक्षा से तीन-भाषा नीति क्यों नहीं होनी चाहिए। बता दें कि बुधवार को विधानसभा में फडणवीस ने साफ कहा था कि भारतीय जनता पार्टी 2029 तक विपक्ष में जाने वाली नहीं है। उन्होंने उद्धव ठाकरे को इशारों में संदेश दिया था कि वह चाहें तो किसी अलग रास्ते से सत्तापक्ष में आ सकते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब उद्धव ठाकरे लगातार गठबंधन सरकार की तीन-भाषा नीति को लेकर आलोचना कर रहे हैं।

### पुराने गठबंधन का नया संकेत?

शिवसेना और भाजपा ने 25 साल तक साथ मिलकर महाराष्ट्र में राजनीति की। लेकिन 2014 में सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों में दरार आ गई। 2019 में उद्धव ठाकरे ने भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। लेकिन 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद सरकार गिर गई और फडणवीस ने शिंदे के साथ मिलकर सत्ता संभाली।

### उद्धव-राज ने एक मंच साझा कर बदली सियासी फिजा

हाल के दिनों में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के बीच भी नजदीकियां बढ़ी हैं। 5 जुलाई को दोनों ने पहली बार दो दशक बाद एक मंच साझा किया। यह मौका था महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा बनाने वाले दो आदेशों को वापस लेने के जश्न का। इससे पहले अप्रैल में राज ठाकरे ने कहा था कि दोनों भाइयों के बीच पुरानी बातें तुच्छ थीं और मराठी मानूस के लिए एक होना जरूरी है।

### क्या फिर साथ आएंगे ठाकरे और भाजपा ?

फडणवीस और उद्धव की मुलाकातों को लेकर अब यह अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या दोनों पुराने साथी एक बार फिर साथ आ सकते हैं। खास बात यह है कि फडणवीस का बयान और फिर उनकी मुलाकात ऐसे समय हुई है जब उद्धव ठाकरे फडणवीस सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं और एमएनएस के साथ तालमेल की चर्चा चल रही है। राज और उद्धव के बीच बढ़ती नजदीकियों ने भाजपा को सोचने पर मजबूर किया है। अगर मराठी वोट बैंक को लेकर ठाकरे बंधु एक हो जाते हैं तो भाजपा को 2029 की राजनीति में नुकसान हो सकता है। इसलिए फडणवीस की कोशिश यही मानी जा रही है कि किसी भी हालत में उद्धव को अपने पाले में वापस लाया जाए।

# साहिबाबाद मंडी में फिर चला पीला पंजा

## सफाई अभियान शुरू



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

साहिबाबाद सब्जी मंडी समिति सचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में सब्जी मंडी के एक बार फिर अवैध अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया गया। स्थानीय व्यापारियों और किसानों के सहयोग से यह अभियान सफ़ल रहा और सभी ने अवैध अतिक्रमण और स्वच्छता को लेकर मंडी समिति के निर्देशों के अनुपालन की बात कही। जाता हो कि कुछ माह पूर्व एक शिकायत के कारण मंडी समिति प्रशासन द्वारा पूरे मंडी परिसर को अवैध अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया था। जिसके जद में बड़े व्यापारी और अवैध कब्जेदार आए थे। जिसके बाद पूरा महकमा सुर्खियों में आ गया था । भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों का अभियान लगातार जारी रहा जिसके बाद मंडी समिति के बड़े भू भाग को अवैध कब्जे से मुक्त कराया था। जिसके क्रम में गुरुवार को भी सफाई और अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया गया।

# पीलीभीत में बाघ का आतंक: सवालों के घेरे में वन विभाग और जनप्रतिनिधि

## क्या टाइगर अटैक सिर्फ एक विधायक की चिंता है? बाकी जनप्रतिनिधियों की चुप्पी क्यों?



मुकेश कुमार

पीलीभीत जिले की धरती इन दिनों दहशत के साए में है। गन्ने के खेतों में छिपकर हमला करते बाघ अब यहां के आमजन का सबसे बड़ा डर बन चुके हैं। बीते 65 दिनों में सात ग्रामीणों की मौत और कई गंभीर हमले यह साबित करते हैं कि यह कोई सामान्य परिस्थिति नहीं है, बल्कि एक पूर्ण आपदा की स्थिति है। सबसे दुखद यह है कि इस संकट में जब पूरे जिले को एकजुट होकर काम करना चाहिए था, तब कुछ जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और उदासीनता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद एकमात्र ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच जाकर उनका संबल बढ़ाया, जिम्मेदार अफसरों से संवाद किया, लखनऊ जाकर वन मंत्री और प्रमुख सचिव से मिलकर ठोस कार्यवाही की मांग रखी। उनकी पहल पर राज्य आपदा कोष से मृतकों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी स्वीकृत हुई। घायलों को बेहतर इलाज दिलाने के लिए वे खुद जिला अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों से वार्ता की और सभी जरूरी संसाधन जुटवाए। लेकिन क्या यह दायित्व सिर्फ एक विधायक का है? जिले के अन्य विधायक, सांसद और मंत्री अब तक कहां हैं? क्या वे सिर्फ अपने क्षेत्र की सीमाओं तक ही जनता के प्रतिनिधि हैं? संकट जब जिलेव्यापी हो, तब चुप्पी अपराध बन जाती है। मंडरिया, सैजनिया, खिरकिया, फुलहर, शांतिनगर, मेवटपुर—इन सभी गांवों में बाघ का आतंक इस हद तक फैल चुका है कि किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, और बाजारों में भी सन्नाटा है। 17 जुलाई को मडरिया गांव की कृष्णा देवी बाघ के हमले में मौत का शिकार हो गईं। उसी दिन किशोर नीलेश और महिला मीना देवी पर भी बाघ ने हमला किया, जो अब अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने विरोध में शव का अंतिम संस्कार तक रोक दिया। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद ही वे मान सके।



### वन विभाग की असफलता

वन विभाग की तरफ से हर बार वही रटी-रटाई प्रक्रिया होती है—ड्रोन से निगरानी, ट्रैप कैमरे, ट्रेंकुलाइज टीम—but no result. आखिरकार हर बार बाघ बच निकलता है और कोई न कोई निर्दोष ग्रामीण उसका शिकार बन जाता है। डीएफओ भरत कुमार का कहना है कि लोकेशन मिलते ही बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया जाएगा, लेकिन ग्रामीण पूछते हैं लोकेशन का इंतजार इंसानी जान से बढ़कर कब से हो गया? गांववालों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ रहा है। बाघ की जान बचाने की हर कोशिश हो रही है, लेकिन इंसानों की जान की कोई कीमत नहीं रही यह बयान अब सच्चाई जैसा प्रतीत हो रहा है। एक महिला की चिता की राख भी ठंडी नहीं हुई थी कि उसी गांव में एक किशोर और महिला पर फिर हमला हो गया। यह कोई संयोग नहीं, यह वन विभाग की निष्क्रियता और ढुलमुल रवैये का नतीजा है। बाघ की घुसपैठ वाले इलाकों में स्थायी बैरियर और वॉच टावर बनाए जाएं। ग्रामीणों को सुरक्षा अलार्म उपकरण दिए जाएं। वन विभाग की गश्त और निगरानी स्थायी तौर पर बढ़ाई जाए। स्कूल और बाजारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना संचालन न हो।

### वन विभाग की जवाबदेही तय की जाए हर हमले की स्वतंत्र जांच हो

बरखेड़ा विधायक की भूमिका ने यह तो दिखा दिया है कि यदि जनप्रतिनिधि ईमानदार इच्छाशक्ति से प्रयास करें तो राहत और भरोसा संभव है। लेकिन अकेले एक विधायक का प्रयास तब तक अधूरा रहेगा जब तक पूरा प्रशासन, पूरा जनप्रतिनिधि मंडल और शासन इस पर आपात स्थिति की तरह एकजुट होकर काम न करे। बाघ संरक्षण ज़रूरी है, लेकिन मानव जीवन की रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रशासन को अब फैसला करना होगा क्या वह बाघ के डर से जूझती जनता की सुनवाई करेगा या अगली मौत का इंतज़ार?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)